आर.एन.आई. नं. 013178/68, पी.ओ.
रजि.नं. मालवा डिवी./04/2024-26

“ आज
* बुंदेली दिवस ”

# दैनिक अवन्तिका

सब पे नज़र, सबकी ख़बर

संस्थापक : स्व. श्री गोवर्धनलालजी मेहता | वर्ष 59 अंक 229 | उज्जैन, मंगलवार 01 सितम्बर, 2026 | भाद्रपद कृष्ण 4-5 संवत् 2083 | पृष्ठ-12 मूल्य-5.00 | www.awantika.com

सोमवार को भगवान श्री महाकालेश्वर की भादौ मास की पहली सवारी निकाली

## भगवान श्री महाकाल की पांचवी सवारी में पूजन के लिए सीएम घाट पर नाव से आए

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन





सोमवार को भगवान श्री महाकालेश्वर की भादौ मास की पहली एवं श्रावण-भादौ मास में निकलने वाली सवारी के क्रम में 5वी सवारी निकाली गई। मंदिर के सभा मंडप में पूजन के बाद अपराह्न में भगवान नगर भ्रमण पर निकले। इस दौरान भगवान के 5 स्वरूपों के श्रद्धालुओं ने दर्शन किए। रामघाट पर पालकी में विराजित भगवान के श्री चंद्रमौलेश्वर पूजन के लिए दत्त अखाडा घाट से नाव में सवार होकर प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव पहुंचे और पूजन अर्चन कर शिप्रा जल से भगवान का अभिषेक किया गया।

अपरान्ह में मंदिर के सभागृह में भगवान के श्री चंद्रमौलेश्वर एवं मन महेश स्वरूप का षोडश पूजन किया गया। पुजारी आशीष शर्मा ने प्रभारी मंत्री गौतम टेटवाल एवं अन्य उपस्थित अतिथियों से भगवान का पूजन अर्चन करवाया । भगवान के श्री चंदमौलेश्वर स्वरूप को अतिथियों ने पालकी में विराजित किया गया। इसके उपरांत पालकी को कहारों के साथ कांधा देकर अतिथियों ने नगर भ्रमण के लिए रवाना किया गया। मंदिर के मुख्य द्वार पर पालकी के आते ही इंतजार कर रहे पुलिस बैंड ने धून बजाना शुरू किया और इसके साथ ही सशस्त्र गार्ड ने भगवान को सलामी दी। नगर भ्रमण पर पालकी के आगे आगे सशस्त्र गार्ड की टुकड़ी और बैंड चल रहे थे। इस दौरान श्रद्धालुओं को पालकी में श्री चन्द्रमौलेश्वर, हाथी पर श्री मनमहेश, गरूड़ रथ पर शिवतांडव, नन्दी रथ पर उमा-महेश और डोल रथ पर होल्कर स्टेट के मुखारविंद के दर्शन हुए। पालकी के सामने आते ही मार्ग के दोनों और बेरिकेडस के बाहर खड़े श्रद्धालु दोनों हाथ उठाकर जय महाकाल का उद्घोष करते देखे गए। भाद्र पद की पहली सवारी के प्रमुख आकर्षण में पालकी एवं सवारी पर हेलीकॉप्टर से पुष्प वर्षा की गई।

- इसके साथ ही सवारी में 8 जनजातीय दलों के 500 से अधिक कलाकारों ने अपनी भव्य प्रस्तुति दी। सवारी में आधुनिकता और आधुनिकता का संगम रोबोट द्वारा भीड़ प्रबंधन किया गया । इसके साथ ही रोबोट ने घाट एवं अन्य दो तीन स्थानों पर नृत्य भी किया। कलेक्टर एवं मंदिर प्रबंध समिति के अध्यक्ष रोशन कुमार सिंह के अनुसार आज बाबा महाकाल की पांचवी सवारी है और इस सवारी के दृष्टिगत हमने एक नई तकनीक का एक मॉडर्न रोबोट का डेमोंस्ट्रेशन किया है ।
- इस रोबोट के माध्यम से हम क्राउड के पैटर्न को क्राउड के बिहेवियर को एनालाइज करेंगे। किस तरह से डेटा के माध्यम से और बेहतर क्राउड मैनेजमेंट किया जा सकता है इसका आज डेमोंस्ट्रेशन है। इसके साथ ही सवारी में 84 महादेव की झांकियां एवं चलचित्र प्रस्तुति दी गई। घाट पर 1,100 बटुकों द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार से उद्घोष किया गया। राणो जी की छत्री से रामघाट पर श्री महाकालेश्वर बैंड ने विशेष प्रस्तुति दी। रामघाट से मुख्यमंत्री सवारी में शामिल हुए और आमजन का अभिवादन करते हुए उन्होंने भगवान का गुणगान किया।

### सीएम पूजन करने नाव से पहुंचे

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव एवं अन्य अतिथि पालकी के शिप्रा तट पहुंचने से पूर्व दत्त अखाडा घाट से नाव में बैठकर रामघाट पर पहुंचे थे। यहां पर पालकी का पूजन किया गया और भगवान का जलाभिषेक किया गया। इसके बाद एक बार पुनः भगवान के नगर भ्रमण का सिलसिला शुरू हो गया। परंपरागत मार्ग से होते हुए पालकी में सवारी श्री चंद्रमौलेश्वर एवं उनके पीछे अन्य चार स्वरूप हाथी पर श्री मनमहेश, गरूड़ रथ पर शिवतांडव, नन्दी रथ पर उमा-महेश और डोल रथ पर होल्कर स्टेट के मुखारविंद के दर्शन श्रद्धालुओं ने किए। भगवान की सवारी के श्री सिंधिया देव स्थान ट्रस्ट के द्वारकाधीश श्री गोपाल मंदिर पहुंचने पर यहां स्टेट की और से परंपरागत पूजन अर्चन किया गया।

## देश विदेश

### सुप्रीम कोर्ट का सीजेपी प्रदर्शन पर रोक लगाने से इनकार

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने जंतर-मंतर पर प्रदर्शन करने वाले छात्रों से जुड़ी एफआईआर रद्द करवाने के लिए याचिका लगाई है। यह जानकारी सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने दी। उन्होंने बताया कि एफआईआर रद्द कराने के लिए हम अनुच्छेद 142 का सहारा ले रहे हैं। सुप्रीम कोर्ट इस मामले पर मंगलवार को सुनवाई के लिए तैयरा हो गया है। वह सुप्रीम कोर्ट में कॉकरोच जनता पार्टी के मार्च पर रोक लगाने वाली याचिका की सुनवाई के दौरान पेश हुए थे। सुप्रीम कोर्ट ने 5 सितंबर को दिल्ली में होने वाले इस मार्च पर रोक लगाने से इनकार कर दिया। कोर्ट ने कहा कि इस मार्च से कोई अप्रिय घटना होगी, ऐसा मानने की कोई ठोस वजह नहीं है।

### होर्मुज में समुद्री माइंस से टकराया सुपर टैंकर

**तेहरान।** होर्मुज स्ट्रेट में एक सुपर टैंकर दो समुद्री माइंस से टकरा गया। ईरान के रिवोल्यूशनरी गाड्र्स कॉर्प्स के मुताबिक, टकराने के बाद टैंकर में भीषण आग लग गई और वह रुक गया। ईरान ने जहाज का नाम और चालक दल की संख्या नहीं बताई है। आईआरजीएस ने कहा कि टैंकर बिना अनुमति वाले समुद्री रास्ते से गुजर रहा था। ईरान ने होर्मुज स्ट्रेट में अपने तय सुरक्षा नियमों का पालन नहीं करने वाले दूसरे जहाजों को भी कार्रवाई की चेतावनी दी है। इस बीच अमेरिका ने करीब एक महीने बाद ईरान पर फिर सैन्य कार्रवाई की है। अमेरिकी सेना ने रविवार को होर्मुज स्ट्रेट के पास ईरान के लारक द्वीप पर दो रॉकेट लॉन्चर्स को निशाना बनाया।

### तुर्किये जा रही फेरी बोट समुद्र में पलटी, 7 की मौत, 24 लापता

**अंकारा/निकोसिया।** मेडिटेरियन सी में तुर्किये जा रही फेरी बोट रविवार को समुद्र में पलट गई। यह फेरी यूरोपीय देश साइप्रस के उत्तरी तट से 270 से ज्यादा यात्रियों के साथ रवाना हुई थी। तुर्किये की मीडिया के मुताबिक, हादसे में कम से कम 7 लोगों की मौत हो गई। उत्तरी साइप्रस के प्रधानमंत्री उनाल उस्तेल ने बताया कि अब तक 237 लोगों को बचा लिया गया है। कई यात्रियों ने पलटी बोट के ऊपर चढ़कर अपनी जान बचाने की कोशिश की थी। वहीं, 24 अन्य लोगों की तलाश के लिए रेस्क्यू ऑपरेशन जारी है। उन्होंने बताया कि खराब मौसम के बीच फेरी रवाना हुई थी और निकलने के करीब 15 मिनट बाद उसमें पानी भरने लगा। इसके बाद यह हादसा हुआ। रिपोर्ट के मुताबिक, राहत और बचाव दल मौके पर लगातार जुटे हुए हैं।

### 2 करोड़ में बनी हनुमान अंश ने कमाए 42 करोड़



**टॉक्सिक हटाकर इसे स्क्रीन दी गई जय संतोषी मां के साथ यही हुआ**

**मुंबई।** इन दिनों तीन बड़ी फिल्में आवारापन 2, टॉक्सिक और बंटवारा 1947 सिनेमाघरों में हैं। तीनों ही फिल्मों में बड़ी स्टारकास्ट है, किसी में सनी देओल, किसी में केजीएफ स्टार यश और एक में इमरान हाशमी। बॉक्स ऑफिस क्लेश में आवारापन 2 और टॉक्सिक आगे निकल गईं और बंटवारा 1947 पीछे रह गई। इसी बीच एक लड़की का सिनेमाघरों में खड़े रोते हुए वीडियो वायरल हो गया। हर किसी ने माना की लड़की इन तीनों में से कोई एक फिल्म की टिकट न मिलने से भावुक हो गई। लेकिन पूछे जाने पर उसने कहा- मैं फिल्म हनुमान अंश देखने आई थी, लेकिन टिकट नहीं मिले। हैरानी की बात है कि जहां टॉक्सिक जैसी 500-1000 करोड़ में बनी फिल्मों के सिनेमाघर खाली पड़े हैं, वहां महज 2 करोड़ में बनी हनुमान अंश हाउसफुल कैसे हुई। इस फिल्म के हीरो का न तो इससे पहले किसी ने नाम सुना और न ही डायरेक्टर का। फिल्म का न तो भव्य प्रमोशन किया गया और न ही इसके फर्स्ट लुक, टीजर और ट्रेलर की कोई खबर थी। इन्हें फिल्म के ही सोशल मीडिया हैंडल से पोस्ट किया गया। नीम करोली बाबा पर बनी ये फिल्म शुरूआती 2 हफ्तों तक कोई कमाई नहीं कर सकी, लेकिन चौथे हफ्ते कुछ ऐसा हुआ कि टॉक्सिक जैसी बड़ी फिल्म से क्लैश के बावजूद इसने 800 प्रतिशत मुनाफा कमाते हुए 42 करोड़ का कलेक्शन कर लिया।

### नैनो न्यूज

- **नई दिल्ली** : अंबानी ने लुटियंस जोन में 350 करोड़ का बंगला खरीदा, कर्मचारियों के लिए गेस्ट हाउस बनेगा, जॉइंट वेंचर किंग बीके मोदी ने प्रॉपर्टी बेची।
- **नई दिल्ली** : चांदी 8,437 गिरकर 2.35 लाख पर आई, 7 महीने में 1.51 लाख नीचे आई, सोने में 4,453 गिरावट, 10 ग्राम की कीमत 1.55 लाख रुपये।
- **मुंबई** : सोनम वांगचुक ने आमिर को कहा गजनी, 3 इडियट्स से पहले न मिलने के दावे पर कहा- गजनी की भूमिका में इतने डूबे कि मुलाकात भूल गए।
- **उत्तरप्रदेश** : हापुड जिलें में दर्दनाक हादसा, तेज रफ्तार थार पलटी, हादसे में 4 युवकों की मौत, 17 वर्षीय युवक घायल।
- **नई दिल्ली** : ईरान के राष्ट्रपति पजशकियान से मिले पीएम मोदी, जंग के बाद पहली मुलाकात, एससीओ समिट के लिए किर्गिस्तान पहुंचे दोनों नेता।
- **नई दिल्ली** : दिल्ली दंगों के 12 आरोपी बरी हुए, कोर्ट ने कहा- केवल भीड़ में शामिल होना दोष साबित नहीं करता।

सहारनपुर में पंजाब नेशनल बैंक की करेंसी चेस्ट में करीब

## 7.40 करोड़ के नकली नोट मिले, 3 अफसर सस्पेंड

एजेंसी ▸▸ सहारनपुर





**सीसीटीवी फुटेज में नोट निकालता दिखा हाउसकीपर**

इसके बाद बैंक ने मुख्य प्रबंधक अरुण कुमार चौबे को जांच के लिए सहारनपुर भेजा। उन्होंने बैंक अधिकारियों के साथ करेंसी चेस्ट में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली। इसमें पार्ट टाइम हाउसकीपर विशाल कुमार नोटों की गड्डियों से रुपए निकालता हुआ दिखाई दिया। सीसीटीवी फुटेज सामने आने के बाद बैंक ने विशाल कुमार को काम से हटा दिया। साथ ही रकम गायब करने के आरोप में उसके खिलाफ चोरी का मुकदमा दर्ज कराया गया।

सहारनपुर में पंजाब नेशनल बैंक की करेंसी चेस्ट में करीब 7.40 करोड़ रुपए के नकली नोट मिले हैं। बैंक ऑडिट के दौरान यह मामला सामने आया। इसके बाद सोमवार दोपहर करीब 3 बजे तीन बैंक अधिकारियों को सस्पेंड कर दिया गया।

जांच में सामने आया कि सीसीटीवी में एक पार्ट टाइम हाउसकीपर नोटों की गड्डियों से रुपए निकालता दिख रहा है। मामले में चार लोगों के खिलाफ सदर बाजार थाने में एफआईआर दर्ज की गई है। पीएनबी मेरठ के मुख्य प्रबंधक और जांच अधिकारी अरुण कुमार चौबे की शिकायत पर यह केस दर्ज हुआ है।

एफआईआर में वरिष्ठ मंडल प्रबंधक रवि कुमार कांसे, करेंसी चेस्ट मैनेजर सुशील कुमार, यमुनानगर-जगाधरी में तैनात करेंसी चेस्ट मैनेजर अमित कुमार और हाउसकीपर विशाल कुमार के नाम शामिल हैं। बैंक ने तीन अधिकारियों को निलंबित कर दिया है। वहीं, बैंक अपने स्तर पर भी मामले की जांच कर रहा है।

### जयपुर भेजी रकम में 4.30 लाख रुपए कम मिले थे

सहारनपुर में पीएनबी की करेंसी चेस्ट से जयपुर भेजी गई रकम में कमी मिलने के बाद मामले का खुलासा हुआ। कुछ दिन पहले घंटाघर स्थित पीएनबी शाखा में पार्ट टाइम हाउसकीपर विशाल कुमार को करेंसी चेस्ट में करीब 11.50 करोड़ रुपए की नोटों की गड्डियां व्यवस्थित करने का काम दिया गया था। इनमें गले, कटे और दूसरे तरह के नोट शामिल थे। बैंक को यह रकम आरबीआई की जयपुर करेंसी चेस्ट भेजनी थी। तय प्रक्रिया के तहत रकम 5 अगस्त को जयपुर भेजी गई। वहां नोटों की गिनती हुई तो 4 लाख 30 हजार 900 रुपए कम मिले। जयपुर करेंसी चेस्ट से इसकी जानकारी मेरठ स्थित पीएनबी अधिकारियों को दी गई।

नेपाल त्रासदी पर चीन की सफाई

## 12 दिन पहले दिया था अलर्ट

### नेपाल का ग्लेशियर का डेटा न देने का आरोप अब तक 919 मौतें

एजेंसी ▸▸ काठमांडू



नेपाल में 26 अगस्त को आई बाढ़ से पहले जरूरी डेटा साझा न करने के आरोपों पर चीन ने सफाई दी है। चीनी विदेश मंत्रालय ने कहा कि उसके वर्ल्ड मेट्रोलॉजिकल सेंटर ने बाढ़ से 12 दिन पहले ही नेपाल को ईमेल भेजकर भारी बारिश, भूस्खलन और अचानक बाढ़ की चेतावनी दी थी। दरअसल, 27 मई को काठमांडू में दोनों देशों की मौसम और ग्लेशियर से जुड़े खतरों पर बैठक हुई थी। इसमें नेपाल ने ग्लेशियरों में शुरूआती हलचल और संभावित खतरे की जानकारी पहले देने की मांग की थी।

नेपाल का आरोप है कि चीन भारी बारिश का अनुमान तो देता है, लेकिन हिमस्खलन, पानी के स्तर, भूस्खलन और दूसरे बड़े प्राकृतिक खतरों की जानकारी साझा नहीं करता। वहीं, नेपाल-तिब्बत में बाढ़ से 919 लोगों की मौत हो चुकी है। अकेले नेपाल में 903 मौते हुई हैं, जबकि तिब्बत में मरने वालों का आंकड़ा 16 पहुंच गया है 4200 से ज्यादा लोग लापता हैं। नेपाल में फ्लैश फ्लड के बाद बचाव अभियान के साथ-साथ मृतकों का अंतिम संस्कार भी शुरू हो गया है।

## दिल्ली में 47 लाख नाम एसआईआर ड्राफ्ट रोल से बाहर

दैनिक अवन्तिका ▸▸ नई दिल्ली



महाराष्ट्र और दिल्ली में एसआईआर के तहत 31 अगस्त को ड्राफ्ट वोटर रोल यानी प्रारूप मतदाता सूची जारी की गई। दिल्ली में कुल 1 करोड़ 45 लाख मतदाता हैं। इनमें से 47 लाख 56 हजार 722 मतदाताओं के नाम ड्राफ्ट लिस्ट से बाहर हैं। वहीं, महाराष्ट्र में करीब 2 करोड़ 7 लाख मतदाताओं के नाम फिलहाल ड्राफ्ट रोल में नहीं हैं। डिजिटाइजेशन के लिए फॉर्म जमा न होने और अन्य तकनीकी कारणों से कई मतदाताओं के नाम फिलहाल इस सूची में शामिल नहीं हो पाए हैं। इनमें अनुपस्थित, स्थानांतरित, मृत, डुप्लिकेट, विदेशी और अन्य मामले शामिल हैं। जिन लोगों के नाम ड्राफ्ट लिस्ट में नहीं हैं, वे 30 सितंबर 2026 तक दावा या आपत्ति दर्ज करा सकते हैं।

**4 नवंबर को जारी होगी फाइनल लिस्ट-** दावों और आपत्तियों का डिस्पोजल प्रोसेस 29 अक्टूबर 2026 तक पूरा किया जाएगा। इसके बाद 4 नवंबर 2026 को अंतिम मतदाता सूची जारी होगी।

भारतीय इकोनॉमी अनुमान से ज्यादा तेजी से बढ़ी

## अप्रैल-जून तिमाही में 7.8% रही भारत की विकास दर

दैनिक अवन्तिका ▸▸ नई दिल्ली





पश्चिम एशिया में जारी तनाव से बढ़ती महंगाई के बावजूद भारत की इकोनॉमी आरबीआई के अनुमान से ज्यादा मजबूत रही। जीडीपी इस साल की पहली तिमाही यानी अप्रैल-जून में 7.8% रही। आरबीआई का अनुमान 7% था। एक साल पहले की इसी तिमाही में यह 6.9% की दर से बढ़ी थी।

फाइनेंस, रियल एस्टेट, आईटी और प्रोफेशनल सर्विसेज सेक्टर में 12% से ज्यादा की बढ़त रही। इससे महंगाई का असर जीडीपी ग्रोथ पर नहीं पड़ा। सोमवार को यह आंकड़े केंद्र सरकार के सांख्यिकी विभाग ने जारी किए।

### पीएम मोदी ने कहा- यह देश के लोगों की ताकत का नतीजा

पीएम मोदी ने एक्स पर पोस्ट शेयर कर लिखा, दुनिया भर के संकटों और तेल की बढ़ती कीमतों के बावजूद, भारत ने इस साल की पहली तिमाही में 7.8% की जीडीपी ग्रोथ हासिल की है। यह देश के लोगों की ताकत का नतीजा है। मंदी की आशंका जताने वाले फिर पीछे छूट गए और भारत ने एक बार फिर बड़ी कामयाबी हासिल की।

प्रयागराज एयरफोर्स स्टेशन के पास पटाखा फैक्ट्री में विस्फोट

## 10 की मौत, 22 झुलसे, 3 मकान जमींदोज

एजेंसी ▸▸ प्रयागराज



यूपी में सोमवार को प्रयागराज और कौशांबी बॉर्डर पर एक पटाखा फैक्ट्री में भीषण विस्फोट हो गया। इस हादसे में 2 बच्चों समेत 10 लोगों की मौत हो गई, जबकि 22 झुलस गए। पुलिस के मुताबिक, विस्फोट से पूरी फैक्ट्री जमींदोज हो गई। 100 मीटर के दायरे में बने आसपास के 8 मकान क्षतिग्रस्त हो गए। इनमें से 3 जमींदोज हो गए।

हादसा दोपहर साढ़े 12 बजे कौशांबी जिले के मोहम्मदपुर गांव में हुआ। यह गांव प्रयागराज बॉर्डर पर है। यहां से मनौरी स्थित एयरफोर्स स्टेशन 2 किमी है। पुलिस, एयरफोर्स, एनडीआरएफ और एसडीआरएफ के 200 जवान रेस्क्यू में जुटे हैं। 10 बुलडोजरों से मलबा हटाया जा रहा है। पुलिस को शक है कि मलबे के नीचे कुछ लोग दबे हो सकते हैं। ऐसे में मौत का आंकड़ा और बढ़ सकता है।







छात्रा को ग्रेटर नोएडा से बैठाया, बस 47 किमी दौड़ती रही, ड्राइवर-कंडक्टर अरेस्ट

## दिल्ली में बस में 16 साल की छात्रा से गैंगरेप

दैनिक अवन्तिका ▸▸ नई दिल्ली

दिल्ली में 16 साल की छात्रा से चलती स्लीपर बस में गैंगरेप का मामला सामने आया है। घटना 4 अगस्त की है, पुलिस ने 31 अगस्त को इसकी जानकारी दी। पुलिस के मुताबिक पीड़ित ग्रेटर नोएडा के परी चौक पर बस में बैठी। आरोपियों ने उसे कश्मीरी गेट पर छोड़ा। इस दौरान बस करीब 47 किमी दौड़ती रही। बस के शीशों पर पर्दे लगे थे। पुलिस ने बस ड्राइवर कुलदीप और कंडक्टर संदीप को गिरफ्तार किया है। आरोपियों की गिरफ्तारी कब हुई, इसकी जानकारी सामने नहीं आई है। पीड़ित उत्तर प्रदेश के मैनपुरी जिले की रहने वाली है और 11वीं की छात्रा है।





**दोनों आरोपी गिरफ्तार**

पीड़ित की शिकायत के अनुसार, जांचकर्ताओं ने कोतवाली एसीपी शंकर बनर्जी के नेतृत्व में एक टीम गठित की। टीम ने बस की पहचान और उसके रूट को ट्रैक करने के लिए रास्ते में लगे सीसीटीवी फुटेज की जांच की। पुलिस ने ड्राइवर कुलदीप और कंडक्टर संदीप को तिमारपुर की एक बस पार्किंग से गिरफ्तार किया। घटना में इस्तेमाल स्लीपर बस को भी जब्त किया गया। बस की फोरेंसिक जांच की जा रही है।

- **पीड़ित घर से झगड़कर निकली-** पुलिस के मुताबिक, पीड़ित यूपी के मैनपुरी की रहने वाली है। परिवार में झगड़ा होने पर बिना बताए नोएडा में कजिन के घर के लिए बस से निकली। मैनपुरी से नोएडा की दूरी 300 किमी से ज्यादा है।
- **ग्रेटर नोएडा पर उतर गई थी-** भारी बारिश और अंधेरे के कारण छात्रा गलती से परी चौक पर उतर गई थी। फिर यहां से नोएडा जाने के लिए वाहन का इंतजार करने लगी। इसी बीच वहां से एक खाली स्लीपर बस गुजरी। छात्रा ने बस को रुकने का इशारा किया।
- **ड्राइवर-कंडक्टर ने बस में बैठाया-** ड्राइवर और कंडक्टर ने छात्रा को बस में बैठा लिया। उन्होंने बताया कि बस नोएडा सेक्टर-63 जा रही है। पुलिस के मुताबिक, बस चलने के कुछ समय बाद कंडक्टर ने छात्रा के साथ अश्लील हरकत करने की कोशिश की।

## महाकाल श्रृंगार



ज्योतिर्लिंग महाकालेश्वर का सोमवार को आकर्षक श्रृंगार किया गया।

## खुसूर-फुसूर

### गिरती मानवीयता पर विकास की पर्दादारी

धर्मनगरी में गिरती मानवीयता का स्तर चिंताजनक हालातों में है। निरंतर रूप से जो आपराधिक वृत्तियां सामने आ रही है वो जता रही है कि मानवीयता के हालात क्या है। जहां लोग एक दूसरे के खून के प्यासे होते जा रहे हों वहां विकास का आखिर क्या करना है। विकास वहां किया जाता है जहां उसे भोगने वाले नैतिकता के साथ जीते हैं और किसी को हताहत करने की बजाय दूसरे की मदद करते हैं। वर्तमान विकास की पर्दादारी में ये सब छूप तो रहा है लेकिन विकृतियां बाहर आने में देर नहीं कर रही है फूट-फूटकर बाहर आ रही है। एक के बाद एक मामले और उसे नियंत्रण करने के प्रयासों के दौरान ही दुसरे मामले होना यही जता रहे हैं कि कुल जमा हम धर्मनगरी को उसके मापदंड के अनुरूप आगे ले जाने में कहीं न कहीं कमजोर हैं। चाकू बाजी के मामलों ने शहर के आमजन को झकझोर कर रख दिया है। एक संगठन के युवाओं ने वर्दी के नियंत्रण कक्ष पहुंचकर चिंताओं को अभिव्यक्त करते हुए कहा कि ये न सोचें की हम विपक्ष के संगठन से हैं। ये सोचा जाए कि सुरक्षात्मक स्थिति क्या है। बच्चे, युवाओं के घर से निकलने और वापसी तक मां ही नहीं पालक एवं परिजन अब चिंताओं में ही घिरे रहने लगे हैं। शहर में रात्रि के समय हम व्यवसायियों को सुरक्षात्मक स्थिति देकर उन्हें निश्चिंत भाव में व्यवसाय करने के लिए प्रेरित करने की बजाय उनकी दुकानें बंद करवा रहे हैं। आवारा एवं आपराधिक तत्व खूले घुम रहे हैं। ढाबों पर देर रात तक पार्टियों को अंजाम दिया जा रहा है। चाय-नाश्ता की दुकानों को दम से बंद करवा रहे हैं। सड़कों पर वाहन टिका कर राह में देर रात आपराधिक वृत्ति के युवा बाधक बने हुए हैं। निकलने पर किसी की जान लेने से नहीं चूक रहे हैं। जब वर्दी मैदान में है तो आखिर इतनी हिम्मत इन आतताईयों की कैसे और क्यों हो रही है और इन्हें आखिर किसका प्रश्रय है और सुरक्षा का दावा करने वाली वर्दी आखिर सख्ती कब बरतेगी। इससे तो कोरोना काल का समय अच्छा था जब आमजन को बचाने के लिए वर्दी के साथ सभी जिम्मेदारों ने अपने तमाम प्रयासों को अंजाम दिया और आखिरकार सार्थक परिणाम दिया। तत्कालीन दौर में जैसी सुरक्षात्मक स्थितियां आम रहवासियों को दी गई। आखिरकार वैसी सुरक्षात्मक व्यवस्था अब क्यों नहीं हो पा रही है। देर रात तक एक वाहन पर उद्दंडता करते युवा कैसे घुमते रहते हैं। आकस्मिक उनके हाथों में जादूई तरीकों से कहां से चाकू आ जाते हैं। पाइंट पर आखिर चेकिंग किस तरह से हो रही है। खुसूर-फुसूर है कि आखिर ये हालात क्यों और किन परिस्थितियों में बन रहे हैं। मालवा की धर्मनगरी और डग-डग रोटी पग-पग नीर के इस हृदय स्थल में विकृत वृत्तियां कैसे और क्यों फल फूल रही है जबकि वर्दी बराबर इन्हें सड़कों पर सबक दे रही है फिर भी नियंत्रण नहीं हो पा रहा है।

## नैनो न्यूज

- **मालवा-निमाड़** को गन्ना-डेयरी-ऊर्जा क्लस्टर बनाने की मांग, सांखला ने सीएम को सौंपा 14 सूत्रीय ज्ञापन
- **शव की मर्यादा** दूषित करने वाली कथित महिला की हरकतों की अघोर अखाड़ा ने की निंदा, पुलिस को शिकायत कर कहा सख्त कार्रवाई करें
- **महाकाल की सवारी में** शामिल होने वाली 60 महिलाओं का हुआ सम्मान, बांटी साड़ियां व अभिनंदन पत्र
- **अमर शहीदों की स्मृति में** पर्यावरण प्रेमी मंच ने किया पौधारोपण, मयंक नगर पुलिस कॉलोनी सहित चार विभिन्न स्थानों पर रोपे गए पौधे
- **रक्षाबंधन महोत्सव में** उमड़ी मातृशक्ति, सीएम ने वर्चुअली दिया संदेश, वैभव यादव ने बहनों से बंधवाई राखी, महिलाओं को बांटे गए उपहार
- **काव्य महोत्सव में** कवियों ने बांधा समां, जैन कवि संगम के समारोह में चिराग, पलक, नैतिक को मिला युवा रचनाकार सम्मान
- **जफर के विकास कार्य** बने नजीर, शकील पटवारी ने मुशायरों से उज्जैन को दिलाई वैश्विक पहचान

## ट्रेंडिंग




# सांदीपनी नगर में नलों से आया गंदा और बदबूदार पानी

## जमीनी स्तर पर ऐसी शिकायतें सामने आने से निगरानी और रखरखाव व्यवस्था पर खड़े हो रहे सवाल

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

शहर में पेयजल व्यवस्था को लेकर एक बार फिर सवाल खड़े हो गए हैं। सांदीपनी नगर (ढांचा भवन) क्षेत्र में घरों में बेहद गंदा और बदबूदार पानी पहुंचने की शिकायत सामने आई। पानी की स्थिति देखकर रहवासियों में चिंता बढ़ गई और आशंका जताई गई कि कहीं नाली अथवा सीवेज की लाइन में लीकेज के कारण गंदा पानी पेयजल पाइपलाइन में तो नहीं मिल रहा।

स्थानीय रहवासियों के अनुसार सुबह नलों से आने वाला पानी सामान्य नहीं था। पानी में गंदगी और दुर्गंध होने के कारण



इसे पीने और घरेलू उपयोग में लेने से लोग बचते नजर आए। लोगों का कहना है कि यदि पेयजल लाइन में कहीं से गंदा पानी प्रवेश कर रहा है तो यह गंभीर स्वास्थ्य समस्या का कारण बन सकता है।

### कुछ दिन पहले निजातपुरा में भी आई थी शिकायत

सांदीपनी नगर से पहले निजातपुरा क्षेत्र में भी इसी तरह के गंदे पानी की शिकायत सामने आ चुकी है। लगातार अलग-अलग इलाकों से ऐसी शिकायतें आने के बाद शहर की पेयजल पाइपलाइनों की स्थिति और उनकी निगरानी पर सवाल उठना स्वाभाविक है। उज्जैन में पहले भी कई क्षेत्रों में दूषित पानी की शिकायतें सामने आ चुकी हैं। जनवरी 2026 में गोंसा दरवाजा सहित कुछ क्षेत्रों में दूषित पानी की शिकायतों के बाद पाइपलाइन में सीवेज मिलने की आशंका जताई गई थी। रिपोर्टों में कई जगह पुरानी पाइपलाइनों और लीकेज की समस्या का भी उल्लेख हुआ था।

### इंदौर के भागीरथपुरा जैसी स्थिति का डर

खासकर तब, जब शहर में आगामी सिंहस्थ 2028 को लेकर पानी और सीवरेज व्यवस्था को मजबूत करने के लिए करोड़ों रुपये के कार्य चल रहे हैं। सरकारी निविदाओं में उज्जैन के विभिन्न क्षेत्रों में जलापूर्ति और सीवरेज नेटवर्क के विस्तार के बड़े प्रोजेक्ट भी शामिल हैं।

### सवाल यह कि आखिर पानी गंदा क्यों हुआ?

सांदीपनी नगर के रहवासियों की शिकायत के बाद सबसे जरूरी है कि संबंधित विभाग तत्काल पानी के नमूने लेकर जांच कराए और यह पता लगाए कि पानी में गंदगी और दुर्गंध का कारण क्या है। यदि कहीं पेयजल और सीवरेज पाइपलाइन के बीच लीकेज या क्रॉस-कनेक्शन है तो उसे तत्काल दुरुस्त किया जाना चाहिए। उज्जैन में पेयजल और सीवरेज नेटवर्क को लेकर पहले भी काम किए जा रहे हैं, लेकिन जमीनी स्तर पर ऐसी शिकायतें सामने आना निगरानी और रखरखाव व्यवस्था पर सवाल खड़े करता है।

खाद्य सुरक्षा विभाग की कार्रवाई तेज

# उज्जैन में घी के तीन सैंपल फेल, एनालॉग पनीर भी जब्त

## प्रदेश में 4642 सैंपल लिए, 680 की जांच में 174 अमानक

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

रक्षाबंधन सहित आगामी त्योहारों के मद्देनजर दूध और इससे बने खाद्य पदार्थों में मिलावट रोकने के लिए चलाए जा रहे विशेष जांच अभियान में उज्जैन में भी मिलावटखोरी की तस्वीर सामने आई है। खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा लिए गए घी के तीन सैंपल जांच में फेल हुए हैं। इसके अलावा शहर में कार्रवाई के दौरान एनालॉग पनीर भी जब्त किया गया है। इस कार्रवाई से त्योहारों के दौरान बाजार में बिकने वाले दूध, घी, मावा, पनीर और मिठाइयों की गुणवत्ता को लेकर सवाल खड़े हुए हैं।

नियंत्रक, खाद्य एवं औषधि प्रशासन द्वारा प्रदेशभर में दूध और इससे बने उत्पादों की जांच के लिए 20 जुलाई से विशेष अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत अब तक प्रदेश में 4642 सैंपल लिए जा चुके हैं, जिनमें से



680 सैंपलों की जांच पूरी हुई है। जांच में 174 सैंपल अमानक पाए गए हैं। विभाग द्वारा लगातार नमूने लिए जा रहे हैं और जिन खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता निर्धारित मानकों के अनुरूप नहीं मिल रही है, उनके विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जा रही है।

### बड़े शहरों में मिलावट का कारोबार चिंता का विषय

जारी रिपोर्ट के अनुसार दूध और दुग्ध उत्पादों में मिलावट के मामले प्रदेश के बड़े शहरों में अधिक सामने आ रहे हैं। इनमें उज्जैन भी शामिल है। धार्मिक नगरी होने के कारण उज्जैन में वर्षभर बड़ी संख्या में श्रद्धालु आते हैं। त्योहारों और विशेष अवसरों पर दूध, मावा, घी, पनीर तथा मिठाइयों की मांग और बढ़ जाती है। ऐसे में इन खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता सुनिश्चित करना खाद्य सुरक्षा विभाग के लिए बड़ी चुनौती है। अभियान के दौरान उज्जैन में घी के तीन नमूने मानकों पर खरे नहीं उतरे। वहीं कार्रवाई के दौरान एनालॉग पनीर की जब्ती भी की गई। एनालॉग पनीर को लेकर विभाग द्वारा खाद्य पदार्थ की गुणवत्ता और उसके उपयोग की जांच की जा रही है। खाद्य सुरक्षा अधिकारियों का कहना है कि खाद्य पदार्थों में किसी भी प्रकार की मिलावट अथवा निर्धारित मानकों के विपरीत सामग्री का उपयोग पाए जाने पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

### त्योहारों में बढ़ जाती है मांग

रक्षाबंधन के साथ ही आने वाले त्योहारों को देखते हुए बाजार में दूध और दुग्ध उत्पादों की मांग तेजी से बढ़ती है। इसी का फायदा उठाकर कुछ कारोबारी अधिक मुनाफे के लिए मिलावटी या घटिया सामग्री बाजार में खपाने का प्रयास करते हैं। विभाग का विशेष अभियान इसी तरह की गतिविधियों पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से चलाया जा रहा है। अधिकारियों द्वारा दूध, घी, मावा, पनीर और मिठाइयों के नमूने लेकर प्रयोगशालाओं में जांच के लिए भेजे जा रहे हैं। जांच रिपोर्ट के आधार पर अमानक और असुरक्षित खाद्य पदार्थों के मामलों में कार्रवाई की जा रही है। असुरक्षित सैंपल का अर्थ ऐसे खाद्य पदार्थों से है, जिनमें ऐसी बाहरी या हानिकारक चीज पाई गई हो, जो स्वास्थ्य के लिए गंभीर खतरा पैदा कर सकती है। त्योहारों के बीच उज्जैन में घी के तीन सैंपल फेल होने और एनालॉग पनीर जब्त किए जाने की कार्रवाई ने एक बार फिर खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता की नियमित निगरानी की जरूरत को सामने ला दिया है।

## 12 सितम्बर को होगा नेशनल लोक अदालत का आयोजन

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली तथा म.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार एवं प्रधान जिला न्यायाधीश तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, उज्जैन के अध्यक्ष पी.सी. गुप्ता के मार्गदर्शन में दिनांक 12 सितम्बर 2026 दिन शनिवार को नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जायेगा। नेशनल लोक अदालत का आयोजन जिला न्यायालय परिसर उज्जैन तथा सिविल न्यायालय खाचरौद, नागदा, तराना, महिदपुर एवं बड़नगर में किया जावेगा। नेशनल लोक अदालत में राजीनामा योग्य दाण्डिक, सिविल, चैक बाउन्स, पारिवारिक, वैवाहिक, विद्युत एवं अन्य राजीनामा योग्य प्रकरणों का आपसी सहमति से निराकरण किया जावेगा। नेशनल लोक अदालत विद्युत विभाग के विद्युत चोरी एवं नगरीय निकाय के राम्पत्तिकर तथा जलकर से संबंधित प्रीलिटिगेशन प्रकरणों में शासन के द्वारा छूट प्रदान की गई है, जिसका फायदा उठाकर ऐसे प्रकरणों को निराकृत किया जा सकता है।

## निगम मुख्यालय में सेवानिवृत कर्मचारियों का सम्मान समारोह

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

नगर निगम परिवार में अपना सेवाकाल पूर्ण कर चुके कर्मचारियों का नगर निगम द्वारा सेवानिवृत सम्मान समारोह सोमवार को नगर निगम मुख्यालय में आयोजित करते हुए सेवानिवृत हो रहे कर्मचारियों का शाल, श्रीफल, भगवत गीता, प्रशस्ति पत्र एवं पुष्पमाला पहनाकर सम्मान किया गया एवं सेवानिवृत्ति के पश्चात स्वस्थ एवं सुखी जीवन की शुभकामनाएं दी गई। नगर निगम पीएचई विभाग से सेवानिवृत हो



रहे कर्मचारी महेश कुमार परमार, अत्ताउर रहमान पी.एच.ई विभाग का नगर निगम परिवार की ओर से सेवानिवृत होने पश्चात सम्मानित किया गया। इस दौरान अपर आयुक्त पुनित शुक्ला एवं नगर निगम के कर्मचारी उपस्थित रहे।

## सितंबर -अक्टूबर में रवाना होगी तीर्थ यात्रा

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना अंतर्गत उज्जैन जिले से माह सितंबर एवं अक्टूबर 2026 में अयोध्या, काशी (वाराणसी), हरिद्वार, ऋषिकेश, वाराणसी एवं गया हेतु तीर्थ यात्रा रवाना होगी इच्छुक आवेदक अपना आवेदन कार्यालय नगर शहरी गरीबी उपशमन प्रकोष्ठ नगर पालिक निगम उज्जैन आगर रोड के कक्ष क्र. 214 से प्राप्त कर जमा करवा सकते हैं। तीर्थ यात्रा के अंतर्गत अयोध्या एवं काशी हेतु आवेदन जमा करने की अंतिम दिनांक 01.09.2026 एवं यात्रा प्रारंभ दिनांक 07.09.2026 है जिले से यात्रा का लक्ष्य 256 निर्धारित है, हरिद्वार एवं ऋषिकेश यात्रा के अंतर्गत आवेदन जमा करने की अंतिम दिनांक 09.09 2026 एवं यात्रा प्रारंभ होने की दिनांक 16.09.2026 है यात्रा का लक्ष्य 156 निर्धारित है।

## संभागीय क्रिकेट संगठन ने खिलाड़ियों को किया पुरस्कृत

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

संभागीय क्रिकेट संगठन उज्जैन का वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह सामाजिक विज्ञान शोध संस्थान में संपन्न हुआ। संगठन के सचिव सुरेंद्र काबरा ने बताया कि पिछले सत्र में संभाग एवं राज्य स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले जूनियर खिलाड़ियों एवं उनके कोच को पुरस्कृत किया गया।



कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सांसद अनिल फिरोजिया थे। अध्यक्षता विक्रमादित्य विश्विद्यालय की कार्यपरिषद के सदस्य राजेशसिंह कुशवाह ने की।

धर्मनगरी उज्जैन के श्मसान चकतीर्थ पर एक हैरान करने वाला मामला सामने आया

# श्मसान में जलती चिता से किन्नर अघोरी ने मांस निकालकर खाया, वीडियो वायरल

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

धर्मनगरी उज्जैन के श्मसान चकतीर्थ पर एक हैरान करने वाला मामला सामने आया है। सोश्यल मिडिया के इंस्टाग्राम प्लेटफार्म पर तेजी से वायरल हो रहे वीडियो में खुद को अघोरी एक जलती चिता के पास नजर आ रही हैं। वीडियो में वह चिता से निकालकर मास खाती नजर आ रही है। इस वीडियो के सामने आने पर संतों ने गुस्सा जताया है। मामले में पुलिस नगर निगम की प्रतिवेदन का इंतजार कर रही है।



वायरल हो रहे इस वीडियो में संबंधित अघोरी हाथ में तलवार लिए जलती चिता के पास खड़ी दिखाई दे रही है। श्मसान वासी के नाम से जारी वीडियो में अघोरी कहती हुई सुनाई देती है कि अब इंसान को खाएंगे आप लोग, जय भवानी, ये देखो गरम गरम है अभी निकाला, बहुत टेस्टी है तुम्हारा जीवन से भी ऐसा खेलूंगी, बहुत बड़े-बड़े तांत्रिकों को सबका मार दिया मेरे से बच के रहना। इंसान को खाना, गरम-गरम राख लगाना, भूत प्रेत से खेलना, खोपड़ी से खेलना ये हमारा काम है। हमारे से बच के रहो। ऐसा गरम-गरम इंसान को खा रहे हैं हम। किसी के बस की बात नहीं है इंसान को गरम-गरम उठा के खाना। ये हमारा जीवन है। ये हम क्या कर सकते हैं तुम्हारा सोच के बाहर है। तुम सोच लो मैं क्या कर सकता हूँ। ऐसा गर्म-गर्म इंसान को खाने वाली। ये देखो फिर पेट भर गया। वीडियो अघोरी ने अपने ही इंस्टाग्राम अकाउंट से शेयर किया गया था, जिसके बाद यह तेजी से वायरल हुआ है हालांकि, इस वीडियो की प्रामाणिकता की आधिकारिक तौर पर स्वतंत्र पुष्टि नहीं हो सकी है।

### मानव मांस के भक्षण का दृश्यांकन करने वाला

वायरल वीडियो को लेकर जूना अखाडा के महामंडलेश्वर शैलेषानंद गिरी महाराज बोले- ये बर्दाश्त नहीं। देखिए, अघोर साधना को गोपनीय रखना जरूरी है, उनको सार्वजनिक नहीं किया जा सकता। जो भी साधक सार्वजनिक करता है वो कहीं ना कहीं ढोंगी हो सकता है। इस प्रकार का कृत्य जो कि मानव मांस के भक्षण का दृश्यांकन करने वाला हो, वो नर पिशाच की श्रेणी में आता है। इस बात को समझना होगा। बहुत तेजी के साथ इस प्रकार की कुचेष्टाएँ हो रही हैं। इसको शासन को संज्ञान में लेना होगा। वीडियो को लेकर अब तक सामने नहीं आया है कि ये कब का है। किस दिन इसे बनाया गया है और श्मसान में ऐसा किया गया है। इधर सोमवार अपराह्न जीवाजीगंज थाना पुलिस को कुछ संगठनों की और से शिकायती आवेदन पहुंचे थे। नगर निगम की और से इसे लेकर कोई शिकायत किए जाने की बात सामने नहीं आई है।

## सेवा उपरांत ज्ञानी वीर सिंह की सेवानिवृत्ति

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

सिख मिशन मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ के प्रभारी (इंचार्ज) ज्ञानी बलदेव सिंह उगरा ने कहा कि सिख पंथ के प्रथम गुरु श्री गुरु नानक देव जी के संदेश एवं श्री गुरु ग्रंथ साहिब, सिख धर्म के सिद्धांतों एवं सिख गुरुओं की शहीदी को जन-जन तक पहुंचाने के लिए मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र एवं छत्तीसगढ़ में 40 साल की सेवा के उपरांत ज्ञानी वीर सिंह जी, गुरुद्वारा श्री गुरु नानक घाट गुरुद्वारा में अपनी सेवा को पूर्ण करते हुए गुरुद्वारा गुरु नानक घाट पर सेवानिवृत हुए। मध्य प्रदेश में



देवास इंदौर, बड़वानी, सेंधवा एवं तीनों राज्यों में सेवा प्रदान की।

इस अवसर पर गुरुद्वारा श्री गुरु नानक घाट में सिख मिशन मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ के प्रभारी (इंचार्ज) ज्ञानी बलदेव सिंह उगरा, शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी अमृतसर, सिख समाज के प्रवक्ता एस.एस.नारंग, भाई भूपेंद्र सिंह, भाई नानक सिंह, भाई गगनदीप सिंह द्वारा सरोपा एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।







# दैनिक अवन्तिका

सब पे नज़र, सबकी ख़बर

इंदौर | उज्जैन | मंगलवार 01 सितंबर, 2026 | www.awantika.com




## न्यूज ब्रीफ

### कुष्ठ रोग जांच अभियान 16 सितंबर से 8 अक्टूबर तक

**इंदौर।** कलेक्टर शिवम वर्मा ने कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में समय-सीमा के पत्रों के निराकरण (टीएल) की समीक्षा बैठक ली। बैठक में सीएम हेल्पलाइन के तहत प्राप्त आवेदनों के निराकरण की विभागवार समीक्षा की गई। बैठक में विभिन्न विभागों के लंबित प्रकरणों, सीएम हेल्पलाइन, जनसुनवाई, मुख्यमंत्री जनविश्वास अभियान, लोक स्वास्थ्य, चिकित्सा, स्कूल शिक्षा विभाग, राजस्व विभाग , ऊर्जा विभाग, जनजाति कार्य विभाग, श्रम विभाग आदि विभागों के प्रकरणों पर विस्तार से समीक्षा की गई। कलेक्टर श्री शिवम वर्मा ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जनसुनवाई में प्राप्त प्रकरणों के निराकरण में और बेहतर प्रदर्शन किया जाए।

### शिलान्यास कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर बैठक

**इंदौर।** सांवेर विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पंचायत मांगलिया में आगामी 7 सितंबर को केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया तथा मंत्रीद्वय इंदरसिंह परमार एवं तुलसीराम सिलावट लगभग 43 करोड़ रुपये से अधिक लागत के विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन करेंगे। मांगलिया में 10 करोड़ रुपये की लागत से नवनिर्मित आयुष औषधालय का लोकार्पण किया जाएगा। इसके साथ ही लोक निर्माण विभाग द्वारा लगभग 24 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित पांच सड़कें तथा लगभग 3 करोड़ रुपये की लागत से कृषि उपज मंडी मांगलिया में विभिन्न विकास कार्यों सहित ग्राम पंचायत भवन तथा आंगनवाड़ी भवनों के निर्माण कार्यों का भी लोकार्पण एवं भूमिपूजन किया जाएगा। मंत्री तुलसीराम सिलावट ने अपने निवास पर कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर संबंधित विभागीय अधिकारियों की बैठक ली।

### कक्षा 12वीं में 75 प्रतिशत अंक पाने वाले विद्यार्थी होंगे लाभान्वित

**इंदौर।** कक्षा 12वीं में प्रथम प्रयास में 75 प्रतिशत या अधिक अंक पाने वाले प्रदेश के मेधावी विद्यार्थियों का आधुनिक तकनीक से जुड़ने का सपना जल्द ही पूरा होने जा रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव प्रदेश के लगभग 1 लाख 22 हजार विद्यार्थियों को लैपटॉप खरीदने के लिए 25-25 हजार रुपये की राशि का अंतरण करेंगे। विद्यार्थियों को यह राशि 1 सितंबर को कुशाभाऊ ठाकरे अंतर्राष्ट्रीय कन्वेंशन सेंटर, भोपाल में आयोजित लैपटॉप क्रय के लिये राशि वितरण कार्यक्रम के दौरान प्रदान की जाएगी। प्रदेश सरकार द्वारा विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करने और उन्हें डिजिटल तकनीक से जोड़ने के उद्देश्य से स्कूल शिक्षा विभाग के माध्यम से प्रतिभाशाली विद्यार्थी प्रोत्साहन योजना चलाई जा रही है। इसके अंतर्गत कक्षा 12वीं की परीक्षा में पहले ही प्रयास में 75 प्रतिशत या उससे अधिक अंक प्राप्त करने वाले प्रत्येक पात्र विद्यार्थी को लैपटॉप खरीदने के लिए 25 हजार रुपये की प्रोत्साहन राशि प्रदान की जाती है।

### फिर बदलेगा मौसम का मिजाज, कई जिलों में भारी बारिश चेतावनी



भोपाल। मध्यप्रदेश में मानसून एक बार फिर सक्रिय नजर आ रहा है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने प्रदेश के दोनों मौसम संभागों के लिए बारिश और गरज-चमक के साथ आंधी की चेतावनी जारी की है। मौसम विभाग के अनुसार 31 अगस्त को पूर्वी मध्यप्रदेश में भारी बारिश के साथ गरज-चमक और बिजली गिरने की संभावना है। पश्चिमी मध्यप्रदेश में भी गरज-चमक और तेज हवा का मौसम बन सकता है। आईएमडी के पूर्वानुमान के मुताबिक 1 और 2 सितंबर को पश्चिमी मध्यप्रदेश में भारी बारिश हो सकती है, जबकि पूर्वी मध्यप्रदेश में इन दिनों भी गरज-चमक के साथ मौसम सक्रिय रहने की संभावना है। इसके बाद 3 से 5 सितंबर के बीच पश्चिमी मध्यप्रदेश में बहुत भारी बारिश की चेतावनी जारी की गई है। पूर्वी हिस्से में भी बारिश का दौर जारी रहने का अनुमान है। मौसम विभाग ने लोगों को बिजली चमकने और तेज हवाओं के दौरान खुले स्थानों पर जाने से बचने तथा मौसम संबंधी ताजा चेतावनियों पर नजर रखने की सलाह दी है। किसानों को भी बारिश के पूर्वानुमान को ध्यान में रखते हुए कृषि कार्य करने की सलाह दी गई है। लगातार बारिश की वजह से प्रदेश के डैमों की स्थिति सुधरी है। अधिकांश डैम में 70 प्रतिशत तक पानी आ गया है। कुछ डैम के गेट तो खोल दिए गए हैं। इंदौर और उज्जैन संभाग के बांधों की हालत ठीक नहीं है।

## नैनो न्यूज

- **देवास: अनिक मिल्क प्रोडक्ट पर बड़ी कार्रवाई** – डायवर्सन शुल्क के 31 लाख रुपये से अधिक बकाया मामले में प्रशासन ने कंपनी को सील किया।
- **शाजापुर: फर्जी शेयर ट्रेडिंग का भंडाफोड़** – फर्जी ट्रेडिंग एडवाइजरी मामले में 12 लोगों पर केस दर्ज हुआ और छह को हिरासत में लिया गया, मुख्य आरोपी फरार बताया गया।
- **रतलाम: पीएम आवास मल्टी में पथराव** – नोटिस देने पहुंची नगर निगम टीम पर पथराव हुआ; घटना में अधिकारी जान बचाकर भागे और एक मीडियाकर्मी भी घायल हुआ।
- **मंदसौर: एमडी ड्रग्स फैक्ट्री पकड़ी** – झोपड़ी में एमडी ड्रग्स बनाने का खुलासा हुआ। पुलिस कार्रवाई के दौरान आरोपियों ने फायरिंग की; करीब 25 लाख रुपये का सामान बरामद हुआ।
- **सुसनेर: प्रशासन की सड़क हादसे पर कार्रवाई** – भीषण सड़क हादसे के बाद स्थानीय प्रशासन के एक्शन की खबर सामने आई है।
- **झाबुआ: आकाशीय बिजली का कहर** – जिले में आकाशीय बिजली गिरने की घटना को लेकर ताजा अपडेट सामने आया है।

छह जिलों के संसाधनों और सुविधाओं की एक माह में तैयार होगी सिचुएशन रिपोर्ट

# 42 सेक्टरों की पड़ताल से बनेगा मेट्रोपॉलिटन रीजन का रोडमैप

## प्रारंभिक रिपोर्ट में इंदौर, उज्जैन, देवास, धार, शाजापुर और रतलाम जिलों के तहसील और गांवों का क्षेत्रफल निर्धारित किया

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर**



उज्जैन-इंदौर मेट्रोपॉलिटन रीजन के सुनियोजित और दीर्घकालीन विकास के लिए बड़ी कवायद शुरू हो गई है। रीजन में शामिल छह जिलों के मौजूदा संसाधनों, सुविधाओं और विकास की स्थिति का व्यापक आकलन किया जा रहा है। 42 प्रमुख सेक्टरों पर केंद्रित सिचुएशन एनालिसिस रिपोर्ट एक माह में तैयार हो जाएगी।

इसके आधार पर आने वाले वर्षों के लिए मेट्रोपॉलिटन रीजन का विकास रोडमैप तय किया जाएगा। रिपोर्ट में यह स्पष्ट होगा कि वर्तमान में क्षेत्र में उपलब्ध संसाधन कितने पर्याप्त हैं और भविष्य की जरूरतों के लिए किन क्षेत्रों में नए निवेश और इंफ्रास्ट्रक्चर की आवश्यकता होगी।

उज्जैन-इंदौर मेट्रोपॉलिटन रीजन की प्रारंभिक रिपोर्ट तैयार हो चुकी है। इसमें शामिल इंदौर, उज्जैन, देवास, धार, शाजापुर और रतलाम जिलों के तहसील और गांवों का क्षेत्रफल निर्धारित किया गया है। कुल 16 हजार वर्ग किलोमीटर से अधिक क्षेत्रफल वाले इस रीजन में 38 तहसीलें और 2781 गांव शामिल हैं। वर्ष 2011 की जनगणना के अनुसार यहां की आबादी 75.34 लाख थी, जो अब बढ़कर करीब 90 से 95 लाख तक पहुंचने का अनुमान है। इंदौर विकास प्राधिकरण को कंसल्टेंट एजेंसी द्वारा दो माह पहले प्रारंभिक रिपोर्ट सौंपी जा चुकी है और इसका प्रजेंटेशन भी दिया गया था। इसके बाद सिचुएशन रिपोर्ट का काम चल रहा है, जो आगामी माह तक पूरा हो जाएगा। पहले चरण में रीजन की प्रारंभिक रिपोर्ट तैयार की जा चुकी है और अब सिचुएशन एनालिसिस रिपोर्ट तैयार की जा रही है। इसके बाद रीजनल डेवलपमेंट एंड इन्वेस्टमेंट प्लान तैयार किया जाएगा। इसमें रीजन के विकास का दीर्घकालीन विजन, आगामी विकास रणनीति, निवेश की योजना और मौजूदा संसाधनों के बेहतर उपयोग का खाका शामिल होगा। इसके बाद प्रस्तावित मेट्रोपॉलिटन रीजन का ड्राफ्ट तैयार कर टोपोग्राफिक सर्वे कराया जाएगा और विभिन्न परियोजनाओं की डीपीआर बनाई जाएगी।

### नए रेल रूट होंगे अहम

उज्जैन-इंदौर मेट्रोपॉलिटन रीजन में आने वाले वर्षों में कई नए रेल रूट तैयार हो जाएंगे। इसमें टीही-धार, धार-दाहोद, महू-मनमाड़ और मांगलिया-बुधनी जैसे प्रस्तावित रेलवे रूट भी भविष्य की कनेक्टिविटी योजना में महत्वपूर्ण साबित हो सकते हैं। रीजन में चार नगर निगम, सात नगर पालिकाएं, 25 नगर पंचायत और महू कैंटोनमेंट बोर्ड शामिल हैं। यह पूरी कवायद रीजन क्षेत्र को एकीकृत, आधुनिक और निवेश के अनुकूल मेट्रोपॉलिटन क्षेत्र के रूप में विकसित करने की दिशा तय करेगी।

### कृषि, उद्योग और कनेक्टिविटी पर फोकस

सिचुएशन एनालिसिस के दौरान कृषि गतिविधियों, औद्योगिक विकास, सड़क और रेल कनेक्टिविटी, उपलब्ध इंफ्रास्ट्रक्चर, शैक्षणिक संस्थान, औद्योगिक इकाइयों और हरित क्षेत्रों की वर्तमान स्थिति का विस्तृत अध्ययन किया जा रहा है। साथ ही अन्य विभागों की मौजूदा योजनाओं और उपलब्ध सुविधाओं का आकलन भी होगा। इस सर्वे से यह पता लगाया जाएगा कि मेट्रोपॉलिटन रीजन के किन हिस्सों में बुनियादी सुविधाएं पर्याप्त हैं और किन क्षेत्रों में विकास की जरूरत सबसे अधिक है। बढ़ती आबादी को देखते हुए आवास, परिवहन, जलापूर्ति, शिक्षा, स्वास्थ्य और औद्योगिक विकास के लिए भविष्य की जरूरतों का भी अनुमान लगाया जाएगा।

# आस्था, सेवा और मानवता का संदेश देती फिल्म हनुमान अंश, दर्शकों को भावुक कर रही कहानी

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन**



आध्यात्मिकता, आस्था और मानव सेवा के संदेश को केंद्र में रखकर बनाई गई फिल्म ह्यहनुमान अंशह्न इन दिनों चर्चा में है। फिल्म नीम करौली बाबा के जीवन और उनके आध्यात्मिक व्यक्तित्व से प्रेरित है। फिल्म में चमत्कारों से अधिक प्रेम, सेवा, त्याग और मानवता को महत्व दिया गया है, जो इसे सामान्य धार्मिक फिल्मों से अलग पहचान देता है। फिल्म की कहानी दर्शकों को एक ऐसी आध्यात्मिक यात्रा पर ले जाती है, जहां जीवन के संघर्षों के बीच सेवा और विश्वास की शक्ति को सामने रखा गया है। फिल्म का भावनात्मक पक्ष इसकी प्रमुख विशेषता है। कई दृश्यों में आध्यात्मिक वातावरण और पात्रों की भावनाएं दर्शकों से सीधे जुड़ती हैं।

निर्देशक विशाल चतुर्वेदी ने कहानी को भव्यता के बजाय सहजता के साथ प्रस्तुत करने का प्रयास किया है। फिल्म का उद्देश्य केवल किसी संत के जीवन की घटनाओं को पर्दे पर दिखाना नहीं, बल्कि उनके विचारों और मानवता के संदेश को दर्शकों तक पहुंचाना नजर आता है।

फिल्म की गति कुछ दर्शकों को धीमी लग सकती है। खासकर वे दर्शक जो तेज-तर्रार मनोरंजन या व्यावसायिक मसाले की अपेक्षा रखते हैं, उनके लिए फिल्म की शांत और आध्यात्मिक शैली अलग अनुभव हो सकती है। लेकिन आस्था, अध्यात्म और संत जीवन से जुड़ी कहानियां पसंद करने वाले दर्शकों के लिए फिल्म प्रभाव छोड़ती है।

हनुमान अंश की सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि फिल्म आस्था को केवल चमत्कारों तक सीमित नहीं करती। फिल्म में यह संदेश उभरकर आता है कि मानव सेवा ही सबसे बड़ी साधना है और प्रेम ही आध्यात्मिकता का मूल आधार है। यही विचार फिल्म को भावनात्मक गहराई देता है।

### क्या है हनुमान अंश की कहानी?

हनुमान अंश की कहानी नीब करौरी बाबा के जीवन और उनके आध्यात्मिक परिवर्तन के इर्द-गिर्द घूमती है। फिल्म यह समझाने की कोशिश करती है कि एक साधारण इंसान किस तरह जीवन के अनुभवों, संघर्षों और भीतर उठने वाले सवालों से गुजरते हुए आध्यात्मिक रास्ते की ओर बढ़ता है। फिल्म में बाबा के जीवन को केवल श्रद्धा के नजरिए से नहीं बल्कि एक मानवीय यात्रा के रूप में देखने की कोशिश की गई है। उनके भीतर का बदलाव, संसार से दूरी, आध्यात्मिक खोज और बाद में लोगों के प्रति उनका समर्पण कहानी का महत्वपूर्ण हिस्सा बनता है। फिल्म के केंद्र में चमत्कार जरूर हैं, लेकिन निर्देशक ने कहानी को केवल चमत्कारों पर निर्भर नहीं किया।

## पर्युषण पर्व पर ई-अटेंडेंस में छूट और मांस दुकानें एवं बुचड़ खाने बंद हों

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ भोपाल/इंदौर**

सकल जैन समाज के आगामी पर्यूषण महापर्व को लेकर राष्ट्रीय जिनशासन एकता संघ ने मध्यप्रदेश सरकार से दो प्रमुख मांगें उठाई हैं। संघ के प्रचारक राजेश जैन दद्दू और केंद्रीय संघ नायक राकेश जैन गोहिल ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को पत्र लिखकर इस पर त्वरित कार्रवाई का आग्रह किया है। सरकार के पुर्व आदेश का महापर्व पर सरकार अमल कराएं। ई-अटेंडेंस ऐप में आ रही बाधा, पुराने आदेश का पालन हो। संघ के मंयक जैन ने बताया किसकल जैन समाज के पर्युषण पर्व के दौरान जैन कर्मचारियों को दोपहर 12 बजे तक उपस्थिति की छूट है। अनंत चतुर्दशी पर विशेष आकस्मिक अवकाश का प्रावधान है। परंतु वर्तमान में लागू ई-अटेंडेंस ऐप में सुबह 10:45 बजे तक ही पंचिंग और 6 घंटे उपस्थिति अनिवार्य होने से जैन कर्मचारी पूजा-अर्चना के बाद कार्यालय पहुंचने पर अनुपस्थित माने जा रहे हैं।

# ओरछा में भाजपा की बैठक अंदर... तो राजनीति बाहर!

### तस्वीरों से बताने की कोशिश.. भैया के साथ हम भी थे!

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर**

प्रदेश कार्यसमिति की दो दिवसीय बैठक के लिए आमंत्रित नेताओं की सूची भले ही तय हो, लेकिन राजनीति में लिस्ट के बाहर रहने वाले भी कम नहीं हैं। कुछ चेहरे ऐसे भी नजर आ रहे हैं, जिन्हें बैठक के अंदर बैठने का न्योता नहीं मिला, लेकिन फिर भी ओरछा पहुंचने में उन्होंने देर नहीं की। अब जब बैठक के अंदर प्रवेश नहीं मिला तो होटल ही सही! आसपास की होटलों में ठहरकर राजनीतिक गतिविधियों पर नजर रखी जा रही है। कौन नेता आया, किससे मुलाकात हुई, कौन कितनी देर रुका-हर खबर की अपनी रिपोर्टिंग चल रही है। इसके अलावा सबसे दिलचस्प है फोटो पॉलिटिक्स। मौका मिलते ही किसी बड़े नेता के साथ एक तस्वीर फिर वही तस्वीर सोशल मीडिया पर। संदेश भी बिना लिखे साफ बैठक में हम अंदर थे या नहीं, ओरछा में तो हम भी मौजूद थे! राजनीति में इसे कोई नजदीकी दिखाने की कवायद बता रहा है तो कोई भविष्य की संभावनाओं के लिए अपनी मौजूदगी दर्ज कराने की रणनीति। आखिर राजनीति में कभी-कभी बैठक में बैठने से ज्यादा जरूरी होता है यह दिखाना कि आप बैठक के आसपास कितने करीब थे।

नगर अध्यक्ष के रवैये से नाराजगी सामने आई

# भाजपा दफ्तर में खींचतान अब पहुंच गई भोपाल

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर**

भाजपा के नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा और सांसद शंकर लालवानी के समर्थक के बीच कहासुनी भोपाल तक पहुंच गई है। अध्यक्ष के रवैये को लेकर नाराजगी दिख रही है। उल्लेखनीय है कि पिछले दिनों शंकर लालवानी के समर्थक ने सुमित मिश्रा को पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के लिए नाम दिया था।

मिश्रा ने उसे नियुक्त नहीं किया और पेड वर्कर बता दिया था। इस बात से दोनों में कहासुनी हो गई थी और मामला गंभीर होने के बाद भाजपा दफ्तर में खूब चचाएं भी होने लगी थी। इस लड़ाई की गूंज भोपाल तक पहुंच गई है। बताते है कि मिश्रा का जो बातचीत का तरीका है वह पहले से बदल गया है। जितने सामान्य तरीके से वे रहते थे अब उनकी कहानी बदलती हुई दिख रही है।

तीन नंबर से विधानसभा चुनाव उस लड़ने के सपने भी आने लगे है, इसी वजह से महिला मोर्चा की अध्यक्ष को भी इसी विधानसभा से बनाया गया है। मिश्रा ने जिस तरीके से अपनी तैयारी शुरू की है उससे तो यही लग रहा है कि उनसे कार्यकर्ता नाराज होते जा रहे है और इससे पार्टी को नुकसान हो रहा है। गौरव रणदीवे ने अपने कार्यकाल में बड़ी टीम तैयार की थी और टीम ने ही इन्दौर में काम करने का तरीका भी बताया था। लगभग 5 साल तक अध्यक्ष रहने के रणदीवे ने इन्दौर में अपनी कार्यशैली की छाप छोड़ दी थी और उनके अच्छे काम को लेकर ही भोपाल में उन्हें जगह मिली। प्रदेश में महामंत्री बनाया गया।

### बदलाव नहीं किया तो इसके नतीजे ठीक नहीं होगे

बताते है कि ये क्वालिटी सुमित मिश्रा में नजर नहीं आ रही है। वे जरा सी बात पर तूल पकड़ लेते है और कार्यकर्ताओं के साथ उनका बर्ताव ठीक नहीं रहता है। अगले साल नगर निगम चुनाव है ऐसे में उनकी इस कार्यशैली से पार्टी में बिखराव के आसार दिख रहे है। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल तक उनकी नाराजगी पहुंची है और नतीजा यह निकला है कि उन्हें इसका खामियाजा भी भुगतना पड़ सकता है ,क्योंकि जो विवाद भाजपा कार्यालय पर हुआ था वह सामान्य था, लेकिन उसकी गूंज लंबी है और ऐसे में कार्यकर्ताओं को परेशान होना पड़ सकता है। दतिया चुनाव में कार्यकर्ताओं की नाराजगी ही नुकसानदायक रही है। इस बात भी यही सोचा जा रहा है कि अगर बड़े नेताओं ने अपनी कार्यशैली में बदलाव नहीं किया तो इसके नतीजे ठीक नहीं होगे और नुकसान भी हो सकता है।

# आयुर्वेद महाविद्यालय एवं तहसील कार्यालय का किया निरीक्षण

## योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन एवं गुणवत्तापूर्ण विकास कार्य किए जाए

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर**

संभागायुक्त भास्कर लक्षकार ने रविवार को इंदौर संभाग के बुरहानपुर जिले के कलेक्ट्रेट कार्यालय सभाकक्ष में विभिन्न विभागीय योजनाओं एवं कार्यों की समीक्षा की तथा अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने शासन की प्राथमिकता वाली योजनाओं पर विशेष ध्यान देते हुए योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन एवं पात्र हितग्राहियों को समय पर लाभ दिलाना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। संभागायुक्त श्री लक्षकार ने वृंदावन ग्राम योजना की समीक्षा करते हुए कहा कि यह मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की प्राथमिकता वाली योजना है, इसके क्रियान्वयन पर विशेष ध्यान दिया जाए।

### उद्योग एवं पंचायत कार्यों की समीक्षा

संभागायुक्त श्री लक्षकार ने राजस्व विभाग के अंतर्गत फार्मर आईडी, भू-अर्जन सहित अन्य कार्यों की प्रगति की जानकारी ली। उद्योग विभाग की उद्यम क्रांति योजना की समीक्षा भी की गयी। इस दौरान कलेक्टर श्री हर्ष सिंह ने जिले में विकसित किए जा रहे इंडस्ट्रियल एरिया एवं उद्योग क्षेत्र में हो रही प्रगति से अवगत कराया। पंचायत विभाग की समीक्षा के दौरान संभागायुक्त श्री लक्षकार ने गुणवत्तापूर्वक तालाब निर्माण हेतु उचित कार्यवाही के लिये भी निर्देश दिये।

उज्जैन के महाकाल लोक में साकार होगी ऋषि परंपरा

# लाल बलुआ पत्थर से तराशी जा रहीं सप्तऋषियों की प्रतिमाएं


## फाइबर की पुरानी प्रतिमाओं की जगह राजस्थान के बंसी पहाड़पुर पत्थर से तैयार भव्य मूर्तियां स्थापित की जाएंगी

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन**



विश्वप्रसिद्ध श्री महाकालेश्वर मंदिर के महाकाल लोक की भव्यता में जल्द ही एक और आध्यात्मिक अध्याय जुड़ने जा रहा है। परिसर में पहले स्थापित फाइबर की मूर्तियों के स्थान पर अब मजबूत और लंबे समय तक टिकने वाली पत्थर की भव्य कलाकृतियां स्थापित की जा रही हैं। नई योजना के तहत सप्तऋषियों, भगवान शिव और देवगुरु बृहस्पति की प्रतिमाएं राजस्थान के बंसी पहाड़पुर के ऐतिहासिक लाल बलुआ पत्थर से तैयार की जा रही हैं। इन कलाकृतियों को हरिफाटक स्थित हाट बाजार में आकार दिया जा रहा है। प्रतिमाओं के निर्माण में बंसी पहाड़पुर और बयाना स्टोन का इस्तेमाल किया जा रहा है। खास बात यह है कि इसी प्रकार के विशेष पत्थर का इस्तेमाल अयोध्या में बने भव्य राम मंदिर के निर्माण में भी किया गया है।

महाकाल लोक परिसर के लिए तैयार की जा रही प्रतिमाओं में महर्षि कश्यप, अत्रि, वशिष्ठ, विश्वामित्र, गौतम, जमदग्नि और भारद्वाज के साथ भगवान शिव और देवगुरु बृहस्पति शामिल हैं। मूर्तिकार इन प्रतिमाओं को ध्यान, आशीर्वाद और शांति की मुद्राओं में तराश रहे हैं। माना जा रहा है कि इनके स्थापित होने के बाद श्रद्धालुओं को भारतीय ऋषि परंपरा, तपस्या और ज्ञान की समृद्ध विरासत को करीब से देखने का अवसर मिलेगा।



### राष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त मूर्तिकार कर रहे निर्माण

इस विशेष परियोजना के लिए ग्वालियर और ओडिशा के अनुभवी मूर्तिकारों को जिम्मेदारी दी गई है। राष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त मूर्तिकार ईश्वरचंद्र महाराणा और उनकी टीम पिछले दो वर्षों से अधिक समय से इन प्रतिमाओं के निर्माण में जुटी है। वर्तमान में हरिफाटक पुल के पास स्थित हाट बाजार में सप्तऋषियों की अधिकांश प्रतिमाएं तैयार हो चुकी हैं। अब उनके पेडस्टल और फिनिशिंग का काम अंतिम चरण में चल रहा है। महाराजा विक्रमादित्य शोधपीठ के निदेशक संजीव कुमार मालवीय के अनुसार देश-विदेश के चुनिंदा शिल्पकारों को कार्यशाला के माध्यम से इस परियोजना से जोड़ा गया था। अधिकांश प्रतिमाओं का निर्माण पूरा हो चुका है और अब पेडस्टल व फिनिशिंग का काम किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि लगभग छह महीने के भीतर इन प्रतिमाओं को महाकाल लोक परिसर में विधिवत स्थापित कर दिया जाएगा।

### ऋषि परंपरा के भी होंगे दिव्य दर्शन

स्थायी और कलात्मक पत्थर की इन प्रतिमाओं के स्थापित होने के बाद महाकाल लोक की आध्यात्मिक भव्यता और बढ़ने की उम्मीद है। देश-विदेश से आने वाले श्रद्धालुओं को भगवान महाकाल के साथ-साथ प्राचीन भारतीय ऋषि परंपरा और सनातन ज्ञान परंपरा की भी झलक देखने को मिलेगी।

### प्रतिमाओं मे यह है खास

परिसर में महर्षि कश्यप, अत्रि, वशिष्ठ, विश्वामित्र, गौतम, जमदग्नि और भारद्वाज के साथ ही भगवान शिव और देवगुरु बृहस्पति की प्रतिमाओं को ध्यान, आशीर्वाद और शांति मुद्रा करते हुए बारीकी से उकेरा गया है, जिससे श्रद्धालु भारतीय ज्ञान और तपस्या की समृद्ध परंपरा का अनुभव कर सकेंगे। सरकार की इस विशेष योजना के तहत ग्वालियर और ओडिशा के सिद्धहस्त मूर्तिकारों को कार्य सौंपा गया है।

महाराजा विक्रमादित्य शोधपीठ के निदेशक संजीव कुमार मालवीय के अनुसार, देश-विदेश के चुनिंदा शिल्पकारों को कार्यशाला के जरिए इस ड्रीम प्रोजेक्ट से जोड़ा गया था। अधिकांश प्रतिमाओं का निर्माण कार्य पूरा हो चुका है। अब इनके पेडस्टल और फिनिशिंग का काम अंतिम चरण में है। अगले लगभग

न्यूज कालम



## नेशनल लोक अदालत को लेकर सनावद न्यायालय परिसर में जागरूकता शिविर

**सनावद।** आगामी 12 सितंबर को आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत को लेकर न्यायालय परिसर सनावद में विधिक जागरूकता शिविर आयोजित किया गया। शिविर में न्यायाधीशों एवं अधिवक्ताओं ने आमजन से अधिक से अधिक मामलों का आपसी सहमति और राजीनामे के माध्यम से निराकरण कराने की अपील की। इस अवसर पर न्यायाधीश मो. असलम देहलवी, योगेश चालीसा एवं सुश्री आकांक्षा गर्ग ने कहा कि लोक अदालत सुलभ, सरल और त्वरित न्याय का माध्यम है। छोटे-मोटे विवाद, मारपीट, चेक बाउंस एवं सिविल प्रकरणों सहित विभिन्न मामलों में आपसी समझौते से विवाद समाप्त किए जा सकते हैं। उन्होंने कहा कि लोक अदालत की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि यहां न कोई हारता है और न कोई जीतता है, बल्कि राजीनामे से दोनों पक्षों की जीत होती है। अधिवक्ता संघ अध्यक्ष गणेश मालवीय एवं अधिवक्तागणों ने भरोसा दिलाया कि आगामी नेशनल लोक अदालत में अधिक से अधिक प्रकरणों के निराकरण के लिए भरसक प्रयास किए जाएंगे। कार्यक्रम में के.आर. सोनाने, भारत पटेल, के.एस. सोहनी, आर.सी. अत्रे, विजय घरिया, शुभम रांडवा, जुल्फिकार खान, राधेश्याम सिसोदिया, जे.के. यादव, श्रीमती श्वेता महेश्वरी, श्रीमती मीना मंडलोई, नोमान हिलाल, जयेश यादव सहित अन्य अधिवक्तागण उपस्थित रहे।

## विघ्नहर्ता के दरबार में उमड़ा आस्था का सैलाब, बहुला संकष्टी चतुर्थी पर्व मनाया



**सनावद।** भाद्रपद मास के कृष्ण पक्ष की चतुर्थी तिथि पर सोमवार को नगर में बहुला संकष्टी चतुर्थी का पावन पर्व श्रद्धा, भक्ति और उल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर नगर के प्राचीन श्री सिद्धि विनायक गणेश मंदिर में सुबह से ही दर्शन और पूजन के लिए श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। मंदिर के पुजारी पंडित राजेंद्र व्यास ने भगवान श्री गणेश का अथर्वशीर्ष पाठ के साथ विशेष पूजन-अर्चन एवं अभिषेक कराया। इसके बाद विघ्नहर्ता गणपति का आकर्षक और मनमोहक श्रृंगार किया गया, जिसने श्रद्धालुओं का मन मोह लिया। पंडित व्यास ने बताया कि च्संकष्टीज का अर्थ संकटों और दुखों से मुक्ति दिलाने वाला माना जाता है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार इस दिन श्रद्धापूर्वक व्रत और भगवान गणेश का पूजन करने से जीवन के विघ्नों का नाश होता है और सुख-समृद्धि की प्राप्ति होती है। संतान की खुशहाली के लिए महिलाओं ने रखा व्रत दिनभर चले धार्मिक अनुष्ठानों में बड़ी संख्या में महिलाओं ने संतान की दीघार्यु, उत्तम स्वास्थ्य और परिवार की सुख-समृद्धि की कामना को लेकर व्रत रखा। भगवान विघ्नहर्ता को परंपरा अनुसार सत्तू से बने विशेष भोग अर्पित किए गए। संध्या समय व्रतधारी महिलाओं ने चंद्र देव के दर्शन कर उन्हें अर्घ्य अर्पित किया और विधि-विधान से पूजा संपन्न की। इसके पश्चात मंदिर परिसर में महाआरती और भजन-कीर्तन का आयोजन हुआ, जहां गणपति बप्पा के जयकारों से पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा। अंत में श्रद्धालुओं के बीच भगवान गणेश के प्रिय मोदक का प्रसाद वितरित किया गया। दिनभर मंदिर परिसर में आस्था और भक्ति का अद्भुत संगम देखने को मिला।

## नेपा लिमिटेड में स्वच्छता पखवाड़ा संपन्न, उत्कृष्ट विभागों का सम्मान



**नेपानगर।** नेपा लिमिटेड के प्रशासनिक भवन में सोमवार को स्वच्छता पखवाड़ा-2026 का समापन सत्र आयोजित हुआ। अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक नरेश सिंह ने अधिकारियों और कर्मचारियों को स्वच्छता के प्रति संकल्प दिलाया। नरेश सिंह ने कहा कि स्वच्छता अब सरकारी अभियान तक सीमित नहीं, बल्कि राष्ट्रव्यापी जनांदोलन बन चुकी है। नागरिकों, उद्योगों और संस्थानों की भागीदारी से सकारात्मक परिणाम मिल रहे हैं। स्वच्छ कार्यस्थल कार्यकुशलता और अनुशासन का आधार है, इसे रोजमर्रा की कार्यसंस्कृति में शामिल करना जरूरी है। पूर्व निदेशक वित्त प्रदीप कुमार नाइक ने कहा कि स्वच्छता संस्थान की कार्य संस्कृति का परिचायक है और इसे निरंतर जारी रखना चाहिए। जनसंपर्क अधिकारी संदीप ठाकरे ने बताया कि 16 से 31 अगस्त तक स्वच्छता पखवाड़े में जागरूकता, श्रमदान, सफाई अभियान और नारा प्रतियोगिता आयोजित की गई। समापन पर उत्कृष्ट स्वच्छता के लिए पेपर मशीन विभाग के महेंद्र केशरी, केके देशमुख और टीम, पावर हाउस विभाग के सुधीर कुमार पटले, सीएन वर्मा और टीम, अतिथि गृह के लिए ज्ञानेश्वर खैरनार, शिरीष येलवनकर और टीम को सम्मानित किया गया।

## आबकारी विभाग ने 120 लीटर हाथ भट्टी मदिरा एवं 900 किलो महुआ लहान जप्त किया



**खंडवा** ।, कलेक्टर श्री ऋषव गुप्ता के निर्देशन में आबकारी विभाग के दल द्वारा गुरुवार को जिले के ग्राम देगावा, गुजरखेड़ी, जूना पानी, सक्तापुर, इंधावडी जंगल में नाले किनारे झाड़ियो में दबिश की कार्यवाही कर कुल 120 लीटर हाथ भट्टी मदिरा एवं 900 किलोग्राम महुआ लहान जप्त किया गया। जिला आबकारी अधिकारी श्री विनय रंगशाही ने बताया कि इस कार्यवाही में कुल 120 लीटर हाथ भट्टी मदिरा एवं 900 किलोग्राम महुआ लहान जप्त किया गया। जप्त महुआ लहान को विधिवत मौके पर नष्ट किया गया। उन्होंने बताया कि मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम के तहत कुल 9 प्रकरण कायम किए गए।

# इंदौर में भव्य अवार्ड सेरेमनी जश्न का आयोजन

## उत्कृष्ट सेवा अवार्ड सहित अनेक प्रतिष्ठित सम्मान किए अपने नाम

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ सनावद/इंदौर



लायंस क्लब इंटरनेशनल डिस्ट्रिक्ट 3233 जी-1 के सेवा वर्ष 2025-26 के सफल एवं गौरवपूर्ण कार्यकाल के उपलक्ष्य में डिस्ट्रिक्ट गवर्नर ला. अनिल खंडेलवाल के नेतृत्व में इंदौर में भव्य अवार्ड सेरेमनी जश्न का आयोजन किया गया। समारोह में वर्षभर उत्कृष्ट सेवा कार्य करने वाले क्लबों एवं लायन सदस्यों को विभिन्न प्रतिष्ठित पुरस्कारों से सम्मानित किया गया।

इस गरिमामय समारोह में लायंस क्लब सनावद स्नेह ने अपनी उत्कृष्ट सेवा गतिविधियों के दम पर शानदार उपलब्धि हासिल करते हुए कई महत्वपूर्ण सम्मान अपने नाम किए। क्लब को सेवा वर्ष 2025-26 में किए गए उल्लेखनीय सामाजिक एवं सेवा कार्यों के लिए च्उत्कृष्ट सेवा अवार्डज्ज से सम्मानित किया गया। क्लब की इस उपलब्धि ने सनावद सहित पूरे क्षेत्र को गौरवान्वित किया है।

समारोह में क्लब के पदाधिकारियों को व्यक्तिगत स्तर पर भी प्रतिष्ठित पुरस्कार प्रदान किए गए। क्लब अध्यक्ष ला. भागचंद जैन को एक्सीलेंट प्रेसिडेंट अवार्ड से सम्मानित किया गया। वहीं एमजेएफ ला. अनीता जैन को स्टार ऑफ द डिस्ट्रिक्ट अवार्ड तथा क्लब सचिव ला. विपिन गुप्ता को आउटस्टैंडिंग सेक्रेटरी अवार्ड से सम्मानित किया गया। लायंस क्लब सनावद स्नेह ने डिस्ट्रिक्ट स्तर के दो प्रमुख सम्मान भी हासिल किए। क्लब को आउटस्टैंडिंग क्लब अवार्ड तथा एक्सीलेंट लायंस क्लब अवार्ड प्रदान किया गया।

एक ही सेवा कार्यकाल में क्लब एवं उसके पदाधिकारियों को मिले अनेक प्रतिष्ठित सम्मान क्लब की मजबूत टीम भावना, सेवा के प्रति समर्पण और निरंतर सामाजिक गतिविधियों का परिणाम हैं।

इस अवसर पर ला. विनोद जोशी, ला. रजनी जैन, ला. मनजीत कौर भाटिया एवं ला. अनीता चौधरी को लायनवाद के क्षेत्र में 10 वर्ष पूर्ण करने पर विशेष रूप से सम्मानित किया गया। भव्य अवार्ड सेरेमनी च्जश्नज में इंटरनेशनल डायरेक्टर एंडोर्सी ला. कुलभूषण मित्तल, प्रथम वाइस डिस्ट्रिक्ट गवर्नर ला. राम जाट, द्वितीय वाइस डिस्ट्रिक्ट गवर्नर ला. डॉ. राजेंद्र सोडानी एवं डिस्ट्रिक्ट कैबिनेट सचिव संजय डिंगडांग सहित डिस्ट्रिक्ट के अनेक पदाधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में डिस्ट्रिक्ट के विभिन्न क्षेत्रों से आए क्लब अध्यक्ष, सचिव, कोषाध्यक्ष एवं बड़ी संख्या में लायन सदस्यों ने सहभागिता की। समारोह में अतिथियों ने लायंस क्लब सनावद स्नेह की उपलब्धियों पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि क्लब द्वारा सेवा, समर्पण और सामाजिक सरोकारों के क्षेत्र में किए जा रहे कार्य लायंस क्लब इंटरनेशनल के सेवा संकल्पों को सार्थक रूप प्रदान कर रहे हैं।



## पीजी कॉलेज में स्वास्थ्य परीक्षण शिविर, छात्राओं में मिले एनीमिया के लक्षण

खरगोन। शासकीय महा विद्यालय के शारीरिक शिक्षा एवं खेल विभाग में उमंग हेल्थ एवं वेलनेस कार्यक्रम के तहत स्वास्थ्य परीक्षण शिविर आयोजित किया गया। शिविर में स्वास्थ्य विभाग की टीम ने छात्रों का स्वास्थ्य परीक्षण कर परामर्श दिया। स्वास्थ्य परीक्षण दल में डॉ. विनोद पंवार, डॉ. भूपेश पाटीदार, डॉ. किरन डोडवे, अक्षित पंवार, आरती हिरवे, श्वेता मंडलोई एवं काजल अमोदे ने सेवाएं दी।

उमंग कार्यक्रम के नोडल अधिकारी डॉ. गगन कुमार चौधरी ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग की टीम ने 100 विद्यार्थियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। इस दौरान विद्यार्थियों के हीमोग्लोबिन, ब्लड प्रेशर, बीएमआई एवं पोषण संबंधी स्थिति सहित विभिन्न स्वास्थ्य मानकों की जांच की गई। जांच के दौरान अधिकांश छात्राओं में एनीमिया के लक्षण पाए गए।

स्वास्थ्य विभाग की टीम ने छात्राओं को एनीमिया से बचाव, संतुलित एवं पौष्टिक आहार तथा स्वास्थ्य के प्रति आवश्यक सावधानियों के संबंध में परामर्श एवं मार्गदर्शन दिया।



## 17 घंटे में पूर्ण हुआ भगवान श्री सिद्धनाथ महादेव का नगर भ्रमण

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ खरगोन

देवाधिदेव अधिष्ठाता भगवान श्री सिद्धनाथजी महादेव एवं भगवान श्री महाबलेश्वर महादेव का 17 घंटे चला 58वां वार्षिक नगर भ्रमण शिवडोला सोमवार प्रातः 3.30 बजे समापन महाआरती के साथ श्रद्धा, भक्ति और उल्लासपूर्ण वातावरण में विराम दिया गया। भादौ बदी दूज, रविवार 30 अगस्त को प्रातः 10 बजे भावसार मोहल्ला स्थित श्री सिद्धनाथ महादेव मंदिर में पूजा.अर्चना एवं अभिषेक के बाद पालकी यात्रा के साथ शिवडोले का शुभारंभ हुआ था। जिले सहित प्रदेशभर से पहुंचे तीन लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने शिवडोले में भागीदारी कर अपने आराध्य देव के दर्शन किए।

सार्वजनिक श्रावण मास समारोह आयोजन समिति, श्री सिद्धनाथ महादेव मंदिर भावसार मोहल्ला, खरगोन के प्रवक्ता प्रकाश भावसार ने बताया कि सोमवार प्रातः 3.30 बजे श्री सिद्धनाथ महादेव मंदिर प्रांगण में 58वें शिवडोले की समापन महाआरती हुई। एडीएम रेखा राठौड़, एएसपी शकुंतला रूहल, एएसपी बिट्टू सहगल, एसडीएम सत्येंद्र बैरवा, एसडीओपी सौरभ तोमर, शिवडोला समिति अध्यक्ष नवनीतलाल भंडारी, मंदिर स्थापनकर्ता मल्लीवाल परिवार के गुलाबचंद माणकचंद भावसार एवं समिति संरक्षक मनोहर भावसार सहित अन्य श्रद्धालुओं ने आरती की।

## 31 अगस्त का दिन विमुक्ति दिवस के रूप में मनाया

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ बड़वानी

सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा 31 अगस्त को प्रतिवर्ष सम्पूर्ण मध्यप्रदेश में विमुक्ति दिवस के रूप में मनाये जाने के आदेश के परिपालन मे जिला स्तर पर कलेक्टर श्रीमती जयति सिंह एवं जिला स्तरीय कमेटी के मार्गदर्शन में विमुक्त, घुमक्कड़ एवं अर्द्धघुमक्कड़ समुदाय के लोगों की सहभागिता सुनिश्चित करते हुए 31 अगस्त का दिन विमुक्त दिवस के रूप में जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान कार्यालय परिसर, राजघाट रोड़, बड़वानी में हर्षोउल्लास से मनाया गया।

उक्त कार्यक्रम की अध्यक्षता श्री तारासिह पंवार बंजारा समाज पूर्व जिला अध्यक्ष एवं शासन द्वारा मनोनीत सदस्य, मुख्य अतिथि श्री समीर राठौड़ विमुक्त घुमक्कड डेवलपमेंन्ट फाउण्डेशन, विशेष अथिति श्री नानसिह राठौड बंजारा सामजसेवी मेणीमाता, श्री टी.एस. डुडवे उप संचालक जिला रोजगार, श्री मनीष जोशी डाईट बड़वानी उपस्थित थे।

संचालन श्री नानुराम यादव अधीक्षक पिछड़ा वर्ग पोस्ट मेट्रिक बालक छात्रावास बड़वानी द्वारा किया गया। कार्यलयीन स्टॉफ श्री सुनील चौहान, विशाल पुरोहित, श्री कैलाश चौहान, श्रीमती वदंना अरोरा, श्रीमती मेघा मेहता उपस्थित थे। आभार श्री गोपाल जाधव, अधीक्षक विमुक्त जाति बालक छात्रावास सेंधवा द्वारा किया गया।

## अध्यक्ष पद पर श्री सबनानी हुए विभूषित

**खंडवा।** सिंधी कॉलोनी स्थित प्राचीन श्री झूलेलाल मंदिर में सिंधी समाज की समाजसेवी संस्था श्री झूलेलाल नवयुवक मंडल संरक्षक नन्दलाल भोजवानी एवं अध्यक्ष मोहन दीवान की मौजूदगी में मंडल अध्यक्ष पद पर श्री मनोहरलाल सबनानी का मनोनयन किया गया।



## बालीपुर में सिर्वी महासभा की प्रदेश स्तरीय संयुक्त बैठक सम्पन्न

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ मनावर

अखिल भारतीय सिर्वी महासभा मध्यप्रदेश, महिला संगठन एवं युवा संगठन की प्रदेश स्तरीय संयुक्त बैठक रविवार को सिर्वी समाज धर्मशाला बालीपुर में सम्पन्न हुई। बैठक में समाज की एकता, संगठन की मजबूती, शिक्षा के विस्तार, जरूरतमंद विद्यार्थियों के लिए शिक्षा सहायता कोष तथा इंदौर में प्रस्तावित हॉस्टल निर्माण सहित विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर विचार-मंथन किया गया।

बैठक को संबोधित करते हुए प्रांतीय अध्यक्ष कांतिलाल गेहलोत ने कहा कि श्री आई माताजी का प्रकटोत्सव भादवी बीज महोत्सव 13 सितम्बर को मध्यप्रदेश के प्रत्येक गांव में एक साथ पारंपरिक एवं गरिमामय वातावरण में मनाया जाए। उन्होंने कहा कि महोत्सव के दौरान प्रत्येक गांव में किसी बुजुर्ग एवं समाजसेवी का सम्मान किया जाए, ताकि नई पीढ़ी को समाजसेवा, संस्कार और सामाजिक एकता की प्रेरणा मिल सके। बैठक में इंदौर में प्रस्तावित हॉस्टल निर्माण को लेकर गंभीरता से चर्चा की गई। प्रांतीय अध्यक्ष गेहलोत ने कहा कि समाज के विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए हॉस्टल निर्माण महत्वपूर्ण परियोजना है। इसके लिए निर्माण की आवश्यकता, स्वरूप, समिति गठित की गई।

## पानी की टंकी के पास गड्ढे में मिला नवजात का शव

**बुरहानपुर।** नेपानगर थाना क्षेत्र के ग्राम सिवाल में सोमवार सुबह पानी की टंकी के पास गड्ढे में नवजात का शव मिलने से सनसनी फैल गई। शव करीब ७ से 8 माह की बालिका का बताया जा रहा है। सरपंच पति गजानंद महावर ने बताया कि सुबह ग्रामीणों ने वाटर सप्लाई के पास गड्ढे में नवजात पड़ा देखा। उन्होंने तुरंत उन्हें सूचना दी। सूचना पर उन्होंने पुलिस प्रशासन को अवगत कराया। सूचना मिलते ही नेपानगर पुलिस टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने मौका पंचनामा कर मर्ग पंजीयन किया। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। पुलिस के अनुसार प्रथम दृष्टया मामला 7 से 8 माह के नवजात को फेंकने का प्रतीत हो रहा है। शव बालिका का है। मामले में अज्ञात आरोपियों के खिलाफ जांच शुरू की गई है। पुलिस आसपास के गांवों में भी पूछताछ कर रही है।

## सिंचाई के लिए नर्मदा परियोजना का पानी छोड़ने की मांग को लेकर कैबिनेट मंत्री का पैदल मार्च

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ आलीराजपुर

जिले में कम वर्षा के चलते उत्पन्न हो रही सिंचाई एवं जल संकट की समस्या को लेकर किसानों ने सोमवार को कैबिनेट मंत्री नागरसिंह चौहान के समक्ष अपनी मांगें रखीं। किसानों ने बताया कि जिलेभर में पर्याप्त बारिश नहीं होने से जलस्तर लगातार कम हो रहा है और खेतों में फसलों की सिंचाई के लिए आवश्यक पानी उपलब्ध नहीं हो पा रहा है। इससे किसानों के सामने फसल प्रभावित होने के साथ आर्थिक संकट की स्थिति भी बन रही है।

किसानों ने मंत्री श्री नागरसिंह चौहान को ज्ञापन सौंपते हुए नर्मदा सिंचाई परियोजना से आलीराजपुर जिले के प्रभावित क्षेत्रों के लिए तत्काल पानी छोड़े जाने की मांग की। किसानों का कहना था कि यदि समय रहते सिंचाई के लिए पानी उपलब्ध नहीं कराया गया तो फसलों को भारी नुकसान हो सकता है तथा किसानों और उनके परिवारों की आजीविका प्रभावित होगी।

किसानों की समस्या को गंभीरता से लेते हुए कैबिनेट मंत्री नागरसिंह चौहान स्वयं किसानों के साथ पैदल मार्च करते हुए कलेक्टर कार्यालय पहुंचे। कलेक्टर कार्यालय पहुंचने के बाद मंत्री श्री चौहान किसानों के साथ जमीन पर बैठ गए और उनकी समस्याओं को कलेक्टर को विस्तार से बताई। इस दौरान कलेक्टर के समक्ष जिले में कम वर्षा एवं जल संकट की स्थिति से अवगत कराया तथा नर्मदा सिंचाई परियोजना से किसानों के खेतों तक सिंचाई के लिए पानी छोड़े जाने की मांग रखी। किसानों ने कहा कि वर्तमान परिस्थितियों में फसलों को बचाने के लिए सिंचाई का पानी बेहद आवश्यक है।

## सेवा संकल्प अभियान के लिए भाजपा ने गठित की जिला स्तरीय टोली

**खंडवा।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक हेमंत खण्डेलवाल के निर्देशानुसार भाजपा जिलाध्यक्ष राजपाल सिंह तोमर ने च्सेवा संकल्प अभियानज के सफल क्रियान्वयन के लिए जिला स्तरीय टोली का गठन किया है। यह अभियान 17 सितंबर से 18 अक्टूबर 2026 तक आयोजित किया जाएगा। प्रवक्ता सुनील जैन ने बताया कि जिला स्तर पर गठित टोली में भाजपा के वरिष्ठ पदाधिकारियों और जनप्रतिनिधियों को जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। पूर्व जिलाध्यक्ष एवं धार जिले के प्रभारी सुभाष कोठारी को अभियान का संयोजक बनाया गया है। वहीं मांधाता विधायक नारायण पटेल और पूर्व महापौर भावना शाह को सहसंयोजक की जिम्मेदारी दी गई है। इसी तरह जिला महामंत्री धर्मेंद्र बजाज, अजा मोर्चा जिलाध्यक्ष धर्मेंद्र डांगोरे तथा युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष सागर अरतानी को भी सहसंयोजक बनाया गया है। भाजपा जिलाध्यक्ष राजपाल सिंह तोमर ने बताया कि प्रदेश नेतृत्व के निर्देशानुसार अभियान के तहत विभिन्न सेवा गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा।

पश्चिम रेलवे – रतलाम मंडल

ई- निविदा सूचना

**निविदा सूचना संख्या:** M247_MECH_TENDER_26-27_04 • **दिनांक:** 29/08/2026 **कार्य का नाम:** वैगनों के अंडरफ्रेम एवं बोगी के विभिन्न घटकों को खोलने एवं अलग करने का कार्य। मात्रा: 6,000 वैगन बोगियां • **कार्य पूर्ण करने की अवधि:** 24 माह • **कार्य की अनुमानित लागत:** ₹94,42,569/- • **बयाना राशि :** ₹1,88,900/- • **निविदा जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय:** 21/09/2026 को 11:00 बजे तक • **निविदा खोलने की तिथि एवं समय:** 21/09/2026 को 11:30 बजे • **वेबसाइट:** www.ireps.gov.in • **निविदा का स्थान:** मुख्य कार्यशाला प्रबंधक का कार्यालय, रोलिंग स्टॉक वर्कशॉप, पश्चिम रेलवे, परेल, फ्रीलैंडगंज, दाहोद – 389160 • **अनिवार्य दस्तावेज:** निविदाकर्ता को अनिवार्य दस्तावेज जैसे Annexure-V(A) (अगर लागू हो तो) और साथ ही निविदा जमा करने के लिए प्राधिकरण से संबंधित दस्तावेज तथा GCC एवं निविदा दस्तावेज़ के Part-1 के Para 15 एवं Para 18 में निर्दिष्ट अपेक्षित दस्तावेज़ भी निविदा के साथ जमा करने होंगे। अनिवार्य और प्रासंगिक दस्तावेजों की प्रति प्रस्तुत न करने पर उसकी/उनकी ऑफर को **अस्वीकार मानते हुए निरस्त किया जाएगा।**

CRY/231

Like us on: facebook.com/WesternRly

## विधायक, महापौर और कलेक्टर ने किया जिला चिकित्सालय का औचक निरीक्षण

**खंडवा** ।, विधायक श्रीमती कंचन तन्वे, महापौर श्रीमती अमृता अमर यादव और कलेक्टर श्री ऋषव गुप्ता ने रविवार को मेडिकल कॉलेज सह जिला चिकित्सालय खंडवा का आकस्मिक निरीक्षण किया।

पश्चिम रेलवे - रतलाम

ई–निविदा सूचना

**IREPS Tender No. M-QWA-RTM PF-8-2026. 1. कार्य का नाम एवं स्थानः** प्रस्तावित प्लेटफॉर्म नंबर 08 पर त्वरित कोच वॉटरिंग सिस्टम की व्यवस्था। **2. कार्य की अनुमानित लागतः ₹2,57,15,484.67/– सभी टैक्स एवं GST समेत। 3. निविदा फार्म की कीमतः** समस्त निविदाकार के लिए ई–निविदा फार्म निःशुल्क। **4. अग्रिम धनः ₹5,14,300.00/–। 5. समापन अवधिः** 6 माह एलओए जारी होने की तारीख से। **6. कार्यालय का पता जहां निविदा खुलेगीः** कार्यालय वरिष्ठ मंडल यांत्रिकी इंजीनियर (कै.वै.), रतलाम मंडल (प.रे)। **7. निविदा फार्म जमा करने एवं निविदा खुलने का समयः** बंद होने का समयः 15:00 Hrs. on 17.09.2026। खुलने का समयः 15:30 Hrs. on 17.09.2026। **8. वेबसाईट व नोटिस बोर्ड जहां निविदा संबंधी सम्पूर्ण जानकारी प्राप्त की जा सकती हैः** निविदायें IREPS की वेबसाईट ireps.gov.in पर देखी जा सकती है साथ ही इस संबंध में कोई भी जानकारी कार्यालय वरिष्ठ मंडल यांत्रिकी इंजीनियर (कै.वै), रतलाम मंडल (प.रे) से सभी कार्यालयीन दिवस पर प्राप्त की जा सकती है। **0233**

हमें लाइक करें: facebook.com/WesternRly

## उचित मूल्य दुकानों पर खाद्यान्न वितरण में लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी : मंत्री श्री नागर सिंह चौहान

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ आलीराजपुर

कलेक्टोरेट सभा कक्ष में कैबिनेट मंत्री श्री नागर सिंह चौहान की अध्यक्षता में जिला खाद्य आपूर्ति विभाग की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले में सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत संचालित शासकीय उचित मूल्य दुकानों की व्यवस्थाओं एवं खाद्यान्न वितरण की समीक्षा की गई।

बैठक में कैबिनेट मंत्री श्री चौहान ने कहा कि जिले के भ्रमण के दौरान शासकीय उचित मूल्य दुकानों से हितग्राहियों को खाद्यान्न नहीं मिलने की लगातार शिकायतें प्राप्त हो रही हैं। साथ ही कुछ विक्रेताओं द्वारा हितग्राहियों को यह कहकर भ्रमित किया जा रहा है कि शासन से खाद्यान्न सामग्री का आवंटन प्राप्त नहीं हुआ है। उन्होंने कहा कि माह अगस्त एवं सितंबर का खाद्यान्न पूर्व से ही आवंटित किया जा चुका है। इसके बावजूद इस प्रकार की शिकायतें प्राप्त होना विक्रेताओं की लापरवाही को दर्शाता है।

मंत्री श्री चौहान ने सभी उचित मूल्य दुकान विक्रेताओं को निर्देश दिए कि आगामी दिनों में पात्र हितग्राहियों को शत-प्रतिशत खाद्यान्न वितरण सुनिश्चित किया जाए। सभी उचित मूल्य दुकानों पर उपलब्ध खाद्यान्न स्टॉक की जानकारी बोर्ड पर अनिवार्य रूप से दर्ज की जाए, ताकि हितग्राहियों को उपलब्ध सामग्री एवं स्टॉक की स्पष्ट जानकारी मिल सके।



उन्होंने उचित मूल्य दुकानों की रंगाई-पुताई कराने तथा इलेक्ट्रॉनिक तौल कांटे का उपयोग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही संबंधित अधिकारियों को जिले में संचालित क्षतिग्रस्त उचित मूल्य दुकानों की सूची तैयार कर प्रशासन के माध्यम से उनके सुधार अथवा पुनर्निर्माण का प्रस्ताव तैयार कर शासन को अवगत कराने के निर्देश दिए।

कैबिनेट मंत्री श्री चौहान ने महिला समूहों की सदस्यों को निर्देशित करते हुए कहा कि वे यह सुनिश्चित करें कि उचित मूल्य दुकानों का संचालन स्वयं महिला समूहों द्वारा ही किया जाए। इससे महिलाओं को दुकान संचालन का अनुभव प्राप्त होगा तथा किसी भी प्रकार की अनियमितता की गुंजाइश भी कम होगी। उन्होंने कहा कि महिला समूहों द्वारा उचित मूल्य दुकानों का बेहतर संचालन शासन की मंशा के अनुरूप महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त एवं आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

मंत्री श्री चौहान ने कहा कि प्रत्येक विक्रेता यह भी सुनिश्चित करे कि उसे आवंटित खाद्यान्न सामग्री गुणवत्तापूर्ण हो। यदि किसी कारणवश खाद्यान्न की गुणवत्ता में कमी पाई जाती है तो तत्काल विभाग को सूचना देकर सामग्री को बदलवाने की कार्रवाई की जाए। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि खाद्यान्न वितरण में किसी भी प्रकार की अनियमितता अथवा लापरवाही पाए जाने पर आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत नियमानुसार कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने कहा कि शासन की योजनाओं का लाभ हर परिस्थिति में पात्र हितग्राही तक पहुंचना चाहिए और इसमें किसी भी स्तर पर लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। इस दौरान कलेक्टर श्रीमती नीतू माथुर, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्रीमती संघमित्रा गौतम, अपर कलेक्टर श्री सोहन कनास, आदि उपस्थित थे।

## न्यूज -कॉलम

### शोरूम संचालक की हत्या करने वालों को भेजा जेल

**उज्जैन।** हार्न बजाकर साइड मांगने पर गुरूवार-शुक्रवार रात दमदमा में ट्रेक्टर शोरूम संचालक यश पिता विजयनारायण मित्तल निवासी ऋषिनगर की सात बदमाशों ने चाकू मारकर हत्या कर दी थी। माधवनगर थाना पुलिस ने मृतक के दोस्त अमित पालीवाल की शिकायत पर सागर तनोरिया, विशाल ठाकुर, विजय ठाकुर, करण गाठिया, आकाश रायकवार, आयुष शर्मा और आयुष उर्फ सेंटू कुशवाहा के खिलाफ हत्या का प्रकरण दर्ज किया था। 2 दिन में सभी आरोपियों की गिरफ्तारी की गई और चाकू बरामद किया गया। थाना प्रभारी गजेन्द्र पचौरिया ने बताया कि सोमवार सभी आरोपियों को कोर्ट में पेश किया गया था, जहां न्यायिक हिरासत में जेल भेजा गया है। विदित हो कि बदमाशों ने साइड मांगने पर यश और उसके दोस्तों को धमकी भरे अंदाज में कहा था कि यह दमदमा है, हमारे बारे में यहा पता कर लेना हम कौन है, गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने उन्ही के अंदाज में दमदमा ले जाकर बदमाशों को कानून के डंडे का खौफ दिखाया था।

### उडीसा के गांजा तस्कर को 8 दिन की रिमांड पर लिया

**उज्जैन।** चिमनगंज थाना पुलिस ने 8 दिन पहले कानीपुरा रोड से कार सवार आदर्श नायक ग्राम इटावा तराना हाल मुकाम राज रॉयल कालोनी, तेजस वर्मा देवनगर आगररोड और साहिल हैला निवासी बडा मोहल्ला पानबिहार को के पास से 53 किलो से अधिक गांजा बरामद किया था। तीनों से रिमांड के दौरान गांजा तस्कर सचिन उर्फ जतीन पिता प्रकाशचंद्र डिगल 33 साल निवासी भुवनेश्वर का सुराग मिला था, पुलिस की एक टीम सचिन को उडीसा से गिरफ्तार कर उज्जैन लाई थी। जिसे सोमवार को न्यायालय में पेश कर 8 दिनों की रिमांड पर लिया गया है। थाना प्रभारी विवेक कनोडिया ने बताया कि उडीसा के तस्कर से पूछताछ में गांजा सप्लाई की कई जानकारी सामने आ सकती है, संभावना है कि उससे जुडे कुछ ओर आरोपी भी गिरफ्त में आ सकते है।

### क्षेत्र में मिला जिलाबदर बदमाश,लगाई रासुका

**उज्जैन।** तराना थाना पुलिस ने सरस्वती कालोनी में रहने वाले बदमाश जगदीश पिता भीमा 45 साल को कुछ माह पहले अपराधिक गतिविधियों के चलते जिलाधीश के आदेश पर संभाग की सीमा से जिलाबदर कर दिया था। उसे बिना अनुमति जिले में प्रवेश की अनुमति नहीं थी। बावजूद जिलाबदर बदमाश रविवार रात सरस्वती कालोनी के सामने रूपाखेडी मार्ग पर घूम रहा था। बदमाश के बिना अनुमति नगर में प्रवेश करने की सूचना मिलने पर एएसआई आनंदसिंह झाला टीम के साथ रूपाखेडी मार्ग पहुंचे और घेराबंदी कर जिलाबदर बदमाश को पकडा गया। जिसके खिलाफ मध्यप्रदेश राज्य सुरक्षा अधिनियम की धारा 14 में प्रकरण दर्ज किया और सोमवार को न्यायालय में पेश किया, जहां से जेल भेजा गया है। तराना पुलिस के अनुसार बदमाश के खिलाफ कई संगीन मामले पूर्व में दर्ज हो चुके है। लेकिन उसकी अपराधिक गतिविधियां कम नहीं हो रही थी। जिसके चलते उसे जिलाबदर किया गया था, बदमाश मूलरूप से देवली का रहने वाला है और वर्तमान में सरस्वती कालोनी में निवास कर रहा था।

### युवक की मौत के 13 दिन बाद दर्ज हुआ केस

**उज्जैन।** इंगोरिया थाना क्षेत्र के ग्राम खरसौदखुर्द पावर हाऊस के पास 18 अगस्त की रात सडक दुर्घटना में मोहन पिता बगदीराम परमार 35 साल निवासी खरसौदखुर्द की मौत हो गई थी। घटनाक्रम के दौरान चार पहिया वाहन चालक द्वारा टक्कर मारना सामने आया था। पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर मृतक का पोस्टमार्टम कराया था। 13 दिन बाद रविवार को पुलिस ने मामले में चालक के खिलाफ लापरवाही से वाहन चलाकर युवक की जान लेने का प्रकरण दर्ज किया है।

### देवासगेट पर कार-बाइक भिड़ंत में एक घायल

**उज्जैन।** देवासरोड पर बोलासा फंटा पर सोमवार दोपहर कार-बाइक की भिडंत हो गई। बाइक पर सवार राहुल पिता गंगाराम चौधरी 52 साल निवासी जैन कालोनी नरवर गंभीर घायल हो गया। दुर्घटना की खबर मिलने पर नरवर पुलिस मौके पर पहुंची। घायल को अस्पताल पहुंचाया गया और उसके रिश्तेदार बालूसिंह चौधरी की शिकायत पर कार क्रमांक 25 बीएच 6739 एम नम्बर सामने आने पर चालक के चालक खिलाफ मामला दर्ज किया। बताया जा रहा है कार दूसरे प्रदेश की है। दुर्घटना का दूसरा मामला शांति पैलेस ब्रिज के पास हुआ। एक्टिवा पर सवार तनीषा नामक युवती को तेजगति से दौडती कार ने टक्कर मार दी थी। पुलिस ने सूचना मिलने पर घायल युवती को अस्पताल पहुंचाया और स्वयं दुर्घटना पर संज्ञान लेते हुये कार चालक के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया, जो मौके से भाग निकला था।

| | | |
|---|---|---|
| दिन | 600-6 | 360-9 |
| मेन बाजार | 378-8 | 670-3 |
| कल्याण नाइट | 790-6 | 334-0 |
| मिलन डे | 588-1 | 268-6 |
| मिलन नाइट | 468-8 | 246-2 |
| मधुर डे | 400-4 | 470-1 |
| मधुर नाइट | 256-3 | 249-5 |
| शुभांक | 3 8 | 2 |

## परिवहन निरीक्षक के पास मिली थी आय से अधिक संपत्ति....

# 14 साल बाद 4 साल की सजा, 60 लाख का जुर्माना

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

आय से अधिक संपत्ति मामले में 14 साल बाद आये फैसले में तत्कालीन परिवहन निरीक्षक को 4 साल की सजा सुनाई गई है, साथ ही 60 लाख के अर्थदंड से दंडित किया गया है। अर्थदंड जमा नहीं करने पर सजा का एक साल बढ़ जायेगा।

लोकायुक्त संगठन भोपाल को वर्ष 2011 में परिवहन निरीक्षक सेवाराम खांडेगर के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति की शिकायत मिली थी। 11 सितंबर 2011 को मामले में प्रकरण दर्ज कर लोकायुक्त उपपुलिस अधीक्षक ओपी सागोरिया की टीम ने परिवहन निरीक्षक के अलखनंदा नगर स्थित मकान पर छापा मारा था। आलीशान मकान में विलासिता का हर सामान, आभूषण, नगदी, वाहन मिलना सामने आये थे। प्रकरण की विवेचना उपपुलिस अधीक्षक एसएस उदावत ने शुरू की थी, इस दौरान सामने आया था कि निरीक्षक खांडेगर की आय से 572 प्रतिशत अधिक संपत्ति उनके पास है। उनकी कुल आय 27.37 लाख से कुछ अधिक रही है, लेकिन उनके पास 1.84 करोड से अधिक की संपत्ति है। विवेचना पूरी होने पर भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धारा 13 (1 ई), 13 (2), का प्रकरण दर्ज कर 30 अगस्त 2014 को अभियोग पत्र लोकायुक्त की ओर से विशेष न्यायालय में प्रस्तुत किया गया था। इस दौरान लम्बी



सुनवाई न्यायालय में चली और 14 साल बाद सोमवार को विशेष न्यायाधीश (भ्रष्टाचार निवासी अधिनियम) फैसला सुनाते हुये तत्कालीन निरीक्षक को आय से अधिक संपत्ति का दोषी करार देते हुये 4 साल की सजा और 60 लाख के अर्थदंड से दंडित किया।

### एक साल की बढ़ सकती है सजा

विशेष न्यायालय की ओर से सजा के साथ सुनाये 60 लाख के अर्थदंड पर कहा गया कि अगर जुर्माना अदा नहीं किया गया तो आरोपी को सजा एक साल अतिरिक्त भुगतना होगा। फैसले के बाद न्यायालय में मौजूद आरोपी को लोकायुक्त टीम ने अपनी कस्टडी में लिया और भैरवगढ़ जेल भेज दिया। प्रकरण में लोकायुक्त संगठन की ओर से विशेष लोक अभियोजक मनोज पाठक और बाद में अंश पैरवीकर्ता संजय मीणा डीडीपी द्वारा अभियोजन का संचलान किया। प्रकरण में आरक्षक संजीव कुमारिया ने सहयोग किया।

# महाकाल की सवारी में स्वदेशी पोर्टेबल कैमरों से निगरानी

## पांच स्थानों पर लगाये थे, एक माह में आरक्षक ने किये तैयार





दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

बाबा महाकाल की पांचवीं सवारी में सोमवार को पांच स्थानों पर स्वदेशी पोर्टेबल कैमरों से निगरानी की गई। कैमरों को रेडियो शाखा में पदस्थ प्रधान आरक्षक ने एक माह में तैयार किया था। सवारी में शामिल मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कैमरे देखे तो आरक्षक के नवाचार की सराहना कर पीठ थपथपाई।

एसपी प्रदीप शर्मा ने बताया कि धार्मिक नगरी में श्रद्धालुओं की सुरक्षा, यातायात व्यवस्था, भी? प्रबंधन को लेकर पूरे शहर में सीसीटीवी कैमरे लगे है, बावजूद बाबा महाकाल की पांचवी सवारी में पांच स्थानों पर बिना बिजली से चलाने वाले पांच स्वदेशी पोर्टेबल सीसीटीवी कैमरे लगाकर निगरानी की गई। स्वदेशी कैमरे पुलिस विभाग की रेडियो शाखा में पदस्थ प्रधान आरक्षक गौरव जयसवाल द्वारा तैयार किये गये है, जो सवारी मार्ग पर पूरी तरह कारगर साबित रहे। पांचों स्वदेशी कैमरे सवारी मार्ग गुदरी चौराहा, हरसिद्धि पाल, रामघाट, रामानुजकोट और कमरी मार्ग पर लगाये गये थे। प्रधान आरक्षक द्वारा एक माह की मेहनत के बाद पांच कैमरे तैयार किये गये थे। 10 कैमरे ओर तैयार कराये जा रहे है, जिनका उपयोग शहर में प्रमुख स्थानों पर लगाकर किया जायेगा। सवारी में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव शामिल हुये थे, जिन्हे स्वदेशी कैमरों से अगवत कराया गया, उन्होने कम लागत में कैमरे तैयार करने वाले प्रधान आरक्षक सराहना करते उज्जवल भविष्य की कामना की।

### बिना बिजली 24 घंटे होगी निगरानी

स्वदेशी पोर्टेबल कैमरे बिना बिजली 24 घंटे निगरानी रख सकता है। कैमरे को सोलर पैनल, बेटरी और सीम के साथ डिजाइन किया गया है। दिन में सौर उर्जा से चार्ज होता है, जहां वाईफाई या इंटरनेट नहीं होता है वहां सीम कार्ड के माध्यम से फोन पर लाइव फुटेज देखी जा सकती है। कैमरे में किसी तरह की वायरिंग या बिजली बोर्ड की जरूरत नहीं होती है।

### कम लागत में हाईटेक विकल्प

पोर्टेबल होने के कारण कैमरे को आवश्यकता के अनुसार अलग-अलग संवेदनशील स्थानों पर आसानी से स्थापित किया जा सकता है। कम लागत में तैयार यह स्वदेशी समाधान बडे धार्मिक आयोजनों, जुलूसों और भीडभाड वाले क्षेत्रों में पुलिसिंग को तकनीक से जोडने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

# महाकाल दर्शन की कतार में बालक को स्ट्रीट डॉग ने काटा

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

परिवार के साथ महाकाल दर्शन की कतार में लगे बालक को स्ट्रीट डॉग ने काट लिया। बालक को परिजन लोगों की मदद से मंदिर परिसर स्थित डिस्पेंसरी लेकर पहुंचे। जहां से सोमवार सुबह बालक को रैबिज वैक्सीन डोज के लिये चरक अस्पताल लगाया गया।

बताया जा रहा है कि नोएडा से मिश्रा परिवार महाकाल दर्शन करने आया था। परिवार रविवार रात दर्शन की कतार में लगा था। उसी दौरान बैरिकेट्स के बीच अचानक स्ट्रीट डॉग आ गया और उसने मिश्रा परिवार के 8 वर्षीय पुत्र विवान को काट लिया। कतार में खडे श्रद्धालुओं ने बालक की चीख सुनकर स्ट्रीट डॉग को भगाया। परिवार विवान को मंदिर परिसर स्थित डिस्पेंसरी लेकर पहुंचा। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार दिया। सोमवार सुबह परिवार बालक को लेकर चरक अस्पताल पहुंचा था, जहां पिता करण मिश्रा ने बताया कि घटना कार्तिकेय मंडप के पास हुई। वह दो दिन की यात्रा पर उज्जैन आये थे। चरक अस्पताल में बालक को रैबिज वैक्सीन का पहला डोज लगाया। विदित हो कि महाकाल मंदिर परिसर में स्ट्रीट डॉग के श्रद्धालुओं को काटने का यह पहला मामला नहीं है। पूर्व में भी कई श्रद्धालु मंदिर परिसर और आसपास के क्षेत्र में शिकार हो चुके है। यहीं नहीं कुछ माह पहले तो स्ट्रीट डॉग ने मंदिर की महिला कर्मचारी को काट लिया था। पूर्व में श्रद्धालुओं के साथ हुई घटना को देख नगर निगम टीम द्वारा मंदिर परिसर और आसपास क्षेत्र में अभियान चलाया था और कई स्ट्रीट डॉग पकडे थे, लेकिन एक बार फिर मंदिर के आसपास स्ट्रीट डॉग की मौजूदगी दिखाई दे रही है।

# पांचवी सवारी में कम रहा वारदतों का ग्राफ

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन



सोमवार को बाबा महाकाल की पांचवी सवारी निकाली गई। श्रद्धालुओं की संख्या भी कम रही लेकिन आस्था का सैलाब दिखाई दिया। इस बीच सवारी में श्रद्धालुओं के साथ वारदात होने के मामले भी कम सामने आये।

महाकाल मंदिर से निकली वाली बाबा महाकाल की सवारी का मार्ग 2 थाना क्षेत्र के बीच से गुजरता है। पिछली चार सवारी के दौरान दर्जनों श्रद्धालुओं के पर्स, मोबाइल और चेन चोरी के मामले सामने आये थे। पांचवी सवारी में वारदातों को ग्राफ कम रहा। खाराकुआ थाना क्षेत्र के मार्ग पर 3 श्रद्धालुओं के मोबाइल चोरी की शिकायत पुलिस के पास पहुंची। वहीं महाकाल थाना क्षेत्र में पांच से छह मोबाइल गुम होने की शिकायत श्रद्धालुओं ने पहुंचकर की। पुलिस ने कुछ संदिग्धों को हिरासत में लिया था, जिनसे कुछ सामने नहीं आ पाया। रात में कुछ संदिग्धों को छोड दिया गया, कुछ से पूछताछ जारी है। पिछली चार सवारी के दौरान पुलिस ने वारदात के लिये बाहर से कई गैंग की महिला और पुरूषों को पकडा था। वहीं महाराष्ट के बदमाश को गिरफ्तार कर उसके पास से चौथी सवारी में चोरी की गई चार सोने की चेन और 2 मंगलसूत्र बरामद किये थे। अब पुलिस के लिये आगामी सोमवार को निकलने वाली शाही सवारी चुनौती भरी होगी। शाही सवारी में देशभर से लाखों की संख्या में श्रद्धालु शामिल होगें। सवारी मार्ग भी 3 थाना क्षेत्रों का होगा।



### सवारी में उत्कृष्ट कार्य पर पुलिसकर्मियों का सम्मान...

**उज्जैन।** बाबा महाकाल की पांचवी और भादौ माह की पहली सवारी में सुरक्षा-व्यवस्था की कमान संभालकर उत्कृष्ट कार्य करने पर पुलिसकर्मियों को एसपी प्रदीप शर्मा द्वारा सम्मान किया गया। नीलकंठ द्वारा प्रशस्ती पत्र सौंपते उन्होने सभी भविष्य में इसी प्रकार निष्ठा और लगन के साथ कार्य करने की अपेक्षा व्यक्त की।

# उधार दिये रूपयों को लेकर युवक के साथ मारपीट



**उज्जैन।** खाचरौद थाना क्षेत्र के ग्राम बडागांव में प्रहलाद पिता भुवान चौधरी 32 साल के साथ गांव में रहने वाले नारायण और उसके साथियों मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने प्रहलाद की शिकायत पर नारायण और उसके साथियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है। प्रहलाद ने बताया कि उधार दिये रूपये वापस मांगने पर उसके साथ मारपीट की गई है।


## जाहिर-सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि भूमिस्वामी क्रमांक-1. अशोक कुशवाह पिता श्री ज्ञानसिंह कुशवाह निवासी-39/56/1, भगतसिंह मार्ग जयसिंहपुरा उज्जैन (म.प्र.) के स्वामित्व स्वत्व एवं आधिपत्य की कृषि भूमि आराजी सर्वे क्रं.-147/2 रकबा 0.40 हैक्टर एवं सर्वे क्रमांक-147/3 रकबा 0.40 हैक्टर कुल किता-2 कुल रकबा 0.80 हैक्टर भूमि ग्राम कचनारिया तह. व जिला उज्जैन में स्थित है एवं भूमि स्वामी क्रमांक-2 1. श्रीमती रंजना कुंवर पति स्व.श्री ऋतुराजसिंह 2. विश्वराज सिंह पिता स्व.श्री ऋतुराजसिंह 3. मनीषा झाला पुत्री स्व.श्री ऋतुराजसिंह निवासीगण-ग्राम कचनारिया झाला, देवास रोड उज्जैन (म.प्र.) के स्वामीत्व स्वत्व एवं आधिपत्य की कृषि भूमि आराजी सर्वे क्रं.-144/3 रकबा 0.58 हैक्टर एवं सर्वे क्रमांक-145/1 रकबा 3.00 हैक्टर में से रकबा 0.52 हैक्टर कुल किता-2 कुल रकबा 1. 10 हैक्टर भूमि ग्राम कचनारिया तह. व जिला उज्जैन में स्थित है। उक्त भूमि सिंचित है। उक्त भूमि कृषि उपयोग की है। मेरे पक्षकारा ने भूमि स्वामी से उक्त वर्णित संपत्ति को क्रय करने का सौदा अनुबंध 1 किया होकर विक्रय प्रतिफल की राशि में से बयाना राशि का भुगतान भी भूमि स्वामी को कर दिया है, अब विक्रय पत्र का पंजीयन करवाना शेष रहा है। उक्त संपत्ति पर भूमि स्वामी के अतिरिक्त अन्य किसी व्यक्ति, संस्था, वित्तीय निकाय, बैंक, पेढ़ी, शासकीय या अर्द्धशासकीय संस्था आदि का किसी भी प्रकार का कोई स्वत्व, हित व अधिकार अथवा भार, बोझ, दान, विक्रय, बक्षीस, अनुबंध आदि हो अथवा किसी भी प्रकार का कोई सुखाधिकार हो अथवा इस विक्रय व्यवहार मे किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वह इस जाहिर सूचना के प्रकाशन के 7 (सात) दिन मे अपनी आपत्ति मय लेखी प्रमाण के मेरे कार्यालय में आकर प्रस्तुत करे, ताकि उसका निराकरण किया जा सके, अन्यथा उक्त अवधि पश्चात मेरे पक्षकार अपने हित मे उक्त संपत्ति के विक्रय पत्र का पंजीयन करा लेंगे व उसके पश्चात किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति मान्य नही होगी, न ही मेरे पक्षकार पर बंधनकारक होगी। सूचित हो। दिनांक 01/09/2026

**भूपेन्द्र उपाध्याय एडवोकेट**
**कार्या-सी-2, भरतपुरी कॉम्पलेक्स उज्जैन**
**मो. 89891-45770**



## जाहिर-सूचना

सर्वसाधरण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने करण मोतीयानी पिता स्व. श्री प्रेमचंदजी मोतीयानी निवासी 13/1, श्रीराम कालोनी, विवेकानंद कालोनी, उज्जैन से उनके स्वामित्व एवं आधिपत्य का भवन क्रमांक 13/1, का पूर्व दिशा का भाग स्थित श्रीराम कालोनी, यंत्र महल मार्ग, विवेकानंद कालोनी के पास, उज्जैन में है। उक्त भवन का कुल क्षेत्रफल 59.82 वर्गमीटर अर्थात 644 वर्गफीट लगभग है। जिसकी चर्तुसीमा पूर्व में आम रास्ता, पश्चिम में-मालवीय जी का मकान, उत्तर में 4 फीट की गली बाद में बौरासी जी का मकान व दक्षिण में-किशोर खत्री जी का मकान मिला है को क्रय करने का सौदा किया है और इसके सम्बन्ध में टोकन राशि प्राप्त कर सौदा चिट्ठी मेरे पक्षकार के हित में निष्पादित किया है। उक्त सौदा चिट्ठी के पालन में मेरे पक्षकार उक्त भवन के अनुबंध पत्र/विक्रय-पत्र का निष्पादन व पंजीयन शीघ्र ही अपने पक्ष में कराने वाले है, यदि उक्त भवन में अन्य किसी व्यक्ति को कोई स्वत्व, हित, अधिकार प्राप्त हो या उक्त विक्रय व्यवहार के सम्बन्ध में अन्य किसी को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो या उक्त भवन पर किसी व्यक्ति, फर्म, बैंक, संस्था एवं कम्पनी का किसी किस्म का कोई भार हो तो इस जाहिर सूचना के प्रकाशन से 15 दिवस की अवधि में मुझे सूचित करें और लिखित आपत्ति मय दस्तावेज प्रस्तुत करें ताकि ऐसी आपत्ति का समुचित निराकरण किया जा सके अन्यथा अवधि व्यतीत होने के पश्चात मेरे पक्षकार द्वारा उक्त भवन का विक्रय-पत्र अपने पक्ष में निष्पादित करा लिया जावेगा और इसके पश्चात की जाने वाली कोई भी आपत्ति शुन्य होकर मेरे पक्षकार पर बन्धनकारी नही होगी। दिनांक 31/08/2026

**अखिलेश बाफना, एडवोकेट**
**कार्यालय-111, प्रथम तल, हर्शदीप टॉवर,**
**नानाखेडा पेट्रोल पम्प के पास, उज्जैन**
**मो. 9826266570**



## जाहिर-सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार द्वारा श्रीमती सायर बाई पति श्री सेवाराम जी, निवासी- 22, ग्राम सिलारखेड़ी तहसील व उज्जैन (म.प्र.) से उनके स्वत्व, स्वामित्व व आधिपत्य की कृषि भूमि सर्वे क्रमांक 532/1/1 रकबा 1.360 हेक्टर में से पश्चिम तरफ की रकबा 0.250 हेक्टर जो कि अनुबंधित भूमि हैं, जो कि ग्राम दताना तहसील व जिला उज्जैन में रोड़ पर स्थित हैं। उक्त भूमि को क्रय करने का सौदा किया जाकर अनुबंध पत्र निष्पादित कर आंशिक बयाना राशि अदा कर दी गयी है तथा शेष राशि प्रदान करते हुए उक्त सम्पत्ति के विक्रय पत्र का संपादन किया जाना शेष है। यदि उक्त वर्णित सम्पत्ति पर किसी बैंक, व्यक्ति, वित्तीय संस्था, शासन या अन्य का कोई ऋण, भार या मतालबा हो या किसी भी शासकीय, अर्द्धशासकीय विभाग का किसी प्रकार का टेक्स, कर, प्रभार, बोझ, पेनल्टी, दंड, ब्याज या देनदारी आदि बकाया हो या उक्त वर्णित सम्पत्ति में किसी का कोई स्वत्व, हित, दान, क्लेम हो अथवा इस विक्रय बाबत कोई आपत्ति हो तो वह इस जाहिर सूचना के प्रकाशन से 07 दिवस के अंदर सप्रमाण मुझे लिखित में आपत्ति प्रस्तुत करें ताकि उसका निराकरण किया जा सके अन्यथा बाद अवधि मेरे पक्षकार द्वारा उक्त सम्पत्ति स्वामी को विक्रय धन अदा किया जाकर उनसे विक्रय पत्र का संपादन व पंजीयन करा लिया जावेगा, तत्पश्चात किसी प्रकार की आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी। सूचित हो।

ईति दिनांक 31-08-2026

**सौरभ जैन, ( चौरड़िया ) एडव्होकेट**
**ए-20, भरतपुरी कांप्लेक्स, देवास रोड, उज्जैन ( म.प्र. )**
**मो. 96177-77776**

www.awantika.com

# चाह गई, चिंता मिटी



कबीर कहते हैं, चाह गई, चिंता मिटी, मनुआ बेपरवाह। जिनको कछु न चाहिए, वे साहन के साह। बिल्कुल उल्टी बात लगती है; जिसके पास कुछ नहीं, वह शहंशाह कैसे होगा? यह संतों का नजरिया है कि असली शहंशाह वही है, जिसकी चाह मिट गई। चाह आपको खुद से बाहर ले जाती है। कभी सोचा आपने? हर चाह की पूर्ति बाहर कहीं से होती है। कोई व्यक्ति, कोई वस्तु, कोई पद या कोई घटना आपको खुश कर सकती है। चाह जितना भटकाती है, कुछ और नहीं भटकाता। इसलिए जैसे ही चाह खत्म हुई, वैसे ही चिंता भी मिट जाती है। चिंता चाह की जुड़वां बहन है। वह चाह के पीछे भागती रहती है। चिंता आदमी का सबसे बड़ा शत्रु है; चिता तो एक ही बार जलाती है, चिंता हर पल जलाती रहती है।

चाह होती है सुविधा की, संपत्ति की, सुख की; लेकिन इसकी एक खूबी है- जिसे चाहा है, उसे पाते ही वह बात व्यर्थ हो जाती है। न पाओ तो सार्थक बनी रहती है। इसलिए ओशो त्याग करने के लिए नहीं कहते। वह कहते हैं कि जो भी पाना चाहो, उसे पा लो। पाते ही तुम्हें स्वयं पता चलेगा कि यह बात व्यर्थ हो गई। बिना पाए अगर तुम मानकर चलोगे, तो उसके सपने देखते रहोगे। सभी लोग कुछ न कुछ पाना चाहते हैं। हाथ में घड़ी नहीं होती, तो उन्हें घड़ी की फिक्र होती है कि वह मिल जाए, तो बड़ा आनंद आएगा। फिर चार-छह दिन बाद आदमी पाता है कि बात खत्म हो गई। अब कुछ और चाहिए, जो मिले तो आनंद आए।

जो भी पा लिया है, उसे गौर से देखिए कि जब आपने नहीं पाया था, तब आप उससे कितनी आशा बांधे हुए थे और अब जब उसे पा लिया है, तब कितनी आशा फलीभूत हुई है। उस चीज में कोई खराबी नहीं है, बल्कि मन के स्वभाव में गड़बड़ी है। मन इतना छोटा है कि खुद के साथ कभी संतुष्ट नहीं रह सकता। उसे कुछ ऐसा चाहिए, जो असाध्य है, बड़ी मुश्किल से मिलता है, तब फिर उसे मजा आता है और मन एक मशीन है, जो एक के बाद दूसरी चाहतें पैदा करता जाता है। जो चाह पूरी हुई, उसके साथ क्या हुआ, इसे देखने का वक्त ही नहीं है। जब एक चीज व्यर्थ हो जाती है, तब हम तत्काल दूसरी चीज में संलग्न हो जाते हैं। देखने का मौका नहीं मिल पाता। हम कभी लौटकर यह नहीं देखते कि सभी चीजें, जो हमने चाहीं, वे सब बेकार हो गईं। अगर यह दिखाई पड़ जाए, तो आपकी चाह ही बेकार हो जाएगी। आप कहोगे कि अब तो एक ही चीज बेकार है, चाह। बाकी सब चीजें तो ठीक ही हैं, चाह आपको नचा रही है। जिस दिन यह घटना घटेगी, उस दिन आप शहंशाह होंगे। न रहेगी चाह, न होगी चिंता और फिर आपका मन होगा बेपरवाह।

## सम्पादकीय

# इमरान से सुलूक

पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री और भूतपूर्व क्रिकेट कप्तान इमरान खान के साथ उनके मुल्क का निजाम वही सुलूक कर रहा है, जो वह अपने रहनुमाओं और अजीम हस्तियों के साथ हमेशा से करता आया है। हालांकि, इमरान के साथ मानवीय व्यवहार करने और उन्हें उचित इलाज मुहैया कराने की विश्व के दिग्गज पूर्व कप्तानों की अपील को अनसुना करना शहबाज शरीफ सरकार के लिए मुश्किल होता जा रहा है। परिजनों के आरोप हैं कि इमरान की आंखों की रोशनी खत्म होती जा रही है और हुकूमत उन्हें सही इलाज कराने की सुविधा नहीं दे रही। ऐसे में, पाकिस्तान और इंग्लैंड के बीच लॉर्ड्स में खेले जा रहे टेस्ट मैच के दौरान इमरान के बेटों के जो इंटरव्यू प्रसारित हुए, उसने करोड़ों पाकिस्तानियों तक अपनी पहुंच बनाई है और अब पूर्व कप्तान जावेद मियांदाद ने जिस तरह से एक पॉडकास्ट में हुकूमत से भावुक अपील की है, वह भी शहबाज सरकार के लिए मुसीबत बनने वाली है। इमरान व मियांदाद पाकिस्तानी क्रिकेट के आधार स्तंभ रहे हैं और सियासत से परे उनके लिए आम पाकिस्तानियों के दिल में आज भी आकर्षण है।

इमरान खान की सेहत को लेकर तरह-तरह की खबरें आती रही हैं। इनमें से ज्यादातर सोशल मीडिया की कयासबाजियां होती हैं, पर जिस तरह से दुनिया के 20 से अधिक पूर्व क्रिकेट कप्तानों ने उनके स्वास्थ्य को लेकर चिंता जताई है, उसे नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। यह बात छिपी हुई नहीं है कि उनकी बहनों और पार्टी के आला पदाधिकारियों तक को जेल में आसानी से मिलने नहीं दिया जाता और सामान्य मुलाकात के लिए भी उन्हें अक्सर अदालत का दरवाजा खटखटाना पड़ता है। यह बर्ताव अमानवीय है और इस्लामाबाद को तमाम वैश्विक मंचों पर बचाव के लिए मजबूर करेगा, जहां वह मानवाधिकारों की बात करेगा। यह गौर करने वाली बात है कि इमरान की बहन डॉ उज्मा और उनके निजी डॉक्टर की याचिका पर पाकिस्तान सुप्रीम कोर्ट ने इसी पखवाड़े यह साफ-साफ कहा था कि इमरान को इस्लामाबाद स्थित शिफा इंटरनेशनल अस्पताल में भर्ती कराया जाए, मगर जिस तरह से उन्हें किसी अन्य निजी अस्पताल ले जाया गया और दो दिन के भीतर ही बिल्कुल ह्यसेहतमंदह्व करार देकर वापस जेल भेज दिया गया, इससे संदेह गहरा गया है। पाकिस्तान में न्यायपालिका की जो स्थिति है, उसे देखते हुए उससे किसी निर्णायक हस्तक्षेप की उम्मीद बेमानी है, पर चूंकि इमरान का मामला अंतरराष्ट्रीय सुर्खियां बटोरता है, इसलिए उसके आदेशों की अवहेलना घरेलू तौर पर शहबाज शरीफ और सेना प्रमुख आसिम मुनीर की स्थिति कमजोर करेगी।

## हमारे पास सब कुछ है, बस एक-दूसरे के लिए वक्त कम है

# हमने दुनिया तो जीत ली, क्या किसी का दर्द जीत पाए?





कृति आरके जैन, (दैनिक अवन्तिका)

हर दौर अपनी तरक्की के साथ एक सवाल भी छोड़ जाता है-क्या आगे बढ़ते-बढ़ते हम भीतर से पीछे तो नहीं रह गए? तकनीक और भौतिक उपलब्धियाँ जीवन को आसान बना सकती हैं, लेकिन जीवन की सार्थकता तब है, जब हम अपने अस्तित्व की सीमाएँ लांघकर दूसरों के जीवन से जुड़ें। सहानुभूति कमजोरी नहीं, बल्कि मानवीय रिश्तों को थामे रखने वाली ताकत है। किसी अनजान की आँखों में छिपा दर्द देख पाना, किसी दूसरे के दुःख को महसूस कर पाना-यहीं से मनुष्यता जीवंत होती है। तकनीक हमें सक्षम और संपत्ति हमें सम्पन्न बना सकती है, मगर इंसान होने की पूर्णता तभी मिलती है, जब किसी और की पीड़ा हमारे भीतर संवेदना जगा सके।

आज की विडंबना है कि कदम तेज हुए हैं, मगर ठहरकर किसी को महसूस करने की फुर्सत कम हो गई है। प्रतिस्पर्धा ने दृष्टि को इतना अपने तक सीमित कर दिया है कि सामने का दुःख भी भीतर दस्तक नहीं दे पाता। विचारशीलता दिखावटी संवेदना नहीं, बल्कि उन अनकहे भावों को समझने की क्षमता है, जिन्हें शब्द नहीं मिलते। किसी अजनबी की आँखों में चिंता पहचानना, थके हाथ को सहारा देना, किसी अकेले के पास कुछ देर ठहरना-ये छोटे लगने वाले प्रयास ही समाज को जोड़ते हैं। यदि हर व्यक्ति रोज ऐसा कोई काम करे, जो किसी दूसरे की मुश्किल कम कर दे, तो नकारात्मकता का अंधेरा धीरे-धीरे छंटने लगेगा।

समाज की मजबूत नींव कानून से पहले आपसी समझ पर टिकी होती है। परिवार से लेकर अपरिचित व्यक्ति तक हर रिश्ता तब जीवित रहता है, जब दूसरे की स्थिति समझने की इच्छा बनी रहे। समझ खत्म होते ही संवाद की जगह कठोरता और अपनत्व की जगह दूरी ले लेती है। परिवर्तन हमेशा बड़े आंदोलनों से नहीं आता; रोजमर्रा की दया, विनम्रता, क्षमा और सहयोग की आदतें भी दूर तक असर डालती हैं। तनाव के बीच प्रेम और अलगाव के बीच एकता का बीज बोना ही सामाजिक जिम्मेदारी है। शक्ति का असली प्रमाण यह नहीं कि हम कितना हासिल कर सकते हैं, बल्कि यह है कि किसी दूसरे का बोझ कितना हल्का कर सकते हैं। सभ्यता की पहचान संसाधनों से कम और संवेदनशीलता से अधिक होती है।

संवेदना की पहली पाठशाला बाहर नहीं, भीतर है। जिसने अपने मन की आवाज दबा दी, वह दूसरे के मौन को कैसे सुनेगा? आधुनिक आपाधापी ने तनाव, अकेलेपन और मानसिक थकान को जीवन का हिस्सा बना दिया है। हम दुनिया संभालने की चिंता में अपने भीतर का संतुलन भूल जाते हैं। स्वयं के प्रति संवेदनशील होना स्वार्थ नहीं, बल्कि करुणा की आधारभूमि है। अपने भय, थकान और भावनाओं को समझना हमें अधिक मानवीय बनाता है। भीतर संतुलन होगा, तभी बाहर सहानुभूति बहेगी। आत्मचिंतन वह दीप है, जो भीतर की अंधेरी जगहों को प्रकाशित करता है।

शिक्षा की सफलता इससे तय होनी चाहिए कि वह बच्चों को कितना योग्य और जिम्मेदार बनाती है। विद्यालय यदि केवल अंक, प्रतियोगिता और पद की तैयारी कराएं, तो सफल व्यक्ति बना सकते हैं, उत्तरदायी नागरिक नहीं। बच्चों के मन में सहानुभूति का बीज जितनी जल्दी पड़े, समाज का भविष्य उतना सुरक्षित होगा। सामुदायिक सेवा, पर्यावरण संरक्षण, जरूरतमंदों की सहायता और साझा जिम्मेदारियों में भागीदारी उन्हें सिखाती है कि जीवन केवल स्वयं तक सीमित नहीं है। सफलता का अर्थ ऊंचे अंक या बड़ा पद भर नहीं; किसी दूसरे के लिए उपयोगी और सहृदय होना भी उसकी कसौटी है। ऐसी शिक्षा बच्चों को संवेदनशील नागरिक और सामाजिक परिवर्तन का वाहक बनाती है।

सच्चे बदलाव की नींव सत्ता, धन या बल से नहीं, मानवीय मूल्यों से बनती है। इतिहास गवाह है कि अहिंसा और सत्य को जीवन का मार्ग बनाने वाले, निस्वार्थ सेवा में स्वयं को समर्पित करने वाले और समानता के लिए संघर्ष करने वाले महान व्यक्तित्वों ने करुणा को सामाजिक शक्ति बनाया। उनका संदेश था कि मनुष्य पर अधिकार जमाना परिवर्तन नहीं; उसके भीतर परिवर्तन जगाना ही असली उपलब्धि है। स्थायी परिवर्तन वहीं संभव है, जहां दूसरे की गरिमा अपने हित जितनी ही महत्वपूर्ण हो। समाज तभी बेहतर बनता है, जब संवेदना विचारों तक सीमित न रहकर व्यवहार का हिस्सा बने।

तकनीक ने दूरियों को पलों में मिटा दिया, लेकिन दिलों की दूरी अब भी संवेदना से ही घटती है। स्क्रीन का लाइक, टिप्पणी या सहानुभूति का इमोजी उस मदद का विकल्प नहीं बन सकता, जो संकट में किसी के साथ खड़े होकर दी जाती है। किसी को ध्यान से सुनना, समय देना, अकेलेपन में साथ बैठना या जरूरत पर सहारा बनना आभासी प्रशंसा से कहीं अधिक मूल्यवान है। किसी चेहरे पर लौटती राहत की चमक किसी डिजिटल स्वीकृति से गहरी होती है। इसलिए सवाल तकनीक छोड़ने का नहीं, बल्कि उसके बीच मनुष्य को देखने का है। धर्म, जाति और संस्कृति अलग हो सकती हैं, पर करुणा वह भाषा है, जो सबको जोड़ती है।

विचारशीलता किसी अवसर या औपचारिकता तक सीमित नहीं होनी चाहिए। यह हमारे रोजमर्रा के व्यवहार की दिशा बननी चाहिए। दूसरों के लिए समय निकालना, उनकी भावनाओं को समझना और जहां संभव हो, उनके जीवन की कठिनाई कम करना ही इसकी सच्ची अभिव्यक्ति है। सवाल यह नहीं कि हम संवेदना की बातें कितनी करते हैं; सवाल यह है कि क्या हम संवेदनशील होकर जीते हैं। दया, सहानुभूति और विचारशीलता को केवल आदत नहीं, चरित्र बनाना होगा। जीवन की अंतिम सफलता इसी में है कि हमारे होने से कितने जीवन बेहतर और कितने चेहरे अधिक उजले हुए।

## बुझा हुआ चिराग

नगर पालिका के रोशनी विभाग का गलियारा उस पवित्र तीर्थ की तरह था जहाँ फाइलें मोक्ष की प्रतीक्षा में सदियों तक तपस्या करती थीं। पचहत्तर साल के सुखदेव बाबा हर शाम पाँच बजे वहां इस तरह विराजमान हो जाते थे जैसे किसी भ्रष्ट व्यवस्था की नींव में गड़ा हुआ कोई पुराना काँटा हों। उनके कांपते हाथों में माटी का एक बुझा हुआ दीया होता था जिसकी रुई की बाती पूरी तरह काली पड़ चुकी थी और जो विभाग की कार्यक्षमता का जीवित विज्ञापन मालूम पड़ता था। दफ़्तर का चपरासी जब भी उन्हें वहाँ देखता तो अपनी सरकारी मुस्कान बिखेरते हुए कहता कि बाबा जब शहर भर में एलईडी लाइटें जगमगा रही हैं तो इस मिट्टी के कुलहड़ को अपनी धोती में छिपाकर अफसरों के भ्रष्टाचार के रास्ते में क्यों लेट जाते हो। चपरासी की बातों में वह मिठास थी जो केवल उन लोगों में होती है जिन्हें मुफ्त की चाय पीने की आदत लग चुकी हो। सुखदेव बाबा अपनी पुरानी ऐनक के धुंधले शीशे को संभालते और बहुत शांत स्वर में उत्तर देते कि बेटा यह माटी का दीया केवल मिट्टी का बर्तन नहीं है बल्कि इस रोशनी विभाग की उस अंधी संवेदनहीनता का असली चेहरा है जिसने मेरे घर की दीवाली को विभाग की फाइलों की तरह अंधेरे के गर्त में धकेल दिया है।

आसपास खड़े सफाईकर्मी और ठेकेदार उनका मजाक उड़ाते हुए कहते कि लगता है इस बूढ़े का दिमाग उम्र के साथ उस फाइल की तरह सठिया गया है जिस पर चूहे दावत कर चुके हों। वे हंसते थे क्योंकि विभाग में संवेदना का अकाल था और हंसी ही एकमात्र ऐसी चीज थी जिस पर अभी तक टैक्स नहीं लगा था। सुखदेव बाबा किसी की कड़वी बात का बुरा माने बिना उस काली बाती को अपनी उंगलियों से सहलाते और चुपचाप उन फाइलों का इंतजार करते रहते जो सरकारी कछुए की गति से रेंग रही थीं। विभाग में फाइलों की गति प्रकाश की गति से ठीक विपरीत चलती थी।

## पञ्चांग राशिफल



दिनांक - 01 सितंबर 2026 मंगलवार
सूर्योदय - 06:13 सूर्यास्त 18:41
भाद्रपद मास कृष्ण पक्ष
राहुकाल - 15:00 से 16:30 तक
तिथि - चतुर्थी 07:42 उपरांत पंचमी 06:12 उपरांत षष्ठी
नक्षत्र - अश्विनी 02:42 उपरांत भरणी
योग - वृद्धि 23:29 उपरांत ध्रुव
करण - बालव
चन्द्रमा - दिन पूर्ण मेष में रहेगा।
मुस्लिम मास - रवि उलावल मास 18 तारिख

**मेष-** कार्यस्थल पर अधिकारियों का सहयोग मिलेगा, नए दायित्व प्राप्त हो सकते हैं। माता की सेहत पर ध्यान दें।

**वृषभ-** व्यापार में विस्तार की योजनाएं बनेंगी। दूर की यात्रा संभव है। कार्यक्षेत्र में प्रभाव बढ़ेगा।

**मिथुन-** लव पार्टनर के साथ समझदारी से काम लें, बेवजह बहस से बचें। निर्णय क्षमता मजबूत होगी।

**कर्क-** अनपेक्षित खर्चों पर नियंत्रण रखें, बजट संतुलित रखें। मानसिक तनाव व थकान से बचें, पर्याप्त नींद लें।

**सिंह-** दफ़्तर की राजनीति से दूर रहकर अपने काम पर फोकस करें। काम में सतर्कता बरतें।

**कन्या-** कारोबारी हैं तो बड़ा निवेश या जोखिमभरा सौदा टालना हितकर रहेगा। शारीरिक थकान रह सकती है।

**तुला-** जीवनसाथी से अपनी बात सौम्यता से कहें। वाणी पर संयम रखें। नई पहचान बनेगी।

**वृश्चिक-** अचानक खर्च सामने आ सकते हैं। पैतृक मामलों में सावधानी रखें। वाहन चलाते समय सतर्क रहें।

**धनु-** कार्यस्थल पर शांति बनाए रखें। काम और घरेलू जिम्मेदारियों में तालमेल बिठाना आवश्यक होगा।

**मकर-** कारोबारी हैं तो प्रॉपर्टी या रियल एस्टेट से जुड़े कामों में लाभ होगा। पारिवारिक माहौल शांतिपूर्ण रहेगा।

**कुंभ-** अपनों के साथ वक्त बिताएंगे। सुख-सुविधाओं पर खर्च संभव है, बजट का ध्यान रखें।

**मीन-** कारोबार में नए बिजनेस मॉडल पर काम शुरू करने के लिए दिन अनुकूल है।

## व्यंग्य

# नो बीमा, नो पेट्रोल - अब समझ में आएगा जिम्मेदारी का माइलेज



संजय एम. तराणेकर (दैनिक अवन्तिका)

हम भारतीय बड़े अद्भुत लोग हैं। नियमों का सम्मान करने में नहीं, उन्हें चकमा देने में विश्वगुरु बनने का सपना देखते हैं। ट्रैफिक सिग्नल लाल हो तो उसे सुझाव समझते हैं, हेलमेट को सिर की सुरक्षा नहीं बल्कि चालान से बचने का उपकरण मानते हैं, और वाहन बीमा... उसे तो ऐसे टालते हैं जैसे बैंक का पुराना कर्ज.हो।

वाहन खरीदने की बात हो तो शोरूम में सबसे पहले पूछा जाता है- टॉप मॉडल कौन-सा है? सीट कवर इटली वाला चाहिए, हॉर्न अमेरिका वाला, स्टीकर दुबई वाला, नंबर वीआईपी वाला और मोबाइल होल्डर ऐसा कि गाड़ी कम, कॉकपिट ज्यादा लगे। लेकिन जैसे ही बीमा की बात आती है, चेहरे पर ऐसी उदासी छा जाती है जैसे किसी ने संपत्ति कर दोगुना कर दिया हो।

कुछ लोगों का सिद्धांत बड़ा साफ होता है-दुर्घटना होगी तो देखी जाएगी, अभी तो पेट्रोल भरवा लो। मानो दुर्घटना पहले व्हाट्सऐप पर संदेश भेजेगी-प्रिय वाहन चालक, मैं कल दोपहर तीन बजे आपके साथ होने वाली हूँ, कृपया तब तक बीमा करवा लें।

अब सर्वोच्च न्यायालय ने नो बीमा, नो पेट्रोल जैसी सोच को हवा दी तो कई लोगों की नींद उड़ गई। जिन लोगों ने वर्षों तक बीमा को खर्च समझा था, उन्हें पहली बार एहसास हुआ कि पेट्रोल पंप भी अब संस्कार सिखा सकता है।

कल्पना कीजिए, पेट्रोल पंप पर दृश्य कैसा होगा-
भैया, पाँच सौ का पेट्रोल डाल दो।
पहले बीमा दिखाइए।
अरे, पेट्रोल भरना है या पासपोर्ट बनवाना है?
साहब, नियम है।
तो भाई, दो सौ का नियम और तीन सौ का पेट्रोल डाल दो!

कुछ लोग तुरंत अपना पुराना बीमा कागज निकालेंगे, जिस पर तारीख देखकर मशीन भी हँस पड़ेगी। फिर कहेंगे-भैया, फोटोस्टेट चल जाएगी?

हमारे देश में असली प्रतिभा नियमों का पालन करने में नहीं, उनसे बच निकलने के उपाय खोजने में लगती है। यदि नो बीमा, नो पेट्रोल लागू हो गया, तो अगले ही दिन सोशल मीडिया पर वीडियो आने लगेंगे-घर बैठे पाँच मिनट में बीमा जैसा दिखने वाला कार्ड कैसे बनाएँ?

यूट्यूबर बताएगा-दोस्तों, वीडियो को लाइक कीजिए, सब्सक्राइब कीजिए, आज मैं बताऊँगा कि पेट्रोल पंप वाले को कैसे भ्रमित करें...

लेकिन बेचारा कैमरा न लाइक देखता है, न सब्सक्राइब। वह सीधे रिकॉर्ड देखता है। दरअसल, हमारे समाज में एक विचित्र बीमारी है। दस लाख की कार खरीदने में गर्व महसूस होता है, लेकिन पाँच हजार का बीमा कराने में आत्मा काँप जाती है। गाड़ी की सर्विसिंग समय पर होगी, पॉलिश हर महीने होगी, टायर चमकेंगे, लेकिन बीमा की तारीख बीत जाए तो जवाब मिलेगा-यार, ध्यान ही नहीं रहा।

ध्यान तब आता है जब कोई दुर्घटना हो जाती है। फिर अस्पताल, पुलिस, अदालत और मुआवजे के चक्कर शुरू होते हैं। तब समझ आता है कि जिस बीमे को फिजूल खर्च समझा था, वही सबसे सस्ता सौदा था। कुछ लोग कहेंगे-सरकार जनता पर नया बोझ डाल रही है।

अरे भाई, सरकार पेट्रोल नहीं रोक रही, आपकी लापरवाही रोकना चाह रही है। सड़क पर आपकी बिना बीमा वाली गाड़ी केवल आपकी समस्या नहीं है। यदि किसी निर्दोष को चोट लगती है, तो उसका इलाज, उसका परिवार, उसकी रोजी-रोटी सब प्रभावित होते हैं।

# बदलते मौसम में बार-बार बीमार पड़ रहे हैं तो न करें इग्नोर

क्या हर बार मौसम बदलते ही आप भी बीमार हो जाते हैं? पहले गला खराब, दो दिन बाद सर्दी-जुकाम और फिर बुखार। बीमारी ठीक हुई तो कुछ दिन बाद दोबारा वही परेशानी। अगर आपके साथ ऐसा बार-बार हो रहा है तो इसे सिर्फ बदलते मौसम का असर मानकर इग्नोर करने की गलती न करें। जब बात बार-बार होने वाली बीमारियों की आती है तो हम अक्सर मान लेते हैं कि ये इम्युनिटी कमजोर होने की वजह से हो रहा है। ये सच भी है लेकिन हर बार बीमार पड़ने की वजह कमजोर इम्युनिटी ही हो, ऐसा भी जरूरी नहीं है। हमारी रोज की कुछ आदतें भी बीमारी का रास्ता खोल सकती हैं। मसलन रात में देर तक जागना, अच्छी नींद न लेना, खाना समय पर न खाना, डाइट में जरूरी पोषक तत्वों की कमी शरीर के सामान्य स्वास्थ्य को प्रभावित कर सकती है। ये सभी आपके बार-बार बीमार होने के पीछे के साइलेंट कारण हो सकते हैं।

डॉक्टर कहते हैं, जिस तरह से दिल्ली-एनसीआर सहित देश के कई राज्यों में स्वाइन फ्लू का दौर चल रहा है, ऐसे में लोगों को बुखार, सर्दी-जुकाम होना सामान्य है। पर अगर आप हर एक-दो महीने में इन समस्याओं का शिकार हो रहे हैं, तो थोड़ा सावधान हो जाने की जरूरत है। एक बार मुड़कर अपनी आदतों की तरफ भी देखिए, कहीं गलती यहां तो नहीं हो रही है?

### कहीं आपकी नींद तो खराब नहीं रहती?



अगर आप लगातार कम सो रहे हैं तो सबसे पहले इसी आदत को सुधारने की जरूरत है। नींद सिर्फ थकान दूर नहीं करती है, ये शरीर की सामान्य प्रतिरक्षा प्रक्रिया में भी भूमिका निभाती है। विशेषज्ञों के अनुसार अच्छी और पर्याप्त नींद शरीर को स्वस्थ रखने और बीमारियों से बचाव में मदद करती है। रोज देर रात तक मोबाइल चलाना या ऑफिस का काम करना और अलग-अलग समय पर सोना आपकी नींद की गुणवत्ता को प्रभावित कर सकती है। इसलिए रोज लगभग एक ही समय पर सोने और जागने की कोशिश करें। वयस्कों के लिए आम तौर पर कम से कम 8-9 घंटे की नींद की सलाह दी जाती है।

### डाइट में जरूरी पोषक तत्व हैं या नहीं?

शरीर को स्वस्थ रखने के लिए डाइट का संतुलित होना जरूरी है। फल-सब्जियां, साबुत अनाज और पर्याप्त मात्रा में प्रोटीन-फाइबर जैसे पोषक तत्वों को अपने आहार का हिस्सा जरूर बनाएं। इम्यून सिस्टम को मजबूत रखने के लिए पोषण से भरपूर संतुलित भोजन बहुत जरूरी है। अगर आपकी डाइट ज्यादातर पैकेज्ड फूड, तला-भुना खाना या बहुत ज्यादा मीठे पेय पर निर्भर है तो इसमें बदलाव जरूरी है। घर का बना खाना और रोजाना मौसमी फल खाना आपको कई बीमारियों से बचाए रखने में मदद कर सकता है।

### हाथों की साफ-सफाई का रखते हैं ध्यान?

ऑफिस स्कूल, भीड़भाड़ वाली जगहों या घर में किसी बीमार व्यक्ति के संपर्क में रहने पर भी संक्रमण का खतरा बढ़ सकता है। इसलिए बार-बार बीमार पड़ने का कारण हमेशा शरीर की कमजोरी नहीं होती। आप कितनी बार संक्रमण के संपर्क में आते हैं, यह भी मायने रखता है। हाथों को साबुन और पानी से अच्छी तरह धोना संक्रमण फैलने से रोकने के सबसे आसान तरीकों में से एक है। हाथ धोने से कई तरह के वायरस और बैक्टीरिया का संक्रमण कम किया जा सकता है।

## धर्म-आस्था

# हरतालिका तीज पर सुहागिनें रखेंगी निर्जला व्रत



हरतालिका तीज का व्रत सुहागिन महिलाओं के लिए बेहद खास माना जाता है। इस दिन महिलाएं पति की लंबी उम्र और सुखी वैवाहिक जीवन की कामना के साथ व्रत रखती हैं और माता पार्वती तथा भगवान शिव की पूजा करती हैं। कई महिलाएं निर्जला व्रत भी रखती हैं, जिसके कारण पूरे दिन बिना पानी और भोजन के रहना पड़ सकता है। ऐसे में पूजा-पाठ के साथ अपनी सेहत का ध्यान रखना भी उतना ही जरूरी है। तीज व्रत को लेकर घर-परिवार में कई तरह की परंपराएं होती हैं। कोई पूरे दिन निर्जला रहती हैं, तो कुछ महिलाएं अपनी स्वास्थ्य स्थिति और पारिवारिक परंपरा के अनुसार फलाहार करती हैं। समस्या तब हो सकती है जब व्रत रखने के उत्साह में महिलाएं शरीर के संकेतों को नजरअंदाज कर दें या व्रत खोलते समय अचानक बहुत ज्यादा खाना खा लें। इसके अलावा सुबह की तैयारी में बिना कुछ खाए ज्यादा मेहनत करना, पर्याप्त आराम न लेना, पहले से पानी कम पीना और व्रत खत्म होते ही भारी भोजन करना ऐसी आदतें हैं, जिनसे परेशानी हो सकती है तो इस तीज व्रत रखते समय किन आम गलतियों से बचना चाहिए? निर्जला व्रत में किन बातों का खास ध्यान रखना चाहिए और व्रत खोलते समय क्या सावधानी बरतनी चाहिए? आइए जानते हैं।

### व्रत से पहले अचानक पानी पीना बंद न करें

अगर आप निर्जला व्रत रखने वाली हैं तो एक दिन पहले से ही पानी या तरल पदार्थ लेना कम कर देना सही तरीका नहीं है। शरीर को सामान्य रूप से हाइड्रेट रखना जरूरी है। दिनभर की गर्मी, उमस और आपकी गतिविधि के अनुसार पर्याप्त तरल लेने पर अगले दिन व्रत के दौरान शरीर पर अचानक दबाव कम हो सकता है। हालांकि पानी की कितनी मात्रा आपके लिए उचित है, यह मौसम, उम्र, गतिविधि और स्वास्थ्य पर निर्भर करता है। किसी बीमारी या डॉक्टर की विशेष सलाह होने पर उसी को प्राथमिकता दें।

### व्रत के नाम पर शरीर के संकेतों को नजरअंदाज न करें

तीज का व्रत धार्मिक आस्था से जुड़ा है, लेकिन इसका अर्थ यह नहीं कि तबीयत खराब होने के बावजूद किसी भी कीमत पर व्रत जारी रखा जाए। बहुत ज्यादा कमजोरी, चक्कर, बेहोशी जैसा महसूस होना, भ्रम, अत्यधिक प्यास या असामान्य कमजोरी जैसे लक्षणों को नजरअंदाज नहीं करना चाहिए। विशेष रूप से गर्भवती महिलाओं, बुजुर्गों, डायबिटीज या अन्य स्वास्थ्य समस्याओं से जूझ रहे लोगों को व्रत रखने से पहले चिकित्सकीय सलाह लेना बेहतर है।

### सुबह से ही बहुत ज्यादा काम करने की गलती

तीज के दिन पूजा, सजावट, मेहंदी, तैयारियां और घर के कामों के बीच महिलाएं अक्सर खुद के लिए आराम का समय नहीं निकाल पातीं। निर्जला व्रत के दौरान लगातार खड़े रहना या बहुत ज्यादा शारीरिक मेहनत करना थकान बढ़ा सकता है। कोशिश करें कि पूजा की जरूरी तैयारी पहले ही पूरी कर लें। भारी काम परिवार के दूसरे सदस्यों को सौंपें और दिन में बीच-बीच में आराम करें।

### धूप और गर्मी में ज्यादा देर रहने से बचें

अगर तीज का व्रत निर्जला है तो गर्म मौसम में लंबे समय तक धूप में रहने से परेशानी बढ़ सकती है। शरीर में पानी की कमी का जोखिम बढ़ सकता है और कमजोरी या चक्कर जैसी समस्या हो सकती है। पूजा या किसी धार्मिक कार्यक्रम के लिए बाहर जाना हो तो मौसम को ध्यान में रखें और संभव हो तो ठंडी या छायादार जगह में रहें।

### व्रत खोलते ही भारी खाना न खाएं

दिनभर के व्रत के बाद सबसे आम गलती होती है कि पूजा खत्म होते ही लोग बहुत ज्यादा खाना खा लेते हैं। लंबे समय तक खाली पेट रहने के बाद अचानक बहुत तला-भुना या भारी भोजन करने से पेट में असहजता हो सकती है। व्रत खोलते समय धीरे-धीरे और सीमित मात्रा में भोजन लेना बेहतर है।

## इन्दौर मंडी भाव

चना कांटा 6600 से 6650 विशाल 6350 से 6425 डंकी चना 6000 से 6100मसूर 6000 महाराष्ट्र सफेद 7600 से 7800 महाराष्ट्र लाल 7900 से 8100 कर्नाटक 8000से 8200 निमाड़ी तुअर 6500 से 7600 मूंग बेस्ट गर्मी 7000 से 7200 मूंग बेस्ट बोल्ड - 7400 से 7600 मीडियम बोल्ड 7300 से 7400 मोगर 5500 से 6500 उड़द बोल्ड 9100 से 9200 उड़द गर्मी 8600 से 9000 ग्रेविटी क्लीन 9300 से 9700 हल्का उड़द 4000 से 6000काबुली डॉलर 7500 से 8900 काबुली रशियन 6200 से 6400 बिटकी 5890 से 6000सरसों निमाड़ी 8100 से 8200 रायडा 7100 से 7300 करंज 5000 से 5200 सोयाबीन 6700 टोली 5300 से 5400 अलसी 8500 से 9000 तिल्ली 8000 से 9000 गेहूं मिल क्वालिटी 2650 से 2700 लोकवन 2900 से3100 पूर्णा 2750 से 2800 मालवराज 2600 से 2650 मक्का 2325 से 2350 चना दाल 7450 से 7550 मीडियम 7850 से 7950 बेस्ट 8050 से 8350 तुअर दाल 7000 से 7100 मीडियम 8000 से 8300 बेस्ट 9600 से 9900 एक्स्ट्रा बेस्ट 10700 से 10800 ब्रांडेड 12300 मूंग दाल 8700 से 8800 बेस्ट 8900 से 9000 मूंग मोगर 10700 से10800 बेस्ट 10900 से 11000

## आलू, प्याज, लहसून भाव

आलू ज्योति नया 700 से 800 ज्योति राशन आलू 500 से 600 गुल्ला 300 से 400 रुपए प्रति क्विंटल बिका। प्याज नया 1200 से 1300 पुराना 800 से 1000 एवरेज 500 से 700 गोल्टा 300 से 400 प्रति क्विंटल रहे। लहसुन एक्स्ट्रा सुपर 15000 से 18000 देशी 13000 से 14000 एवरेज 12000 से 15000. बारीक 9000 से 10000 रुपए क्विंटल।

## उज्जैन भाव

लोकवन गेहूँ- 2462-2946, काबली- 5130-8211, बड़ा- 4570-5600, मसूर- 5801-7271, सरसो- 7050-7601, सोयाबीन 3536-7381, तुवर- 4250-4250, तिल्ली- 10491-11001, मावा- 300 प्रतिकिलो। **सोना-चाँदी-** सोना- स्टेण्र्ड- 1,51,800 रवा- 1,51,600 चांदी- टंच- 2,37,500 पाट- 2,37,000।

## उज्जैन किराना

### अशोक कुमार भगवानदास

**152 फवारा चौक उज्जैन**

किराना रेट प्रति किलो, चावल बासमती 75 से 200, तिबार 68 से 130, पोनिया 55 से 85, टुकडी 32 से 65, शेला 36 से 38, परमल 35 से 44, तुवर दाल निमाडी 135 महाराष्ट्र 105 से 120, तुवर दाल 80 से 120, मूंगदाल 85 से 110, मोगर 95 से 120, उड़द मोगर 110 से 120, उडद दाल 95 से 100, मसूरदाल 75 से 78, चना दाल 72 से 80 ।

## आमंत्रण

**आप भी अपने व्यंग्य, रचनाएं, लेख, प्रतिक्रिया, मालवी भाषा में पठनीय सामग्री आदि ई-मेल कर सकते है।**

editor.awantika@gmail.com



## श्री गोदड मंदिर हनुमान मंदिर पर अखंड रामायण परायण का भंडारे के साथ समापन

**बडौद।** नगर के प्रसिद्ध श्री गोदड मंदिर हनुमान मंदिर पर सावन माह में अखंड रामायण परायण का आयोजन किया गया था जो पूर्णिमा पर हवन और महाआरती और भंडारे के साथ विधिवत समापन हुआ ! इस अवसर पर श्रदालुओं ने विधि विधान से हवन में आहूतीया दी और भगवान हनुमान जी की आरती कर क्षेत्र की सुख समृद्धि एवं शांति की कामना की गई। इस अवसर पर आयोजित समिति के हरिनारायण शर्मा, शंभूलाल फ्लावर, रमेश चंदाचोरिया, मोहनलाल लववंशी, अमन शर्मा, महंत विजय बैरागी आदि उपस्थित थे।

## बहनों की सुरक्षा-सम्मान मेरी जिम्मेदारी- सांसद



**देवास।** रविवार को सांसद कार्यालय में रक्षाबंधन मिलन समारोह आयोजित किया गया। इसमें 500 से अधिक बहनों ने सांसद महेंद्र सिंह सोलंकी को राखी बांधी और रक्षाबंधन की शुभकामनाएं दीं। समारोह के दौरान महिलाओं ने भैया मेरे राखी के बंधन को निभाना सहित अन्य गीत गाए। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिलाएं शामिल हुईं। इस अवसर पर सांसद महेंद्र सिंह सोलंकी ने कहा कि रक्षाबंधन सिर्फ भाई-बहन के प्रेम का पर्व नहीं है। यह एक-दूसरे की सुरक्षा, सम्मान और आत्मरक्षा के संकल्प का भी पर्व है। उन्होंने कहा कि बहनों ने अपने व्यस्त समय में से समय निकालकर कार्यालय पहुंचकर राखी बांधी। यह उनके लिए स्नेह और विश्वास का प्रतीक है। सांसद ने कहा कि बहनों की सुरक्षा और सम्मान उनकी जिम्मेदारी है और वे इस दायित्व के प्रति हमेशा संकल्पित रहेंगे।

## उमराह पर जाने वाले जायरीन का सम्मान

**आगर मालवा।** मक्का-मदीना उमराह यात्रा पर जाने वाले मुस्लिम समाजजनों के सम्मान में रविवार दोपहर रऊब मुल्तानी के निवास पर सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस दौरान हिंदू-मुस्लिम समाजजनों ने उमराह पर जाने वाले जायरीन का स्वागत कर उन्हें यात्रा की शुभकामनाएं दीं। आगर मालवा जिले से करीब 30 से 35 मुस्लिम समाजजन सोमवार को उमराह के लिए रवाना होंगे। इसी जत्थे में मार्केटिंग सोसायटी मैनेजर मोहम्मद हुसैन मुल्तानी, नगर पालिका उपाध्यक्ष शबनम रऊब मुल्तानी की पुत्रियां फिजा खानम और अर्शी खानम तथा शहनाज मुल्तानी भी उमराह यात्रा पर जा रही हैं। समारोह में उपस्थित लोगों ने यात्रियों का पुष्पमाला पहनाकर स्वागत किया और उनकी सफल एवं सुखद यात्रा की कामना की।

## जेल में कैदी को सांप ने डसा, अस्पताल में उपचार जारी



**शाजापुर।** जिला जेल परिसर में रविवार दोपहर एक कैदी को घास काटते समय सांप ने डस लिया। घटना के बाद कैदी को तुरंत जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसका उपचार जारी है। जानकारी के अनुसार, कैदी जीवन सिंह गौशाला के पास घास काट रहा था। इसी दौरान दोपहर करीब 3 बजे एक सांप ने उसके हाथ में डस लिया। सांप के काटने के बाद जीवन को घबराहट महसूस होने लगी और उसकी तबीयत बिगड़ने लगी। जेल प्रशासन को सूचना मिलते ही उसे तत्काल उपचार के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया गया। जिला अस्पताल में पदस्थ डॉ. क्षितिज मुरारी ने बताया कि कैदी जीवन के हाथ में सांप के काटने के निशान हैं। उसे अस्पताल में लाकर उपचार शुरू कर दिया गया है और उसकी स्थिति पर लगातार निगरानी रखी जा रही है।

### बेटियों ने निभाया फर्ज, माता-पिता को दिया अंतिम कंधा

# 45 दिन के अंतराल में पिता और मां दोनों का बेटियों ने किया अंतिम संस्कार

दैनिक अवन्तिका ▸▸ शुजालपुर

बदलते सामाजिक परिवेश में बेटियां अब केवल परिवार की जिम्मेदारियां ही नहीं निभा रहीं, बल्कि माता-पिता के प्रति अपने कर्तव्य को भी पूरी निष्ठा से निभा रही हैं। शुजालपुर में ऐसा ही भावुक और प्रेरक उदाहरण सामने आया, जहां चार बेटियों ने अपने माता-पिता के निधन के बाद अंतिम संस्कार की जिम्मेदारी संभाली।

महज 45 दिनों के अंतराल में बेटियों ने पहले पिता और फिर मां की अर्थी को कंधा दिया और अंतिम संस्कार की रस्में पूरी कीं।

शहर के अधिवक्ता एवं सेवानिवृत्त शासकीय सेवक छोटेलाल नेमा का 17 जुलाई को निधन हुआ था। उनकी चारों बेटियों ने पिता की अंतिम यात्रा में शामिल होकर अर्थी को कंधा दिया। पुत्री अलका नेमा ने अपने चचेरे भाइयों के साथ मिलकर पिता को मुखाग्नि दी।

अभी परिवार इस वियोग से उबर भी नहीं पाया था कि रविवार 30 अगस्त को मां मखमली नेमा का भी निधन हो गया। इस बार भी बेटियों ने ही आगे बढ़कर मां की अंतिम यात्रा और अंतिम संस्कार की जिम्मेदारी निभाई।





बेटियों के इस कदम ने यह संदेश दिया कि माता-पिता के प्रति कर्तव्य निभाने में बेटा-बेटी का भेद नहीं होना चाहिए। बता दे शहर में नेमा समाज में कर्तव्य और सामाजिक जिम्मेदारी का ऐसा ही उदाहरण करीब पांच वर्ष पहले भी सामने आया था। विधानसभा चुनाव ड्यूटी के दौरान शिक्षक अनिल कुमार नेमा का हृदयाघात से निधन हो गया था।

### समाज में बदलती सोच और बेटियों की बढ़ती जिम्मेदारी

परिवार ने उस कठिन परिस्थिति में अंतिम संस्कार की जिम्मेदारी निभाने के साथ अपने मताधिकार का प्रयोग कर लोकतांत्रिक कर्तव्य भी पूरा किया था। बेटियों द्वारा माता-पिता को अंतिम कंधा देने की यह पहल समाज में बदलती सोच और बेटियों की बढ़ती जिम्मेदारी का संवेदनशील उदाहरण बनकर सामने आई है।

### आगर में 12 साल की बच्ची से रेप, इंदौर रेफर

## मां के मौसेरे भाई को पुलिस ने गिरफ्तार किया, पॉक्सो एक्ट में केस

अवन्तिका ▸▸ आगर मालवा

आगर-मालवा के जिला मुख्यालय की मास्टर कॉलोनी में शनिवार रात नाबालिग बच्ची (12) से रेप का मामला सामने आया है। आरोप बच्ची की मां के मौसेरे भाई पर लगा है। घटना के समय बच्ची घर पर अकेली थी और उसके परिजन बाजार गए हुए थे। वारदात के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया था, जिसे पुलिस ने बाद में गिरफ्तार कर लिया।

जिला अस्पताल में बच्ची का प्राथमिक इलाज किया गया। इसके बाद रविवार दोपहर उसकी स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए इंदौर रेफर कर दिया गया। पुलिस मामले से जुड़े तथ्यों की जांच कर रही है।

सीएसपी मोतीलाल कुशवाहा ने बताया कि मामले में पॉक्सो एक्ट सहित संबंधित धाराओं में प्रकरण दर्ज किया गया है। पुलिस ने आरोपी की तलाश शुरू कर दी थी और त्वरित कार्रवाई करते हुए उसे गिरफ्तार कर लिया गया। आरोपी से पूछताछ की जा रही है। पुलिस के अनुसार, मामले की जांच में नाबालिग के बयान, मेडिकल रिपोर्ट और अन्य साक्ष्यों को शामिल किया जा रहा है। पुलिस का कहना है कि सभी जरूरी साक्ष्य जुटाकर नियमानुसार आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी। घटना के बाद कॉलोनी में भी लोगों में आक्रोश है।



### परिजनों के लौटने पर सामने आई घटना

बताया गया कि शनिवार रात बच्ची के परिजन किसी काम से बाजार गए थे। घर लौटने पर उन्होंने बच्ची की हालत देखी और तत्काल पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और बच्ची को जिला अस्पताल में भर्ती कराया।

### एक दिवसीय योग, प्राणायाम एवं ध्यान कार्यशाला का सफल आयोजन

## मानसिक शांति और स्वस्थ जीवन का दिया संदेश

दैनिक अवन्तिका ▸▸ बडौद

श्री महावीर जैन विद्या मंदिर बड़ौद में एक दिवसीय योग, प्राणायाम एवं ध्यान कार्यशाला का आयोजन मुख्य अतिथि योगाचार्य हरीश श्रीवास्तव व विशेष अतिथि भूतपूर्व सैनिक हरिनारायण गुर्जर तथा विद्यालय प्राचार्य एस.एस. राजपूत की अध्यक्षता में आयोजित किया गया ।

अतिथियों द्वारा सर्वप्रथम मां सरस्वती, भारत माता और भगवान महावीर स्वामी के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्वलन एवं माल्यार्पण कर कार्यक्रम की शुरूआत की गई। उसके पश्चात योगाचार्य हरीश श्रीवास्तव द्वारा विद्यालय के समस्त शिक्षक/शिक्षिकाओं को बताया की योग,प्राणायाम और ध्यान के द्वारा किस प्रकार आधुनिक जीवनशैली में बढ़ रहे मानसिक तनाव को कम करना और शारीरिक रूप से स्वस्थ रखा जा सकता है।साथ ही बताया कि योग केवल शारीरिक व्यायाम नहीं है, बल्कि यह शरीर, मन और आत्मा को जोड़ने का विज्ञान है। उन्होंने दैनिक जीवन में प्राणायाम और ध्यान (मेडिटेशन) के महत्व पर विशेष जोर दिया।

योग प्राणायाम और ध्यान की कुछ क्रियाओ का अभ्यास शिक्षक/ शिक्षिकाओं को कराया भी गया और बताया कि यहां से सीख कर आप विद्यार्थी को भी इसका अभ्यास करवाए ताकि वह अच्छे से विद्या अर्जन कर सकें, उनका मन प्रसन्न रहे, शरीर स्वस्थ रहे । इस अवसर पर विद्यालय के समस्त शिक्षक/शिक्षिकाएं उपस्थित रहे । कार्यक्रम का संचालन पुरुषोत्तम व्यास ने किया व आभार विद्यालय प्राचार्य एस.एस. राजपूत ने माना ।



## गुर्जर के भजनों पर थिरके श्रद्धालु सुंदरकांड महाअनुष्ठान का तृतीय चरण सम्पन्न

**शुजालपुर।** सुंदरकांड महाअनुष्ठान श्रृंखला में तीसरे चरण तहत जामनेर के आयोजन धाकड़ खेड़ा स्थित श्री हनुमान मंदिर में भक्तिमय माहौल में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में प्रसिद्ध देवनारायण भजन गायक हुकुम सिंह गुर्जर की प्रस्तुति आकर्षण का केंद्र रही। उनके भजनों पर श्रद्धालु जमकर थिरके। कार्यक्रम की शुरूआत जय श्री सीताराम सुंदरकांड मंडली द्वारा संगीतमय सुंदरकांड पाठ से हुई। इसके बाद हुकुम सिंह गुर्जर सहित हरीश सोनी, ओमप्रकाश पाटीदार, सुनील बोडाना, मनोहर विश्वकर्मा, गुलाब धाकड़ व प्रदीप शर्मा ने भजन एवं काव्य प्रस्तुतियां दीं। श्रृंखला के प्रथम दो चरण अकोदि स्थित श्री हनुमान मंदिर एवं बोरा का बाघ वाले हनुमान मंदिर में आयोजित हो चुके हैं। आयोजन में क्षेत्र के धर्मप्रेमी बंधुओं एवं ग्रामीणों का सहयोग रहा। तृतीय चरण में व्यवस्थाओं में राधेश्याम धाकड़, मुकेश धाकड़ ने विशेष सहयोग किया। यह जानकारी अमित मालवीय ने दी तथा बताया कि श्रृंखला का चतुर्थ चरण 5 सितंबर को शाम 7 बजे ग्राम जामनेर-जेठड़ा, कालापीपल रोड स्थित संजय निकुंज नर्सरी के पास दीपड़ा वाले हनुमान मंदिर में होगा। जिसमें धर्मप्रेमी बंधुओं से शामिल होने की अपील की है।

## भगवान लव-कुश जन्मोत्सव पर निकला चल समारोह



**शाजापुर।** नगर में कुशवाह समाज द्वारा भगवान लव-कुश जन्मोत्सव और पारंपरिक भुजरिया पर्व बड़े ही धूमधाम और उत्साह के साथ मनाया गया। इस मौके पर रविवार को चल समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें समाजजनों ने भारी संख्या में हिस्सा लिया और पूरा क्षेत्र भगवान लव-कुश के जयकारों से गूंज उठा। आयोजित चल समारोह में कुशवाह समाज के युवा साथियों, वरिष्ठजनों सहित माता-बहनों ने बढ़-चढ़कर सहभागिता की। महिलाओं ने पारंपरिक वेशभूषा में मंगल गीत गाते हुए भुजरिया पर्व की रस्में निभाईं। वहीं, युवाओं का उत्साह और ढोल-नगाड़ों की थाप पर उनका नृत्य आकर्षण का केंद्र रहा। समाज के सभी वर्गों ने एकजुट होकर इस पर्व को सामाजिक समरसता और प्रेम के प्रतीक के रूप में मनाया।

## पार्श्वनाथ जिनालय में नवरत्न परिवार के आह्वान पर हुआ शुद्धिकरण



**बडौद।** नवरत्न परिवार के आह्वान एवं प.पू. साध्वीवर्या जिनकीर्तिश्रीजी की प्रेरणा से पार्श्वनाथ जिनालय में शुद्धिकरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में श्रद्धालुओं ने विधि-विधानपूर्वक जिनालय का शुद्धिकरण किया। शुद्धिकरण कार्यक्रम में मुख्य रूप से अजीत जैन, अशोक जैन,अभिषेक जैन,मनोज भाटिया, उत्सव चौधरी,प्रकाश जैन ,अनिल जैन, शैलेन्द्र जैन,भरत नाहर, अमृत चौधरी,रखबचंद जैन,संतोष जैन,प्रकाश कंठाली,वर्षा कंठाली, हैमंत नौलखा एवं अजीत कौठारी सहित समाजजन सम्मिलित हुए। कार्यक्रम के अंत में नवरत्न परिवार की ओर से जिनालय के पुजारी का बहुमान किया गया। शुद्धिकरण में भाग लेने वाले सभी सदस्यों की श्रीसंघ की ओर से अनुमोदना की गई। उल्लेखनीय है कि पूज्य आचार्य नवरत्नसागरजी एवं उनके शिष्य विश्वरत्नसागरजी की प्रेरणा से देशभर के करीब 1500 जिनालयों में विगत 14 वर्षों से शुद्धिकरण का यह कार्य किया जा रहा है।

### मन की बात कार्यक्रम नशे के खिलाफ लड़ाई जारी रहेगी

## नशे का नेटवर्क खड़ा कर रहीं नकारात्मक ताकतें- सांसद

दैनिक अवन्तिका ▸▸ देवास

देवास। सांसद महेंद्र सिंह सोलंकी ने रविवार को अपने कार्यालय में कार्यकर्ताओं और नागरिकों के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'मन की बात' कार्यक्रम को सुना। कार्यक्रम के बाद उन्होंने नशे के बढ़ते नेटवर्क पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि भारत, मध्यप्रदेश और देवास में कुछ नकारात्मक ताकतें नशे का जाल फैला रही हैं।

सांसद सोलंकी ने जोर देकर कहा कि वे नशे और समाज को नुकसान पहुंचाने वाली ऐसी ताकतों के खिलाफ लगातार लड़ते रहे हैं और आगे भी लड़ते रहेंगे। उन्होंने युवाओं को नशे से बचाना आज की सबसे बड़ी सामाजिक जिम्मेदारियों में से एक बताया।

उन्होंने प्रधानमंत्री के 'मन की बात' में दिए गए संदेश का भी जिक्र किया, जिसमें युवाओं से नशामुक्ति के लिए जागरूकता फैलाने और सकारात्मक सामग्री तैयार करने का आह्वान किया गया था। सांसद सोलंकी ने कहा कि प्रधानमंत्री का यह संदेश नशे के खिलाफ जन जागरूकता का एक बड़ा माध्यम बन सकता है।

सांसद ने यह भी कहा कि 'मन की बात' अब केवल प्रधानमंत्री का संवाद कार्यक्रम नहीं रहा, बल्कि यह देश के नागरिकों को मुख्यधारा से जोड़ने का एक प्रभावी माध्यम बन चुका है। उन्होंने युवाओं और नागरिकों से नशे के खिलाफ जागरूकता फैलाने और विकसित भारत के संकल्प को साकार करने में अपनी भूमिका निभाने का आह्वान किया।


### मक्सी बायपास पर पिकअप-कार की भिड़ंत, 5 घायल

## हादसे के बाद सड़क किनारे पानी में उतरी कार, शीशा तोड़कर निकाला लोगों को

दैनिक अवन्तिका ▸▸ देवास

देवास के मक्सी रोड पर रविवार शाम पिकअप और कार की टक्कर हो गई। हादसे में पांच लोग घायल हो गए। इनमें पिकअप सवार तीन और कार सवार दो लोग शामिल हैं। सभी घायलों को देवास जिला अस्पताल पहुंचाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें इंदौर रेफर कर दिया गया।

जानकारी के अनुसार, नागदा जंक्शन निवासी बद्रीलाल चौहान (35) अपने साले के बेटे तुषार रामेश्वर सिसोदिया (21) और भांजे रोहित रमेश सिन्हा (21) के साथ पिकअप से मंदसौर से भोपाल जा रहे थे। मक्सी रोड पर उनकी पिकअप की कार से टक्कर हो गई। हादसे में तीनों घायल हो गए।



हादसे के बाद नई आबादी क्षेत्र के कुछ युवक मदद के लिए पहुंचे। शिवा कहार सहित युवकों ने एंबुलेंस का इंतजार नहीं किया और अपने वाहन से घायलों को जिला अस्पताल पहुंचाया। इससे उन्हें समय पर उपचार मिल सका। पुलिस ने घटना की सूचना मिलने के बाद मामले की जांच शुरू कर दी है।

### पैसों के लेन देन के लिए निकले थे

कार में देवास निवासी अंकित महेश पांचाल (22) और दिनेश रमेश पांचाल (30) सवार थे। परिजनों के अनुसार, अंकित इंदौर में लैपटॉप का काम करता है। दोनों शाम करीब 6 बजे किसी से पैसे लेने के लिए निकले थे। इसी दौरान उनकी कार दुर्घटनाग्रस्त हो गई।

### गणपति मंदिर में लघुरुद्र आयोजित कर

## नेपाल की घटना में मृत लोगों को दी श्रद्धांजलि

दैनिक अवन्तिका ▸▸ देवास

देवास में श्रावण मास के अवसर पर महाराष्ट्र समाज के श्री गणपति मंदिर में पहली बार सामूहिक लघुरुद्र अभिषेक और सत्यनारायण कथा-पूजन का आयोजन किया गया। इस धार्मिक अनुष्ठान में समाज के 35 से अधिक जोड़ों ने भाग लिया, जिन्होंने भगवान शिव का अभिषेक और सत्यनारायण भगवान की कथा के साथ पूजन किया।

यह धार्मिक अनुष्ठान समाज के मुख्य पंडित अनिल बेलापुरकर गुरुजी के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। इसमें 21 से अधिक विद्वान पंडितों ने अपनी उपस्थिति और सहयोग प्रदान किया। इस सामूहिक पूजन का मुख्य उद्देश्य देश में सुख-शांति, खुशहाली और हरियाली बनाए रखने की प्रार्थना करना था, साथ ही सभी के स्वस्थ जीवन की कामना की गई। समाजजनों ने आपसी भाईचारा, प्रेम और सद्भाव बना रहे, इसके लिए भी भगवान से प्रार्थना की।

इसी आयोजन के दौरान, नेपाल में हुई दुखद घटना में मृत लोगों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। दिवंगत आत्माओं की शांति और पीड़ित परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त करने के लिए प्रार्थना की गई। सामूहिक लघुरुद्र अभिषेक एवं सत्यनारायण पूजन का यह आयोजन देश और समाज की सुख-शांति, खुशहाली एवं आपसी भाईचारे की कामना के साथ संपन्न हुआ।


## जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, मेरे पक्षकार ने 1- परमेश्वर बैरागी पिता स्वर्गीय श्री विष्णुदास बैरागी जाति-वैष्णव 2-राजेश बैरागी पिता स्वर्गीय श्री विष्णुदास बैरागी जाति-वैष्णव 3-नरेन्द्र बैरागी पिता स्वर्गीय श्री विष्णुदास वैरागी जाति-वैष्णव निवासीगण-2/7, खन्दार मोहल्ला महाकाल रोड़ उज्जैन से उनके स्वामित्व स्वत्व एवम आधिपत्य का भवन क्रमांक पुराना-2/1470 नया नम्बर-2, महाकाल मार्ग गली नम्बर-2, पथ क्रमांक-1 उज्जैन वर्तमान में म्युनिसिपल क्रमांक-2/7, खन्दार मोहल्ला, महाकाल रोड़ उज्जैन के नाम से दर्ज है, जिसका कुल क्षेत्रफल 1620 वर्गफीट अर्थात 150.50 वर्गमीटर हैं, जिसके पूर्व में काजी अब्दुल रकीब कुरैशी का मकान, पश्चिम में बलराम पिता रमेशचन्द्र का मकान, उत्तर में शासकीय रोड़, दक्षिण में जितेन्द्र यादव का मकान, मिला हैं, उक्त सम्पत्ति को यथा स्थिति में तल भूमि से लगाकर हवाई हक सहित को क्रय करने का मौखिक सौदा किया गया होकर टोकन राशि अदा कर दी हैं, अब शेष विक्रय धन अदाकर विक्रय-पत्र का पंजीयन करवाना शेष हैं, यदि उक्त सम्पत्ति को लेकर किसी प्रकार का कोई लेन देन अथवा किसी भी व्यक्ति, बैंक, संस्था, या किसी वित्तीय संस्थान आदि का कोई बकाया हो या किसी का क्रय अनुबन्ध हो अथवा किसी का कोई स्वत्व, हित, अधिकार या सुखाधिकार हो तो वह इस जाहिर सूचना प्रकाशन की दिनांक से अवधि (7) दिनों में अपनी आपत्ति सप्रमाण लिखित में मेरे कार्यालयीन समय में उपस्थित होकर पेश करें अन्यथा बाद गुजरने अवधि मेरे पक्षकार अपने हित में विक्रय-पत्र का पंजीयन करवा लेंगे तथा पश्चात कोई आपत्ति मेरे पक्षकार पर बन्धनकारक नहीं होगी, सूचित हो। इति दिनांक-27.08.2026

**कु. मनोहरसिंह राणावत**
**दस्तावेज लेखकः-सी-10 भरतपुरी काम्पलेक्स**
**उज्जैन मोबा. 98268.87494**



## कार्यालय नगर परिषद् सोयतकलाँ, जिला-आगर (मालवा) (म.प्र.)

कार्यालय फोन : 07361-232039 ई-मेल पता cmosoyatkala@mpurban.gov.in
क्रमांक/निर्माण/न.पं./2026/1095 सोयत, दिनांकः 27/08/2026

## प्रथम निविदा सूचना

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट ए क्लास विद्युत http://mpetendar.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र | टेंडर क्रमांक जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2026_UAD_532723_1 DATE 31.08.2026/10:30AM | निकाय क्षेत्रांतर्गत अलग-अलग वार्डों में नाली निर्माण एवं रिपेरिंग कार्य | 1. 3 माह 2. 838403 | 1. 2000 2. 8384 | 15.09.2026/ 17:30 PM |
| 2 | 2026_UAD_532725_1 DATE 31.08.2026/10:30AM | वार्ड क्र.02 पुराना रामदेव वाली गली मे सी.सी. रोड एवं नाली निर्माण कार्य | 1. 1 माह 2. 105016 | 1. 1000 2. 1050 | 15.09.2026/ 17:30 PM |
| 3 | 2026_UAD_532726_1 DATE 31.08.2026/10:30AM | वार्ड क्र.04 में बरदीचन्द प्रजापति से राधेश्याम के घर तक सी.सी. रोड एवं नाली निर्माण कार्य | 1. 2 माह 2. 476733 | 1. 2000 2. 4767 | 15.09.2026/ 17:30 PM |
| 4 | 2026_UAD_532727_1 DATE 31.08.2026/10:30AM | वार्ड क्र.04 में दीपचन्द प्रजापति से राजेश प्रजापति के घर तक सी.सी. रोड एवं नाली निर्माण कार्य | 1. 2 माह 2. 497296 | 1. 2000 2. 4972 | 15.09.2026/ 17:30 PM |
| 5 | 2026_UAD_532728_1 DATE 31.08.2026/10:30AM | वार्ड क्र.07 सी.सी. रोड एवं नाली निर्माण कार्य | 1. 2 माह 2. 286189 | 1. 2000 2. 2861 | 15.09.2026/ 17:30 PM |
| 6 | 2026_UAD_532729_1 DATE 31.08.2026/10:30AM | वार्ड क्र.09 में अनिल शर्मा से जगदीश राठौर के घर तक सी.सी. रोड एवं नाली निर्माण कार्य | 1. 1 माह 2. 128169 | 1. 1000 2. 1281 | 15.09.2026/ 17:30 PM |
| 7 | 2026_UAD_532730_1 DATE 31.08.2026/10:30AM | वार्ड क्र.11 में कुम्हार वाडा में सी.सी. रोड निर्माण कार्य | 1. 2 माह 2. 309780 | 1. 2000 2. 3097 | 15.09.2026/ 17:30 PM |
| 8 | 2026_UAD_532731_1 DATE 31.08.2026/10:30AM | वार्ड क्र. 14 में नील चौक मे सी.सी. रोड निर्माण कार्य | 1. 1 माह 2. 161712 | 1. 1000 2. 1617 | 15.09.2026/ 17:30 PM |
| 9 | 2026_UAD_532732_1 DATE 31.08.2026/10:30AM | वार्ड क्र. 15 में सी.सी. रोड एवं नाली निर्माण कार्य | 1. 2 माह 2. 420405 | 1. 2000 2. 4204 | 15.09.2026/ 17:30 PM |

**नोट-** निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन http://mpetendar.gov.in की वेबसाईट पर ही किया जावेगा। पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा। टेण्डर स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार वरिष्ठ अधिकारी/परिषद को रहेगा।

**अनुराधा कुवंर विजयपाल सिंह जादौन**
**अध्यक्ष**
**नगर परिषद सोयतकलाँ**

**मनोज कुमार नामदेव**
**मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर**
**परिषद सोयतकलाँ**

## फर्जी आईएएस ने लाल साड़ी में विधानसभा में बनाया वीडियो

**भोपाल।** मध्य प्रदेश के अशोकनगर जिले के चंदेरी में फर्जी IASबनकर लोगों से ठगी के आरोप में गिरफ्तार तृप्ति सिंह राजपूत से जुड़े नए VIDEO सामने आए हैं। इनमें तृप्ति अपनी दो सहेलियों के साथ विधानसभा परिसर में घूमती और ब्लॉग बनाती नजर आ रही है। एक VIDEO में तृप्ति लाल साड़ी पहने दिखाई देती है, जबकि उसकी सहेली उसे 'सीनियर' बताते हुए नजर आती है, जबकि तृप्ति कहती है- हम प्रोबेशनर हैं। साथ ही थोड़े 'बेवकूफ' हैं। वीडियो में तीनों के बीच बातचीत और हंसी-मजाक करते भी दिखाई देता है। विधानसभा परिसर के बाहर बनाए गए वीडियो में तृप्ति की एक सहेली कहती है कि वे विधानसभा अटेंड करने आई हैं। उसने कहा कि उन्होंने सोचा कि क्यों न अपना पहला ब्लॉग बनाया जाए।

## बैठक में छात्रों से विवाद थाने में ज्ञापन देकर कार्रवाई की मांग

**भोपाल।** भोपाल के गांधी भवन में रविवार शाम सिटीजन फॉर जस्टिस एंड पीस की बैठक के दौरान छात्रों और आयोजकों के बीच विवाद हो गया। सरकारी स्कूलों के ऑडिट को लेकर आयोजित बैठक में सवाल-जवाब के दौरान छात्रों ने आरोप लगाया कि उनके साथ अभद्र व्यवहार किया गया और माइक छीनने की कोशिश की गई। सोमवार सुबह छात्रों ने श्यामला हिल्स थाने पहुंचकर ज्ञापन सौंपा और मामले की निष्पक्ष जांच व कार्रवाई की मांग की। श्यामला हिल्स थाना प्रभारी नीलम पटवा ने बताया कि गांधी भवन में बैठक आयोजित की गई थी। उनके मुताबिक, बैठक को लेकर गांधी भवन प्रबंधन को भी पूरी जानकारी नहीं थी। बैठक में मौजूद छात्रों ने सवाल किए, जिसके बाद विवाद बढ़ गया और करीब 30-40 छात्र वहां पहुंच गए।

## ई-कचरे के निपटारे पर एनजीटी सख्त

**भोपाल।** नेशनल ग्रीन ट्रूब्नल ने भोपाल में ई-कचरे (ई-वेस्ट) के कथित अवैज्ञानिक निस्तारण एवं अनियंत्रित प्रसंस्करण से उत्पन्न गंभीर पर्यावरणीय एवं जनस्वास्थ्य संबंधी चिंताओं को संज्ञान लिया है। जिम्मेदारों से रिपोर्ट मांगी है। मामले की सोमवार को न्यायमूर्ति श्यो कुमार सिंह, विशेषज्ञ सदस्य सुधीर कुमार चतुर्वेदी की पीठ के समक्ष सुनवाई हुई। नितिन सक्सेना की याचिका में भोपाल में ई-कचरे के कथित अनुचित निस्तारण, प्रसंस्करण और खुले में जलाने से संबंधित गंभीर चिंताएं उठाई गई हैं।अधिकरण के समक्ष प्रस्तुत सामग्री के अनुसार, शहर में उत्पन्न होने वाले ई-कचरे के एक सीमित हिस्से का ही कथित रूप से वैज्ञानिक तरीके से निस्तारण किया जा रहा है, जबकि शेष ई-कचरे के अनधिकृत स्क्रैप इकाइयों के माध्यम से अनियंत्रित तरीके से प्रसंस्करण किए जाने का आरोप है। एजीटी के आदेश में दर्ज आरोपों के अनुसार, मोबाइल फोन, कंप्यूटर और अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों को खुले में जलाने या नष्ट करने से सीसा, पारा, कैडमियम और क्रोमियम जैसे विषैले पदार्थ एवं भारी धातुएं निकल सकती हैं।

## सतगड़ी में होगी अगली ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट

**भोपाल।** भोपाल में अगले साल वर्ष 2027 में होने वाली ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के लिए लोकेशन फाइनल कर दी गई है। यह समिट कोलार एरिया में सतगड़ी गांव में होगी जिसके लिए साइट विजिट करने की कार्यवाही उद्योग विभाग के अफसरों के साथ भोपाल जिला प्रशासन के अफसरों ने पूरी कर ली है। इस समिट के लिए अब बारिश थमते ही इंफ्रास्ट्रक्चर वर्किंग पर काम तेजी से किया जाएगा ताकि यहां आने वाले उद्योगपतियों को भोपाल शहर की खूबसूरती का अहसास भी कराया जा सके। वर्ष 2025 में भोपाल के मानव संग्रहालय एरिया में ग्लोबल इन्वेस्टर समिट (जीआईएस) कराने के बाद मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने तय किया है कि वर्ष 2027 में फिर जीआईएस भोपाल में होगी।

## कारोबार बढ़ाने वालों को सरकार देगी सहायता

**नई दिल्ली।** विदेशों में भारतीय उत्पादों की पहुंच बढ़ाने और निर्यात को प्रोत्साहित करने के लिए केंद्र सरकार ने निर्यात प्रोत्साहन मिशन के तहत बाजार पहुंच सहायता की व्यवस्था की है। इसके तहत पात्र निर्यातकों को अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेलों, खरीदार-विक्रेता बैठकों, व्यापार प्रतिनिधिमंडलों और बाजार विस्तार से जुड़ी गतिविधियों में सहायता मिल सकती है। इस योजना का उद्देश्य भारतीय कारोबारियों को विदेशी खरीदारों से जोड़ना और नए अंतरराष्ट्रीय बाजारों में प्रवेश का अवसर देना है। हालांकि, यह बिना शर्त सीधे नकद राशि देने की योजना नहीं है। सहायता निर्धारित पात्रता, गतिविधि और सरकारी दिशा-निर्देशों के अनुसार मिलेगी। सरकार की इस पहल से छोटे और मध्यम निर्यातकों को विशेष रूप से लाभ मिलने की उम्मीद है।

## 12 लाख की कार 3 लाख में सस्ती गाड़ी खरीदने का मौका

**नई दिल्ली।** अगर आप कम कीमत में कार खरीदने की तैयारी कर रहे हैं तो सरकारी और बैंक की ई-नीलामी आपके लिए एक विकल्प हो सकती है। हाल ही में सामने आई जानकारी के अनुसार कुछ मामलों में करीब 12 लाख रुपये कीमत वाली कार की शुरुआती बोली 3 लाख रुपये के आसपास हो सकती है। हालांकि अंतिम कीमत नीलामी में लगने वाली बोली पर निर्भर करती है। ऐसी नीलामियों में बैंक द्वारा जब्त वाहन और सरकारी विभागों के पुराने या अनुपयोगी वाहन शामिल हो सकते हैं। एमएसटीसी जैसे आधिकारिक ई-नीलामी मंच पर वाहन संबंधी नीलामी आयोजित होती हैं। एमएसटीसी के पोर्टल पर वाहन नीलामी की प्रक्रियाएं और आगामी नीलामी की जानकारी उपलब्ध रहती है। ध्यान रखना जरूरी है कि 3 लाख रुपये कोई निश्चित खरीद कीमत नहीं है, बल्कि किसी वाहन की शुरुआती बोली हो सकती है। नीलामी में दूसरे खरीदारों की बोली बढ़ने पर वाहन की अंतिम कीमत अधिक हो सकती है।

# पुलिस ने किया ट्रेक्टर चोरी की वारदात का खुलासा

**दैनिक अवन्तिका » गुना**

पुलिस अधीक्षक श्रीमती हितिका वासल के कुशल नेतृत्व में गुना पुलिस द्वारा जिले में संपत्ति संबंधी अपराधों के विरुद्ध त्वरित एवं प्रभावी कार्यवाहियां की जा रही हैं। इसी क्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रशांत सिंह सुमन के मार्गदर्शन एवं प्रभारी सीएसपी गुना आनंद राय के पर्यवेक्षण में गुना पुलिस ने उल्लेखनीय सफलता हासिल करते हुए बजरंगगढ़ थाना क्षेत्र से चोरी हुआ करीब 5 लाख रुपये कीमत का आयसर ट्रैक्टर महज 4 घंटे के भीतर बरामद कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है ।

दिनांक 30-31 अगस्त 2026 की रात्रि में कॉलर प्यारे खाँ पुत्र हसन खाँ निवासी ग्राम भौरागिर्द थाना बजरंगगढ़ के द्वारा डायल-112 पर अपने आयसर ट्रैक्टर क्रमांक एमपी08 एए8443 के चोरी होने की सूचना दी गई। सूचना प्राप्त होते ही बजरंगगढ़ थाना पुलिस द्वारा मामले को गंभीरता से लेकर तत्काल कार्यवाही प्रारंभ की गई एवं फरियादी की रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपी के विरुद्ध बजरंगगढ़ थाने में अपराध क्रमांक 96/26, धारा 303(2) बीएनएस के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

बजरंगगढ़ थाना पुलिस द्वारा फरियादी से घटना के संबंध में विस्तृत जानकारी प्राप्त कर ट्रैक्टर के आने-जाने वाले संभावित मार्गों पर सघन पतारसी की गई। पुलिस टीम द्वारा भौरागिर्द, बरखेड़ा गिर्द, पिपरोदा गिर्द, परसोदा, गेहूंखेड़ा गिर्द, करोद सहित अन्य संभावित स्थानों पर ट्रैक्टर की सरगर्मी से तलाश की गई। साथ ही मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया गया तथा पुलिस कंट्रोल रूम के माध्यम से जिले के विभिन्न स्थानों पर तैनात पुलिस टीमों को चोरी गए ट्रैक्टर की पतारसी हेतु तत्काल अलर्ट किया गया। पतारसी के दौरान सीसीटीव्ही कैमरों के विश्लेषण में चोरी गया ट्रैक्टर गुना शहर की ओर आता हुआ दिखाई दिया। बजरंगगढ़ थाना पुलिस द्वारा सीसीटीव्ही टीम से समन्वय कर संबंधित फुटेज निकलवाए जाकर सीसीटीव्ही फुटेज में ट्रैक्टर ले जाते हुए दिखाई दे रहे संदिग्ध की पहचान सोनू पुत्र प्यार खाँ, उम्र 36 वर्ष, निवासी ग्राम भौरागिर्द के रूप में की गई। इसके बाद साइबर सेल की सहायता से संदिग्ध को ट्रेस तत्काल उसे राउंडअप कर पूछताछ की गई।

पूछताछ में उसके द्वारा ट्रैक्टर चोरी कर ले जाना स्वीकारते हुए बताया कि वह चोरी किए गए ट्रैक्टर को गुना लेकर आया था। इस दौरान शहर में पुलिस वाहनों की लगातार गश्त एवं चैकिंग देखकर उसे पुलिस द्वारा पीछा किए जाने का अंदेशा हुआ, जिसके चलते उसने चोरी किये गये ट्रैक्टर को गुना के गायत्री मंदिर के पास छोड़ दिया और स्वयं वापस अपने गांव पहुंच गया। तदोपरांत पुलिस टीम द्वारा तत्काल मौके पर पहुंचकर चोरी गये ट्रैक्टर को बरामद कर लिया गया। फरियादी द्वारा ट्रैक्टर की कीमत करीब 05 लाख रुपये बताई गई है।

इस प्रकार रात्रि करीब 02 बजे ट्रैक्टर चोरी की सूचना प्राप्त होने से लेकर महज 04 घंटे के भीतर गुना पुलिस द्वारा त्वरित एवं समन्वित कार्यवाही करते हुए चोरी गये ट्रैक्टर को बरामद कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया। थाना कैंट के थाना प्रभारी निरीक्षक अनूप भार्गव, सउनि रामभरोसा बैरागी एवं एनआरएस सदस्य जीतू अहिरवार, ज्वाला यादव व मयंक सूद।पुलिस कंट्रोल रूम निरीक्षक विकास उपाध्याय, प्रधान आरक्षक विजय कुमार झावा, एवं आरक्षक शैलेन्द्र रघुवंशी।

# सिटी में बाबा महाकाल की अगवानी में उमड़ा जन सैलाब



**शुजालपुर।** भूत भावन भगवान महाकाल की शोभायात्रा सोमवार को सिटी में परंपरागत रूप से हर्षोल्लास के साथ निकाली गई। इस यात्रा के लिए सवारी मार्गो को दुल्हन की तरह सजाया गया था। बाबा के भक्तों ने उत्साह के साथ आयोजन में भाग लिया। ढोल नगाडों, संगीत पार्टी, डीजे, तोप की गुंज तथा महाकाल के जयकरों के बीच भगवान भोलेनाथ की यह शोभायात्रा देर रात तक चली। इस शोभायात्रा में बाबा महाकाल की अगवानी में जनसैलाब उमड़ा। शोभायात्रा में विभिन्न अखाड़ों के पहलवानों ने हेरत अंगेज करतब दिखाए। साथ ही भजन मंडलियों ने भी आकर्षक प्रस्तुतियां दी। बाबा महाकाल की इस शोभायात्रा में धार्मिक भजनों की प्रस्तुतियां भी हुई। यह शोभायात्रा विभिन्न झांकियों के साथ उत्साह के साथ प्रमुख मार्गो से गुजरी। रायकनपुरा स्थित श्री हनुमान मंदिर से शोभायात्रा शाम को पूजा अर्चना के साथ प्रारंभ हुई। इस अवसर पर समिति सदस्य, जनप्रतिनिधि व अधिकारी मौजूद रहे। यह शोभायात्रा माँ काली मंदिर चौराहा, पचोर रोड से भीमपुरा, आनन्द विद्या मंदिर, छोटा बाजार, बड़े बाजार के लिए रवाना हुई। यह यात्रा में देर रात जारी रहती है जिसमें हेरत अंगेज कारनामों का प्रदर्शन जारी रहा। कार्यक्रम के दौरान आसपास के अंचलों की भजन मंडलियां, अखाड़े शामिल होकर शिव की स्तुतियों के बीच हेरत अंग्रेज करतब दिखाऐं। जगह-जगह श्रद्धालुओं ने नगर भ्रमण पर निकले बाबा महाकाल की पूजा अर्चना की तथा क्षेत्र की सुख समृद्धि के लिए कामना की। महाकाली चौराहे पर भव्य पूजन कार्यक्रम हुआ।

शोभायात्रा का स्वागत मार्ग पर कई स्थानों पर किया गया। शहर के विभिन्न संगठनों व संस्थाओं द्वारा यात्रा में शामिल हजारों श्रद्धालुओं को अल्पाहर सहित अन्य पकवान नि:शुक्ल रूप से उपलब्ध कराया गया। कई स्थानों पर सामाजिक संगठनों द्वारा पुष्प वर्षा कर शोभायात्रा में शामिल यात्रियों का स्वागत किया। सोमवार शाम से देर रात तक चले इस धार्मिक आयोजन के दौरान शहर में भगवान भोलेनाथ के जयकारे गुंजते रहे। साथ ही बाबा के भजनों पर श्रद्धालु जमकर झुमे। इस आयोजन के लिए समिति द्वारा विशेष रूप से ढोल नगाडे व अन्य वाद्यय यंत्र बाहर से बुलाए थे। शोभायात्रा मार्ग पर कई चौराहों की सजावट आकर्षण का केन्द्र रही। इसी प्रकार कई स्थानों पर झांकियां भी सजाई गई।

# हाईवे पर पिकअप ने बाइक को मारी टक्कर

**शुजालपुर।** शुजालपुर-आष्टा नेशनल हाईवे 752सी पर अरनिया कलां और तिलावद के बीच सोमवार दोपहर 12 से 1 बजे के मध्य दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। पेट्रोल पंप के समीप दूध की पिकअप ने बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार पिता-पुत्र की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उनके साथ सवार एक अतिथि शिक्षक गंभीर रूप से घायल हो गए। दुर्घटना के बाद पिकअप चालक वाहन को मौके पर छोड़कर फरार हो गया।

जानकारी के अनुसार तिलावद निवासी अमर सिंह मालवीय एकीकृत शासकीय माध्यमिक विद्यालय तिलावद में शिक्षक के पद पर पदस्थ थे। उनके पिता जगन्नाथ सिंह मालवीय की अचानक तबीयत खराब होने पर अमर सिंह उन्हें उपचार के लिए बाइक से शुजालपुर लेकर जा रहे थे। उनके साथ विद्यालय में अतिथि शिक्षक के रूप में पदस्थ विजेन्द्र सिंह ठाकुर निवासी गवांखेड़ा, जिला सीहोर भी बाइक पर सवार थे। बताया गया कि विजेन्द्र सिंह, अमर सिंह के पिता को संभालने के लिए उनके साथ बाइक पर बैठे थे। इसी दौरान अरनिया कलां की ओर से तिलावद की तरफ जा रही दूध की पिकअप ने बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि अमर सिंह मालवीय और उनके पिता जगन्नाथ सिंह मालवीय ने घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया।

वहीं विजेन्द्र सिंह ठाकुर गंभीर रूप से घायल हो गए। ग्रामीणों और पुलिस की मदद से घायल को शुजालपुर अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उनकी हालत नाजुक बताई गई। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची।

दुर्घटना के बाद पिकअप चालक वाहन को घटनास्थल पर ही छोड़कर फरार हो गया। पुलिस ने वाहन को कब्जे में लेकर चालक की तलाश शुरू कर दी है। दोनों मृतकों के शवों का पोलायकलां अस्पताल में पोस्टमार्टम कराया गया, जिसके बाद शव परिजनों को सौंप दिए गए। गमगीन माहौल में पिता.पुत्र का अंतिम संस्कार किया गया। बताया जाता है कि अमर सिंह मालवीय मूल रूप से तिलावद निवासी थे और वर्तमान में शुजालपुर में निवास कर रहे थे। हादसे की खबर मिलते ही तिलावद सहित आसपास के क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर दुर्घटना के कारणों की जांच शुरू कर दी है और फरार पिकअप चालक की तलाश की जा रही है।

## फरार स्थाई वारंटी किया गिरफ्तार

**गुना।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती हितिका वासल के कुशल नेतृत्व में गुना पुलिस द्वारा जिले में विभिन्न अपराधों में फरार आरोपियों, वारंटियों, इनामी बदमाशों आदि की धरपकड़ हेतु एक अभियान के रूप में निरंतर सक्रिय, सतर्क एवं प्रभावी कार्यवाहियां की जा रही हैं। इसी क्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रशांत सिंह सुमन के मार्गदर्शन तथा प्रभारी एसडीओपी चांचौड़ा ओ.पी. आर्य के पर्यवेक्षण में चांचौड़ा थाना प्रभारी निरीक्षक निरीक्षक दिलीप राजौरिया और उनकी टीम द्वारा मारपीट के 05 वर्ष पुराने एक प्रकरण में फरार स्थाई वारंटी गिरफ्तार किया गया है।

# एनएसएस ने कराई रचनात्मक व जागरूकता गतिविधियां

**दैनिक अवन्तिका » शुजालपुर**



जवाहरलाल नेहरू स्मृति शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना एनएसएस के तत्वावधान में अगस्त माह में विद्यार्थियों एवं स्वयंसेवकों की सहभागिता से विभिन्न रचनात्मक, सामाजिक, पर्यावरणीय, खेल एवं राष्ट्र निर्माण से जुड़ी गतिविधियां आयोजित की गईं।

माह की शुरुआत में एनएसएस प्रभारी गजेन्द्र कुमार पाटीदार ने स्वयंसेवकों का माय भारत पोर्टल एवं महाविद्यालय में पंजीयन कराया। अभिमुखीकरण कार्यक्रम के माध्यम से स्वयंसेवकों को एनएसएस की गतिविधियों तथा शासकीय एवं सामाजिक कार्यक्रमों में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित किया गया। पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्य से वृक्षारोपण, एक पेड़ मां के नाम एवं गाजर घास उन्मूलन अभियान चलाया गया। विद्यार्थियों एवं स्वयंसेवकों ने महाविद्यालय परिसर, गोदग्राम एवं चयनित क्षेत्रों में सहभागिता कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

### स्तनपान सप्ताह में जागरूकता

1 से 7 अगस्त तक स्तनपान सप्ताह के अंतर्गत जागरूकता गतिविधियां आयोजित की गईं। इनके माध्यम से मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता का संदेश दिया गया। वहीं स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर 15 अगस्त को शासन के निर्देशानुसार राष्ट्रभक्ति एवं जन.जागरूकता गतिविधियां आयोजित की गईं। हर घर तिरंगा रैली में विद्यार्थियों एवं स्वयंसेवकों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता कर राष्ट्रीय एकताए देशभक्ति एवं सामाजिक जिम्मेदारी का संदेश दिया। 20 अगस्त को सद्भावना दिवस एवं पखवाड़े में विद्यार्थियों को सामाजिक समरसता, भाईचारे, एकता एवं सद्भावना का संदेश दिया गया।

### प्रधानमंत्री युवा संवाद रहा आकर्षण

अगस्त माह की गतिविधियों में 27 अगस्त को आयोजित प्रधानमंत्री युवा संवाद विशेष आकर्षण रहा। महाविद्यालय के वर्चुअल कक्ष में प्रधानमंत्री के युवा संवाद का सीधा प्रसारण किया गया। कार्यक्रम का आयोजन एवं संचालन एनएसएस प्रभारी गजेन्द्र कुमार पाटीदार ने किया। विशेष अतिथि आलोक खन्ना, प्राचार्य राजेश शर्मा, क्रीड़ा अधिकारी देवेंद्र कुंभकार सहित महाविद्यालय स्टाफ उपस्थित रहा। खेल प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर भावना यादव एवं तासु परमार को श्रीफल, शॉल एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। महाविद्यालय में आयोजित इन गतिविधियों का उद्देश्य विद्यार्थियों में सेवा भावना, पर्यावरण संरक्षण, सामाजिक जागरूकता, राष्ट्रीय एकता, नेतृत्व क्षमता एवं जिम्मेदार नागरिकता के गुणों का विकास करना रहा। विभिन्न कार्यक्रमों में एनएसएस स्वयंसेवकों ने सक्रिय सहभागिता की।

## नाम परिवर्तन सूचना

में ओमकुमार पिता भगवान सिंह निवासी ग्राम सूरजपुरा तहसील तराना पोस्ट छढ़ावद जिला उज्जैन मध्य प्रदेश 456665 यह घोषित करता हूं कि मैं अपना नाम ओम कुमार से बदलकर ओम सोलंकी रख लिया है भविष्य में मुझे ओम सोलंकी के नाम से ही जाना जाए इसके लिए मैंने एक शपथ पत्र दिनांक 29/8/2026 को नोटरी किया गया है।

**पश्चिम रेलवे – रतलाम मंडल**

**ई- निविदा सूचना**

• **निविदा क्रमांक:** EL/TRD/58/2026-27/19 • **कार्य का नाम:** रतलाम मंडल में अतिरिक्त केबल का प्रावधान एवं एटी तथा अन्य पीएसआई परिसंपत्तियों का प्रतिस्थापन। • **कार्य की अनुमानित लागत:** ₹1,71,89,729/- • **बयाना राशि:** ₹3,43,800/- • **समापन अवधि:** 12 महीने • **निविदा दस्तावेज़ की राशि:** शून्य • **ऑनलाइन बिडिंग बंद होने की तिथि एवं समय:** 21.09.2026 को 15:00 बजे • **ऑफर की वैधता:** खुलने की तिथि से 60 दिन • **वेबसाइट:** www.ireps.gov.in • **नोटिस बोर्ड:** वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर (कर्षण वितरण), रतलाम मंडल, पश्चिम रेलवे के कार्यालय के प्रवेश द्वार के सामने। CRY/228

Like us on: facebook.com/WesternRly

## जाहिर सूचना

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि हमारे पिता श्री मंजूर खां पिता श्री सत्तार खां, निवासी फाजलपुरा, उज्जैन (म.प्र.) का स्वर्गवास दिनांक 10/01/1994 को फाजलपुरा, उज्जैन में हो चुका है तथा उनका सुपुर्द-ए-खाक ईदगाह कब्रस्तान, उज्जैन में किया गया था। श्री मंजूर खां की मृत्यु वर्ष 1994 में हो जाने के कारण उनकी मृत्यु का प्रमाण-पत्र वर्तमान में उपलब्ध नहीं है तथा न ही किसी शासकीय कार्यालय, नगर पालिक निगम अथवा रजिस्ट्रार (जन्म एवं मृत्यु) द्वारा उक्त मृत्यु का मृत्यु प्रमाण-पत्र जारी किया गया है। मृत्यु संबंधी पुराने कब्रस्तान अभिलेख भी वर्तमान में उपलब्ध/पठनीय नहीं हैं। अत: श्री मंजूर खां की मृत्यु दिनांक एवं उक्त तथ्य की सार्वजनिक जानकारी एवं सत्यता के संबंध में यह जाहिर सूचना प्रकाशित की जा रही है। सूचित हो।

**1- जहूर बी पति फय्याज अली, पिता श्री मंजूर खान, निवासी - 86/3 फाजलपुरा गली न 03. बुधवारिया उज्जैन मध्यप्रदेश**

**2- रशीद खान पिता श्री मंजूर खान नि-गांधी नगर आगर रोड उज्जैन**

**3- जरीना बी पिता श्री रमजान खां, निवासी-15 आगर रोड उज्जैन**

## In The Court of Principal Judge, Family Court, Ujjain (M.P.)

**Presiding Officer : श्री संजीव कुमार गुप्ता**

(आदेश 5 नियम 20 व्यवहार प्रक्रिया संहिता 1908 के अंतर्गत प्रकाशन हेतु)

(RCS HM/ 594/2025)

**अनिल प्रजापत....................आवेदक**

**विरूद्ध**

**श्रीमती पूजा प्रजापत ..........अनावेदक**

**Process ID-**

**पेशी दिनांक 29/09/2026**

**प्रेषिती**

**श्रीमती पूजा प्रजापत पति अनिल प्रजापत पुत्री किशनलाल प्रजापत, हाल मुकाम - तिलकेश्वर कॉलोनी, उज्जैन ( म.प्र. ) मोबाईल नं. 7638547302**

यह कि प्रार्थी अनिल प्रजापत पिता रामलाल प्रजापत, आयु 26 वर्ष, निवासी-पीपलीनाका गढ़कालिका रोड़, यंगऐरा स्कूल के पास, उज्जैन (म.प्र.) ने आपके विरूद्ध धारा 13 हिन्दू विवाह अधिनियम के लिए वाद सस्थित किया है, आपको इस न्यायालय में सूचना के प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर वाद का उत्तर देने के लिए उपसंजात/ हाजिर होने के लिए सम्मन किया जाता है. आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर (अधिवक्ता) द्वारा उपसंजात हो सकते है, जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस वाद में संबंधित सभी सारवान कथनों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का श्रीमती पूजा प्रजापत पति अनिल प्रजापत पुत्री किशनलाल प्रजापत लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में है पेश कर जिन पर आपका प्रतिरक्षा या मूजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित हो. और यदि आप अन्य किसी दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजरा के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते है तो ऐसी सभी दस्तावेज की लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें। आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप उपर बताई गई अवधि में इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो वाद की एक पक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप निराकरण मध्यस्थ के माध्यम से करने के इच्छुक है तो पीठासीन अधिकारी को अवगत करावें। यह आज तारीख 21/08/2026 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है। कृपया ध्यान दे- यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो आगामी कार्यदिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जायेगा।

**न्यायालय की मुद्रा**

**न्यायाधीश**
**( संजीव कुमार गुप्ता )**
**प्रधान न्यायाधीश कुंटुम्ब न्यायालय**
**उज्जैन ( म.प्र. )**

## बैठक में लंबित पत्रों की समीक्षा कर दिए निर्देश

**गुना।** मुख्यमंत्री जन-विश्वास अभियान अंतर्गत आयोजित शिविरों में प्राप्त समस्याओं का मौके पर ही निराकरण करने का प्रयास करें। कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल ने कहा कि सभी अधिकारी जन-विश्वास शिविर के दिवस क्षेत्र में भ्रमण कर नागरिकों की समस्याओं को समझें और उनका त्वरित समाधान सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि शासन की मंशा है कि नागरिकों की समस्याओं का समय पर समाधान हो तथा शासकीय कार्यों में अनावश्यक रूप से प्रकरण लंबित न रहें। इस आशय के निर्देश कलेक्टर श्री कन्याल ने समय-सीमा बैठक के दौरान लंबित पत्रों की समीक्षा करते हुए दिए।

## जाहिर-सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि भूमिस्वामी:- श्रीमती रजिया सुल्ताना बी पति श्री अब्दुल रहीम निवासी-3/1, तिलक मार्ग, शिकारी गली उज्जैन (म.प्र.) के स्वामित्व स्वत्व एवं आधिपत्य की कृषि भूमि आराजी सर्वे क्रं.-1790/2/2/2 रकबा 0.17 हेक्टर में सें रकबा 0.02 हैक्टर भूमि अर्थात 2150.00 वर्गफीट ग्राम नरवर तह. व जिला उज्जैन मे स्थित है। उक्त भूमि का फ्रंट 38.00 फीट के लगभग है। उक्त कृषि भूमि सिंचित है। उक्त भूमि कृषि उपयोग की है। उक्त भूमि फ्रीहोल्ड राईट्स का है। उक्त भूमि की चर्तु:सीमा निम्नानुसार है-पूर्व में - सर्वे क्रमांक-1790/2/2/2 की शेष भूमि, पश्चिम में सर्वे क्रमांक-1790/2/2/1/1. उत्तर में रोड देवास उज्जैन तक का, दक्षिण में कांकड है। मेरे पक्षकारा ने भूमि स्वामी से उक्त वर्णित संपत्ति को क्रय करने का सौदा अनुबंध किया होकर विक्रय प्रतिफल की राशि में से बयाना राशि का भुगतान भी भूमि स्वामी को कर दिया है, अब विक्रय पत्र का पंजीयन करवाना शेष रहा है। उक्त संपत्ति पर भूमि स्वामी के अतिरिक्त अन्य किसी व्यक्ति, संस्था, वित्तीय निकाय, बैंक, पेढ़ी, शासकीय या अर्द्धशासकीय संस्था आदि का किसी भी प्रकार का कोई स्वत्व, हित व अधि ाकार अथवा भार, बोझ, दान, विक्रय, बक्षीस, अनुबंध आदि हो अथवा किसी भी प्रकार का कोई सुखाधिकार हो अथवा इस विक्रय व्यवहार मे किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वह इस जाहिर सूचना के प्रकाशन के 7 (सात) दिन मे अपनी आपत्ति मय लेखी प्रमाण के मेरे कार्यालय मे आकर प्रस्तुत करे, ताकि उसका निराकरण किया जा सके, अन्यथा उक्त अवधि पश्चात मेरे पक्षकार अपने हित मे उक्त संपत्ति के विक्रय पत्र का पंजीयन करा लेंगे व उसके पश्चात किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति मान्य नही होगी, न ही मेरे पक्षकार पर बंधनकारक होगी। सूचित हो। इति दिनांक-01/09/2026

**भूपेन्द्र उपाध्याय एडवोकेट**
**कार्या-सी-2, भरतपुरी कॉम्पलेक्स**
**उज्जैन, मो. 89891-45770**

## जाहिर सूचना

सर्वसाधरण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने भूमि स्वामी श्री रणजीत सिंह परमार पिता श्री सेवाराम जी निवासी कृषक ग्राम चंदेसरा तहसील व जिला उज्जैन म.प्र से उनके एकमेव स्वत्व, स्वामित्व एंव आधिपत्य की कृषि भूमि जिसका भूमि सर्वे क्रमांक 103/3/4 रकबा 0.1310 हेक्टर, कुल किता 1 कुल रकबा 0.1310 हेक्टर में से विकीत भूमि कुल रकबा 0.05000 हेक्टर होकर भूमि स्थित ग्राम चंदेसरा तहसील व जिला उज्जैन म.प्र. में स्थित होकर उनके स्वत्व स्वामित्व, आधिपत्य की उक्त सम्पति का मेरे पक्षकार ने क्रय करने का विक्रय अनुबंध तैयार कर सौदा तय किया गया हैं तथा बयाना राशि अदा कर दी गयी हैं, उक्त सौदे की शेष राशि अदा कर मूल भूमि स्वामी से विक्रय पत्र का सम्पादन करवाया जाना शेष है। यह कि उपरोक्त वर्णित सम्पति पर किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो अथवा उक्त कृषि भूमि बावत किसी निजी व्यक्ति, सस्था, बैंक, पंचायत, पेढी शासकीय या अर्द्धशासकीय संस्था या स्थानीय शासन का कोई ऋण, भार हित, अधिकार हो या किसी भी न्यायालय में कोई प्रकरण विचाराधीन हो अथवा इस विक्रय समव्यवहार बावत हो तो जाहिर सूचना प्रकाशन की दिनांक से (07 दिवस) के अन्दर अपनी आपत्ति मय लैखी प्रमाण सहित मेरे कार्यालय पर आकर लिखित में अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर देवे। अन्यथा बाद मियाद उक्त सम्पत्ति का विक्रय पत्र मेरे पक्षकार द्वारा अपने हित में निष्पादित एंव पंजीकृत करवा लिया जावेगा एवं इसके पश्चात कोई आपत्ति मान्य नही होगी। और न ही मेरे पक्षकार के हितों पर बधंनकारक होगी। यह सूचित हो। दिनांक-31/08/2026

**श्रीमती शिवांगिनी निलेश धाकड. ( सर्विस प्रोवाईडर )**
**कार्यालय डी. एफ 12 प्रथम मंजिल भरतपुरी कॉम्पलेक्स**
**देवास रोड उज्जैन म.प्र. मो. 9074220501**

# शा. स्ना. महाविद्यालय में राष्ट्रीय खेल दिवस पर प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित, 102 उत्कृष्ट खिलाड़ियों को प्रदान किए ट्रैकसूट

दैनिक अवन्तिका ▸▸ मंदसौर

स्थानीय शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय मंदसौर में महान हॉकी जादूगर मेजर ध्यानचंद की जयंती के उपलक्ष्य में राष्ट्रीय खेल दिवस पर प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसकी औपचारिक शुरूआत महाविद्यालय के शैक्षणिक (टीचिंग) एवं गैर-शैक्षणिक (नॉन-टीचिंग) स्टाफ के बीच आयोजित एक मैत्रीपूर्ण क्रिकेट मुकाबले से हुई। जिसमें अंततः टीचिंग स्टाफ की टीम ने जीत दर्ज की।



समारोह की अध्यक्षता करते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. जे. एस. दुबे ने खेलों के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि खेल केवल मनोरंजन का साधन नहीं हैं, बल्कि यह युवाओं में अनुशासन, नेतृत्व क्षमता, टीम भावना और विपरीत परिस्थितियों से लड़ने का हुनर पैदा करते हैं। विधायक विपिन जैन ने कहा कि खेल मानव जीवन को ऊर्जावान और स्वस्थ बनाए रखने का सशक्त माध्यम हैं। विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित शा. महाविद्यालय शामगढ़ के प्राचार्य डॉ. ओ. पी. गेहलोत ने मेजर ध्यानचंद के जीवन मूल्यों और राष्ट्र के प्रति उनके योगदान को याद किया। क्रीड़ाधिकारी राजू कुमार ने खेल गतिविधियों की जानकारी दी।समारोह में विक्रम विश्वविद्यालय उज्जैन का प्रतिनिधित्व करते हुए अंतर-विश्वविद्यालय, राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाले महाविद्यालय के 102 खिलाड़ियों को विशेष रूप से ट्रैकसूट प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस दौरान वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. टी. के. झाला, डॉ. आर. डी. गुप्ता, राहुल सुरा, शुभदा राणावत, एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अनिल कुमार आर्य एवं केंद्रीय विद्यालय के कोच आजाद सिंह सोलंकी भी मौजूद थे।

## न्यूज-कॉलम

### पूर्व पार्षद जगदीश बोरीवाल का निधन

**नीमच।** नीमच शहर के नया बाजार के समीप निवासी वरिष्ठ कांग्रेस नेता और नीमच नगरपालिका परिषद् के पूर्व पार्षद जगदीशजी बोरीवाल (79 वर्ष) का 30 अगस्त 2026 रविवार को निधन हो गया। प्यार की राजनीति में लोकप्रियता प्राप्त कर चुके इस परिवार ने सात बार वार्ड के पार्षद के रूप में जिम्मेदारी का निरवहन किया नीमच नपा के वार्ड क्रमांक 15 विनोबागंज परिक्षेत्र के लगातार तीन बार पार्षद का चुनाव जीते कांग्रेस के लोकप्रिय नेता श्री बोरीवाल अपने जीवन काल में मिलनसार, समाजसेवा में अग्रणी तथा क्षेत्र की समस्याओं के समाधान तथा लोकहितों के लिए सदैव तत्पर एवं संघर्षशील रहे। उनके सुपुत्र तथा बहू भी नपा के पार्षद रहे।

### युवा कांग्रेस पदाधिकारियों की बैठक संपन्न

**नीमच।** युवा कांग्रेस के जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष वैभव अहीर के निजी निवास पर युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव एवं मध्यप्रदेश प्रभारी शिवी सिंह चौहान, प्रदेश उपाध्यक्ष एवं जोन प्रभारी जावेद पटेल तथा नीमच जिले के प्रभारी विनोद पाटीदार सहित युवा कांग्रेस के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं का सम्मान किया गया। इस अवसर पर वैभव अहीर एवं युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने अतिथियों को साफा बांधकर एवं पुष्पमालाएं पहनाकर सम्मानित किया। सम्मान समारोह के दौरान सभी पदाधिकारियों का आत्मीय अभिनंदन किया गया तथा संगठनात्मक गतिविधियों को लेकर चर्चा हुई। कार्यक्रम में नीमच विधानसभा युवा कांग्रेस अध्यक्ष अजय यादव, मनासा विधानसभा अध्यक्ष अशोक गुर्जर, जावद विधानसभा अध्यक्ष श्रवण सेन, संजीव पगारिया सहित युवा कांग्रेस के साथी राहुल अहीर, अर्जुन गुर्जर, रजत सेठिया, शहर ब्लॉक अध्यक्ष गौरव गोयल, दिग्विजय सियोटा, सत्यविजय सियोटा, यशपाल चौहान, तुषार मेघवाल, कमल छापरी, अंकित सेन, रविंद्र तोमर, शुभम शर्मा, युवराज जरिया सहित अनेक युवा साथी मौजूद थे।

### सीएमओ शर्मा जावद हुए सेवानिवृत्त

**नीमच।** नीमच जिले के जावद एवं 18 नगर पंचायत के लंबे समय तक मुख्य नगर पालिका अधिकारी रहे जगजीवन शर्मा 31 अगस्त 2026 को सेवानिवृत हो गए। नगर पंचायत अठाना व जावद न पंचायत परिषद के मुख्य नगरपालिका अधिरी (सीएमओ) जगजीवन शर्मा आज शासकीय सेवा से सेवानिवृत हों गए है। श्री शर्मा ने अठाना व जावद नगर परिषद में करीब वर्षों तक सीएमओ के पद पर सेवाएं देते हुए नगर के विकास एवं मूलभूत सुविधाओं को बेहतर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। सरल सहज व्यक्तित्व के धनी श्री शर्मा अपने कर्मचारियों व आम जनता के बीच लोकप्रिय रहे ह्य जिनकी सेवानिवृत्ति पर नगर के प्रमुख जनों सहित कर्मचारी एवं राजनीतिज्ञ,पत्रकारों ने उनके स्वस्थ्य जीवन की शुभकामनाएं प्रेषित की।

### घर में योगेश चाहूजा का शव मिला

**मंदसौर।** स्थानीय दवा बाजार स्थित घर में एक व्यक्ति का शव मिला। पुलिस घटना की सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची। मृतक की पहचान योगेश चाहूजा के रूप में हुई। पुलिस ने प्रकरण में मर्ग कायम किया। पुलिस ने मृतक का पीएम करवाकर उसे परिजनों को सौंप दिया। प्राप्त जानकारी अनुसार मृतक कुछ दिनों से अस्वस्थ था तथा वह घर में अकेला रहता था।

### विद्यार्थियों को लैपटॉप खरीदने के लिए मिलेंगे 25-25 हजार रुपये

**रतलाम ।** जिला शिक्षा अधिकारी सुश्री सिमरन सूर्यवंशी द्वारा बताया गया कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव प्रदेश के लगभग 1 लाख 22 हजार विद्यार्थियों को लैपटॉप खरीदने के लिए 25-25 हजार रुपये की राशि का अंतरण करेंगे। विद्यार्थियों को यह राशि 1 सितंबर को कुशाभाऊ ठाकरे अंतर्राष्ट्रीय कन्वेंशन सेंटर, भोपाल में आयोजित लैपटॉप क्रय के लिये राशि वितरण कार्यक्रम के दौरान प्रदान की जाएगी। प्रदेश सरकार द्वारा योजना के अंतर्गत इस वर्ष प्रदेश के लगभग 1 लाख 22 हजार विद्यार्थियों को लाभान्वित किया जा रहा है जिसमें रतलाम जिले के 1644 मेघावी विद्यार्थी भी सम्मिलित हैं।

# गंगा जरिया महादेव मंदिर से हनुमान जी की मूर्ति खंडित कर गायब करने का मामला सामने आया

दैनिक अवन्तिका ▸▸ रतलाम

माणक चौक थाना क्षेत्र अंतर्गत अशोक नगर के पीछे स्थित ग्रीन सिटी के पास गंगा जरिया महादेव मंदिर परिसर से बजरंग बली की मूर्ति खंडित कर गायब करने का मामला सामने आया है। घटना की जानकारी मिलते ही बड़ी संख्या में हिंदू संगठनों के कार्यकर्ता मौके पर एकत्र हो गए और गहरा आक्रोश जताया।

स्थानीय निवासियों और कार्यकर्ताओं के अनुसार दो दिन पूर्व तक मूर्ति मंदिर में विराजित थी। जब रविवार दोपहर श्रद्धालु दर्शन के लिए पहुँचे, तो मूर्ति अपने स्थान से गायब मिली। कार्यकर्ताओं ने बताया कि असामाजिक तत्वों ने मूर्ति को खंडित किया है; रास्ते में सिंदूर बिखरा मिला और मंदिर की ध्वजा भी कुछ दूरी पर नीचे गिरी पाई गई। मंदिर परिसर में स्थित बावड़ी में मूर्ति फेंके जाने की आशंका जताई जा रही है।

**पुलिस बल मौके पर, जांच शुरू**

घटना की सूचना मिलते ही नगर पुलिस अधीक्षक सत्येंद्र घनघोरिया और माणक चौक थाना प्रभारी विक्रम चौहान पुलिस बल के साथ तत्काल घटनास्थल पर पहुँचे और स्थिति का जायजा लेकर जांच शुरू कर दी है। बावड़ी व आसपास के क्षेत्र में सघन सर्च अभियान चलाकर मूर्ति को जल्द ढूंढ निकाला जाए और पूरे सम्मान के साथ नई मूर्ति स्थापित की जाए। मंदिर परिसर के आसपास तुरंत बाउंड्री वॉल (चारदीवारी) का निर्माण कराया जाए ताकि असामाजिक तत्वों और आपराधिक प्रवृत्ति के लोगों की गतिविधियों पर रोक लग सके। घटना को अंजाम देने वाले बदमाशों को चिन्हित कर उनके खिलाफ कठोर कानूनी कार्रवाई की जाए। पुलिस प्रशासन ने कार्यकर्ताओं को शांत कराते हुए मामले की निष्पक्ष जांच और जल्द से जल्द आरोपियों को पकड़ने का आश्वासन देकर नायब तहसीलदार को मौका मुआयना करवाया।

# सीएम हेल्पलाईन शिकायतों का निपटारा अतिशीघ्र करें - कलेक्टर दिव्यांकसिंह

**मन्दसौर।** कलेक्टर दिव्यांक सिंह ने सोमवार को आयोजित समय सीमा पत्र की समीक्षा बैठक में जिले के खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग को निर्देशित किया कि त्योहारों के दृष्टिगत सैंपल लेने के कार्य में गति लाई जाए मिलावट की विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाए विभाग द्वारा की जा रही कार्रवाई नजर भी आनी चाहिए। इसी प्रकार कलेक्टर द्वारा जिला परिवहन अधिकारी को निर्देशित किया कि बसों में ओवरलोडिंग के विरुद्ध एक्शन लेवे कलेक्टर द्वारा अन्य विभागों की भी समीक्षा की गई। कलेक्टर द्वारा मुख्यमंत्री हेल्पलाइन में लंबित शिकायतों का निराकरण की विशेष रूप से समीक्षा की गई। स्पष्ट निर्देशित किया कि 50 दिवस से अधिक लंबित शिकायतों का निपटारा शीघ्र अति शीघ्र किया जाए, सीतामऊ तहसील में 50 दिवस से अधिक की 259 शिकायत पाई गई कलेक्टर ने कहा कि इतनी ज्यादा शिकायते सीतामऊ में क्यों है। इसी प्रकार मल्हारगढ़ में भी 50 दिवस से अधिक की शिकायते ज्यादा संख्या में होने के कारण शीघ्र निपटारे के निर्देश दिए गए। समीक्षा में कलेक्टर ने स्पष्ट कहा कि नगर पालिकाओं में 50 दिवस से ज्यादा की शिकायत किसी भी स्तर पर ज्यादा संख्या में लंबित नहीं होना चाहिए। कलेक्टर ने महिला बाल विकास विभाग तथा कृषि विभाग के कार्यों की भी समीक्षा की। स्वास्थ्य विभाग को निर्देशित किया की जननी एक्सप्रेस तथा 108 सेवाओं के संबंध में आ रही शिकायतों के निवारण हेतु कड़ा एक्शन लिया जाए। सीईओ जिला पंचायत श्री अनुकूल जैन सहित जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।



# अंतरराष्ट्रीय हिंदू परिषद व राष्ट्रीय बजरंग दल की जिला बैठक सम्पन्न

दैनिक अवन्तिका ▸▸ मंदसौर

अंतरराष्ट्रीय हिंदू परिषद एवं राष्ट्रीय बजरंग दल की मंदसौर के संतों के सानिध्य में सम्पन्न हुई। बैठक में मुख्य अतिथि परिषद के प्रांत अध्यक्ष महंत ओमप्रकाश नाथ ने कहा कि वर्तमान समय में हिंदू समाज का संगठित और जागरूक होना नितांत आवश्यक है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे सेवा प्रकल्पों के माध्यम से समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे। प्रांत महामंत्री किशोर यादव तथा प्रांत संगठन महामंत्री संजय यादव ने संगठनात्मक बारीकियों पर प्रकाश डालते हुए कार्यकर्ताओं को मार्गदर्शन दिया। उन्होंने कहा कि संगठन की असली ताकत उसकी विचारधार और समर्पित कार्यकर्ता होते हैं। भागवताचार्य पं. दशरथ भाईजी एवं पं. विष्णुनारायणजी ने भी सनातन संस्कारों के संरक्षण और नई पीढ़ी को धर्म से जोड़ने पर बल दिया। इसमें परिषद के विनोद जाट को जिलाध्यक्ष, गोपाल सिंह राजावत को जिला महामंत्री, नरेंद्र सिंह तोमर को जिला उपाध्यक्ष एवं अक्षत भार्गव को जिला मंत्री का दायित्व सौंपा गया। वहीं, राष्ट्रीय बजरंग दल मंदसौर नगर इकाई में राकेश कुमावत को नगर अध्यक्ष, लक्की राव मराठा को नगर महामंत्री, गौरव मराठा को नगर मंत्री तथा पारस तंवर को नगर उपाध्यक्ष मनोनीत किया गया। कार्यक्रम का संचालन एड. सत्येंद्र सिंह सोम ने किया।

# दिल्ली छात्र आंदोलन में बर्बरता के खिलाफ युवा कांग्रेस का प्रदर्शन, गृहमंत्री अमित शाह की बर्खास्तगी की मांग

दैनिक अवन्तिका ▸▸ मंदसौर

दिल्ली स्थित ऐतिहासिक जंतर-मंतर पर अपनी जायज मांगों को लेकर शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर रहे निर्दोष छात्रों पर पुलिस प्रशासन द्वारा की गई कथित बर्बरता और दमनकारी कार्यवाही के विरोध में जिला युवा कांग्रेस मंदसौर ने अध्यक्ष दुर्गेश सिंह पटेल के नेतृत्व में स्थानीय गांधी चौराहा पर विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान केंद्र सरकार पर लोकतंत्र की हत्या करने का आरोप लगाते हुए गृहमंत्री को तत्काल प्रभाव से पद से बर्खास्त करने की मांग की।

प्रदर्शनकारियों को संबोधित करते हुए जिला युवा कांग्रेस अध्यक्ष दुर्गेश सिंह पटेल ने कहा कि दिल्ली में छात्र अपने संवैधानिक अधिकारों के लिए आवाज उठा रहे थे, परंतु केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के इशारे पर पुलिस ने अमानवीयता की सारी सीमाएं लांघ दीं। देश का शिक्षित युवा और छात्र समुदाय इस प्रकार की तानाशाही और दमनकारी नीतियों के आगे झुकने वाला नहीं है। जब तक लोकतंत्र का गला घोंटने वाले जिम्मेदार गृहमंत्री अमित शाह इस्तीफा नहीं देते या उन्हें बर्खास्त नहीं किया जाता, तब तक युवा कांग्रेस आंदोलन जारी रखेगी।




प्रदर्शन में युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव एवं प्रदेश प्रभारी शिवी सिंह चौहान, जिला कांग्रेस अध्यक्ष महेंद्र सिंह गुर्जर, संभाग प्रभारी जावेद पटेल, प्रदेश महासचिव विनोद पटेल, प्रदेश सचिव शहरयार शिबू, महिला कांग्रेस जिला अध्यक्ष राखी सत्रावाला, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष इष्टा भाचावत तथा एनएसयूआई जिला अध्यक्ष मंथन धनोतिया, जिला उपाध्यक्ष राघव शक्तावत, कुलदीप सिसोदिया, जिला महासचिव नेहा जैन, सम्यक जैन आदि कांग्रेस जन उपस्थित रहे।

## नवीन शाला प्रबंधन समिति का गठन हुआ

**पिपलिया मंडी ।** एकीकृत शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पिपलिया स्टेशन में शासन के नवीन दिशा निर्देशों के अनुपालन में दिनांक 27 अगस्त 2026 को शाला प्रबंधन समिति की 21 सदस्यीय नवीन कार्यकारिणी का गठन किया गया, जिसमें संरक्षक श्री भारत सिंह सोनगरा उपाध्यक्ष नगर परिषद पिपलिया मंडी एवं मार्गदर्शक श्रीमती दीपिका सोलंकी समाज सेविका एवं श्रीमती चेतना पोरवाल स्थानीय पार्षद को मनोनीत किया गया,

## पान दुकान में चोरी करने वाला आरोपी पकड़ाया

**मंदसौर।** जिले के दलौदा थाना पुलिस टीम ने दलौदा चौपाटी स्थित एक पान की दुकान में हुई चोरी का चंद घंटों में खुलासा करते हुए आरोपी को धर दबोचा और उसके पास से चोरी का माल व अवैध वाहन जब्त किया। घटनाक्रम के अनुसार, 30 अगस्त को फरियादी विशाल पिता नानालाल शर्मा निवासी मंडी रोड दलौदा ने थाने पर रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 29 अगस्त की मध्य रात्रि में किसी अज्ञात बदमाश ने उसकी दलौदा चौपाटी स्थित पान की दुकान के काउंटर का ताला तोड़ दिया और उसमें रखे विभिन्न ब्रांड्स के सिगरेट के पैकेट चुराकर ले गया। शिकायत पर थाना प्रभारी द्वारा गठित विशेष टीम ने मुखबिर सूचना के आधार पर पुलिस ने त्वरित कार्यवाही करते हुए बापू गांधी नगर, इंदौर निवासी 19 वर्षीय आरोपी कृष्णा पिता विजेंद्र उर्फ गुड्डा बंजारा को गिरफ्तार किया। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चोरी गए 18 हजार रुपये मूल्य के विभिन्न कंपनियों के सिगरेट के पैकेट बरामद किए गए।



## पश्चिम रेलवे इंदौर-खड़की स्पेशल ट्रेन के फेरों में वृद्धि

| गाड़ी संख्या | प्रारंभिक एवं गंतव्य स्टेशन | चलने का दिन | कब तक विस्तारित |
|---|---|---|---|
| 09324 | इंदौर - खड़की | बुधवार | 30.09.2026 |
| 09323 | खड़की - इंदौर | गुरुवार | 01.10.2026 |

ठहराव, ठहराव के समय और संरचना के संबंध में विस्तृत जानकारी के लिए, यात्री कृपया www.enquiry.indianrail.gov.in पर जाएं.

• गाड़ी संख्या 09324 के विस्तारित फेरों के लिए बुकिंग सभी पीआरएस काउंटरों और आईआरसीटीसी वेबसाइट पर 01.09.2026 से खुलेगी.

पश्चिम रेलवे
wr.indianrailways.gov.in
कृपया हमें पसंद करें और फॉलो करें: facebook.com/WesternRly X.com/WesternRly Instagram.com/WesternRly https://www.youtube.com/@WesternRly https://bit.ly/WesternRailwayOfficial

• उपरोक्त गाड़ी विशेष किराए पर विशेष गाड़ी के रूप में चलेगी. कृपया सभी आरक्षित टिकटों के लिए मूल आईडी प्रमाण साथ रखें



## न्यूज कालम



### सेंट पीटर्स स्कूल में रक्षाबंधन पर वृक्षारोपण कर वृक्षों को भी बांधी राखी

**जावरा ।** सेंट पीटर्स सीनियर सेकेंड्री स्कूल में रक्षाबंधन का पावन पर्व श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर बहनों ने अपने भाई-बहनों (सिबलिंग्स) की कलाई पर राखी बांधकर उनकी लंबी उम्र और सुरक्षा की कामना की तथा उन्हें रक्षा का वचन दिया। विद्यालय प्रबंधन काउंसिल के सदस्यों ने बच्चों के साथ मिलकर विद्यालय परिसर में पौधारोपण किया और पौधों को राखी बांधकर वृक्षों की रक्षा करने का संकल्प लिया। इस अनूठी पहल ने बच्चों में पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता और जिम्मेदारी की भावना जगाई इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंधक फादर प्रताप भूरिया एवं प्रिंसिपल सिस्टर जैसिंथा मारिया ने सभी विद्यार्थियों, अभिभावकों और स्टाफ सदस्यों को रक्षाबंधन की हार्दिक शुभकामनाएं दीं। पर्यावरण की रक्षा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को अधिक से अधिक पौधारोपण करना चाहिए, ताकि बढ़ते ग्लोबल वार्मिंग की समस्या पर रोक लगाई जा सके। उन्होंने सभी से पर्यावरण संरक्षण में सक्रिय भागीदारी निभाने की अपील की।कार्यक्रम में उपस्थित सभी विद्यार्थियों और स्टाफ सदस्यों ने इस पहल की सराहना की और पर्यावरण सुरक्षा के संकल्प को आगे बढ़ाने का वादा किया।

### बंदूक धारकों की मृत्यु के पश्चात नामांतरण की प्रक्रिया में आ रही अड़चनों को दूर करने हेतु कलेक्टर को पत्र लिखा

**मंदसौर।** जिले में लाइसेंसी बंदूक धारकों की मृत्यु के पश्चात उनके वैध एवं पात्र वारिसों के नाम नामांतरण की प्रक्रिया में आ रही अड़चनों को दूर करने के लिए पूर्व विधायक यशपाल सिंह सिसोदिया ने पहल की है। उन्होंने कलेक्टर मंदसौर को पत्र प्रेषित कर इस विषय की ओर ध्यानाकर्षण कराया और प्रकरणों के शीघ्र निराकरण की पुरजोर मांग की। श्री सिसोदिया ने पत्र में बताया कि वर्तमान में दर्जनों ऐसे मामले लंबित हैं, जिनमें परिजनों ने समस्त वैधानिक प्रक्रियाएं पूरी कर ली हैं। परिवार के अन्य सदस्यों द्वारा अनापत्ति शपथ पत्र जमा कराए जा चुके हैं और पुलिस चरित्र सत्यापन (वेरिफिकेशन) भी पूर्ण हो चुका है। इसके बावजूद आवेदक लंबे समय से केवल नामांतरण आदेश जारी होने की प्रतीक्षा कर रहे हैं। इस प्रशासनिक देरी के कारण कई बंदूकें थानों और मालखानों में धूल खा रही हैं, तो कई मामलों में लाइसेंसधारी की मृत्यु के बाद शस्त्र परिजनों के पास ही रख रह गए हैं जिन्हें समय सीमा में जमा नहीं कराया जा सका।

### राम रसोड़ा भंडारा में आज होगा सुंदरकांड का पाठ




**पिपलिया मंडी।** स्थानीय नगर वासियों एवं क्षेत्रीय धर्मदाताओं के सहयोग से फोरलेन पिपलिया मंडी पर पैदलयात्रीयो के लिए आयोजित राम रसोड़ा भंडारा के उपलक्ष में आज 1 सितंबर को रात्रि 8 बजे मदनलाल पंवार,सुंदरलाल पाटीदार, डॉ दिनेश बैरागी, मंगलेश पंवार लोकेश लोहार आज ही के मुखारविंद से सुंदरकांड का आयोजन रखा जाएगा। राम रसोड़ा समिति ने समस्त नागरिकों से अपील कर है कि अधिकाधिक संख्या में उपस्थित होकर धर्मलाभ लेवे।

### महामाया भादवामाता ग्रुप द्वारा 71 गणेश प्रतिमाओं का निशुल्क वितरण होगा

**पिपलिया मंडी।** प्रति वर्ष अनुसार इस वर्ष भी निरंतर चतुर्थ वर्ष श्री महामाया भादवामाता ग्रुप श्री शोभाराम जी हेमनानी परिवार द्वारा गणेशोत्सव हेतु 71 आकर्षक गणेश प्रतिमाओं का निशुल्क वितरण किया जाएगा । मूर्ति प्राप्ति हेतु आयोजन समिति के नंबर 916515,3179 पर संपर्क करें।



### बाउंड्रीवाल निर्माण हेतु 20 लाख स्वीकृति पर खिलाड़ियों ने विधायक का किया स्वागत

**नीमच।** कोठी स्कूल मैदान की बाउंड्रीवाल निर्माण के लिए 20 लाख की स्वीकृति मिलने पर खिलाड़ियों एवं खेलप्रेमियों ने विधायक सेवा केंद्र पहुंचकर विधायक दिलीप सिंह परिहार का आत्मीय स्वागत एवं अभिनंदन किया। इस अवसर पर विधायक परिहार ने कहा कि खिलाड़ियों की सुविधाओं का विस्तार एवं युवाओं को बेहतर खेल वातावरण उपलब्ध कराना प्राथमिकता है। नीमच विधानसभा क्षेत्र में खेल अधोसंरचना को मजबूत करने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं।

# डॉ.राठौर को 'पद्मभूषण अवॉर्ड' से इंदौर में किया सम्मानित

दैनिक अवन्तिका ▸▸ जावरा

चिकित्सा के क्षेत्र में उत्कृष्ट मानव सेवा, समर्पण और मानवीय दायित्वों के सर्वोत्तम निर्वहन के लिए जनरल फिजिशियन डॉ. हमीर सिंह राठौर को प्रतिष्ठित पद्म भूषण स्व. डॉ. एस.के. मुखर्जी राष्ट्रीय चिकित्सा सेवा अवार्ड-2026 से सम्मानित किया गया।



इंदौर में आयोजित भव्य सम्मान समारोह में प्रतिष्ठित सम्मान मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय, जबलपुर के मुख्य न्यायाधीश विवेक रूसिया के कर-कमलों द्वारा डॉ. राठौर को प्रदान किया गया। सम्मान समारोह में विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय सेवाएं देने वाली प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया।

सत्कार कला कल्याण समिति, इंदौर द्वारा डॉ. राठौर को चिकित्सा विज्ञान के क्षेत्र में उत्कृष्ट मानव सेवा एवं मानवीय दायित्वों का सर्वोत्तम निर्वहन करने के लिए इस राष्ट्रीय सम्मान से नवाजा गया। चिकित्सा सेवा के प्रति उनका समर्पण, सेवाभाव और जरूरतमंदों के प्रति संवेदनशील दृष्टिकोण इस सम्मान का प्रमुख आधार रहा।

डॉ. राठौर लंबे समय से चिकित्सा सेवा के साथ सामाजिक एवं धार्मिक गतिविधियों में भी सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। उनके सेवाभावी व्यक्तित्व और सामाजिक सरोकारों के चलते जावरा क्षेत्र में उन्हें विशेष सम्मान प्राप्त है। सामाजिक क्षेत्र में भी सक्रिय भूमिका

चिकित्सा सेवा के साथ-साथ डॉ. राठौर अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के राष्ट्रीय मंत्री तथा जावरा राजपूत समाज के संरक्षक के रूप में भी अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन कर रहे हैं। इसके अलावा वे शहर की विभिन्न धार्मिक एवं सामाजिक संस्थाओं से जुड़े रहते हुए सामाजिक गतिविधियों में सक्रिय योगदान देते हैं।

राष्ट्रीय स्तर के इस प्रतिष्ठित सम्मान से डॉ. राठौर के चिकित्सा एवं सामाजिक सेवा क्षेत्र में किए जा रहे कार्यों को नई पहचान मिली है। सम्मान प्राप्त होने पर क्षेत्र के नागरिकों, शुभचिंतकों, सामाजिक संगठनों एवं चिकित्सा जगत से जुड़े लोगों ने उन्हें बधाई दी।



कार्यालय नगर पालिक निगम इन्दौर
झोन क्रमांक-3

## जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि विक्रेता-भागवती पति अशोक सुनहरे क्रेता- निर्मल पति संदीप शर्मा वार्ड क्र. 57 पता- 85/3 पुराना 120 नया तिलक पथ इन्दौर पिन-10008888955 संपत्ति या नामान्तरण चाहा गया है। इस जाहिर सूचना प्रकाशन से 15 दिवस की समयावधि के अन्तर्गत किसी भी व्यक्ति बैंक, संस्था व अन्य को उक्त संपत्ति के नामांतरण पर आपत्ति हो तो झोन क्रमांक 3 के राजस्व विभाग में सहायक राजस्व अधिकारी के समक्ष अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें। समयावधि पश्चात आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी।

सहायक राजस्व अधिकारी झोन क्रं.-3 नगरपालिका निगम इन्दौर

कार्यालय नगर पालिक निगम इन्दौर
झोन क्रमांक-3

## जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि विक्रेता-प्रभा पति अशोक चेलावत क्रेता- संतोष राव पिता रामराव नेहे वार्ड क्र. 57 पता- 55, 56, 57 प्र.क्र. 202 प्रभात रेसीडेंसी तिलक पथ इन्दौर पिन-1000888405 संपत्ति या नामान्तरण चाहा गया है। इस जाहिर सूचना प्रकाशन से 15 दिवस की समयावधि के अन्तर्गत किसी भी व्यक्ति बैंक, संस्था व अन्य को उक्त संपत्ति के नामांतरण पर आपत्ति हो तो झोन क्रमांक 3 के राजस्व विभाग में सहायक राजस्व अधिकारी के समक्ष अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें। समयावधि पश्चात आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी।

सहायक राजस्व अधिकारी झोन क्रं.-3 नगरपालिका निगम इन्दौर

## श्री राम भक्त व्यायाम शाला अखाड़ा कार्यकारिणी घोषित





**उन्हेंल।** प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी श्री राम भक्त व्यायाम शाला की कार्यकारिणी घोषित की गई जिसमें उस्ताद धर्मेंद्र सेन को बनाया गया एवं कार्यकारिणी अध्यक्ष शेखर जटिया को बनाया गया एवं मीडिया प्रभारी गोकुल माली को बनाया गया एवं मलखंब कोच ईश्वर चौधरी को बनाया गया। इस अवसर पर व्यायामशाला संचालक राधे श्याम प्रजापत उस्ताद भेरूलाल प्रजापत सतीश चौधरी आदि सभी पहलवानों की सहमति से यह निर्णय लिया गया है।

## हाजी तालिब पठान दूसरी बार मदीना यात्रा पर रवाना

**तराना।** नगर के हाजी तालिब पठान समाज सेवी नन्ने भाई के हे जो कि कल सुबह अपनी वाल्दा ओर अपनी बीवी के साथ एक बार फिर पवित्र मक्का-मदीना की यात्रा के लिए रवाना हुए। उनकी इस धार्मिक यात्रा को लेकर परिवारजनों, दोस्तों, रिश्तेदारों एवं सुखचिंतकों में खुशी का माहौल है। रवाना होने से पूर्व बड़ी संख्या में लोगों ने उनके घर पहुंचे।उनके रवाना होने पर परिजनों एवं शुभचिंतकों ने कहा कि पवित्र स्थलों की यात्रा हर मुसलमान के लिए बेहद सौभाग्य और खुशी का अवसर है। लोगों ने हाजी तालिब पठान से अपनी दुआओं में सभी को याद रखने की गुजारिश की।

## वर्षीतप के बियासने का लाभ बुरड़ परिवार ने लिया

**महिदपुर।** नगर की पावन धरा पर आयोजित ऐतिहासिक सामूहिक वर्षीतप की आराधना धूमधाम से श्री लाल मंदिर परिसर में चल रही है। महिदपुर नगर में यह सामूहिक वर्षीतप आराधना तत्वावधान मे आराधना समिति महिदपुर द्वारा कराई जा रही है। 14 माह की तपस्या अक्षय तृतीया पर पूर्ण होगी। इस सामूहिक वर्षीतप आराधना में सकल श्री संघ का सहयोग एवं सेवा एवं वर्षीतप समिति को मिल रही है। सुंदर व्यवस्था एवं तपस्वी आराधकों को भक्ति एवं वैयावच्य का सुंदर समावेश बना हुआ है। शुक्रवार को वर्षीतप के 89 वें उपवास के बियासने का लाभ स्व. श्री बसन्तीलालजी, स्व. श्रीमती नजरबाई बुरड़ की पावन स्मृति में एवं श्रीमती अंगुरबाला बुरड़ एवं श्रीमती तमन्ना बुरड़ के वर्षीतप आराधना के उपलक्ष्य में विमल, अशोक, अरुण अंशुल, नमन, वेदर्श बुरड़ ने लिया।

## प्रस्तावित टीईटी परीक्षा के विरोध में शिक्षक दिल्ली रवाना

**महिदपुर रोड।** शासकीय विद्यालयों में पदस्थ शिक्षक शिक्षिकाओं की शिक्षा विभाग द्वारा लिये जाने वाली प्रस्तावित टीईटी परीक्षा के विरोध में दिल्ली में आयोजित प्रदर्शन में शामिल होने उज्जैन जिले के शिक्षक शिक्षिकाओं के साथ स्थानीय संकुल केंद्र के विभिन्न विद्यालयों में पदस्थ शिक्षक शिक्षिका भी प्रस्तावित आंदोलन में शामिल होने दिल्ली शनिवार को रवाना हो गया 30 अगस्त रविवार को आयोजित धरना आंदोलन में संकुल केंद्र से अनिल सेठिया, सीताराम जमरा, कालूराम चौहान, बाबूलाल चंद्रवंशी, मोहनलाल चंद्रवंशी, प्रकाश चौहान, सज्जन लाल निंबोला गोपाल तंवर सहित बड़ी संख्या में शिक्षक शिक्षिकाऐं जिले के अन्य शिक्षक शिक्षिकाओं के साथ निजी बस से रवाना हुए।

## रक्षा बंधन पर्व हर्षोल्लास से मनाया

**तनोडिया।** नगर सहित आसपास गांवों में शुक्रवार को श्रावण माह कि पूर्णिमा के अवसर पर रक्षाबंधन का पर्व हर घर परिवार मे बड़ी खुशी एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया गया सर्व प्रथम मंदिरों मे एवं घरों में विराजमान गणपति जी को रक्षा सूत्र बाधने और शिव पार्वती की पूजा अर्चना के बाद सभी बहनों ने राखी के इस अटूट रक्षाबंधन के अवसर पर पूरे दिन सुबह से शाम तक अपने भाइयों को सिर पर मंगल तिलक लगाकर हाथो की कलाई पर राखी बांधी चार वर्ष बाद ऐसा मुहूर्त आया और उनकी लंबी उम्र के लिए सुख समृद्धि की कामनाऐं की तो वही भाइयों ने भी अपनी बहनो को अच्छे से अच्छे उपहार देने के साथ ही उनकी जिंदगी भर तक रक्षा करने का वचन दिया।

### बामनियाखेड़ी के 45 सैंपल सामान्य, सुसनेर में वायरल फीवर का बढ़ा असर

# सिविल अस्पताल में 430 से अधिक मरीज पहुंचे

## ओपीडी में एक ही डॉक्टर संभालते रहे व्यवस्था; चिकित्सकों की कमी से मरीज परेशान

दैनिक अवन्तिका ▸▸ सुसनेर



मौसम में बदलाव के साथ क्षेत्र में वायरल फीवर का प्रकोप लगातार बढ़ता नजर आ रहा है। बुखार, सर्दी-खांसी, बदन दर्द और कमजोरी की शिकायत लेकर बड़ी संख्या में मरीज सिविल अस्पताल पहुंच रहे हैं। इसी बीच बामनियाखेड़ी गांव से लिए गए 45 लोगों के सैंपल की रिपोर्ट शनिवार को सामने आई। सिविल अस्पताल से मिली जानकारी के अनुसार सभी 45 सैंपलों की रिपोर्ट सामान्य आई है। किसी गंभीर संक्रमण की पुष्टि नहीं हुई है और मरीजों में वायरल फीवर के लक्षण ही पाए गए हैं। रिपोर्ट सामान्य आने से ग्रामीणों और स्वास्थ्य विभाग ने राहत की सांस ली है।

गौरतलब है कि बामनियाखेड़ी में पिछले दिनों बड़ी संख्या में ग्रामीणों के बीमार होने की जानकारी सामने आई थी। इसके बाद स्वास्थ्य विभाग की टीम ने गांव पहुंचकर 45 लोगों के सैंपल लिए थे। साथ ही गांव में पानी की टंकी की भी जांच की गई थी। पूर्व में कराई गई जांच में कुछ लोगों में टाइफाइड के लक्षण सामने आने की बात कही गई थी, जिसके बाद स्वास्थ्य विभाग ने स्थिति को गंभीरता से लेते हुए जांच और सैंपलिंग की थी। अब नए सैंपलों की रिपोर्ट सामान्य आने से फिलहाल गंभीर संक्रमण की आशंका दूर हुई है।

इधर शनिवार को सुसनेर सिविल अस्पताल में मरीजों की भारी भीड़ रही। सुबह से ही ओपीडी में मरीजों के पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया था। शाम तक 430 से अधिक मरीज ओपीडी में उपचार के लिए पहुंच चुके थे। इनमें अधिकांश मरीज बुखार, सर्दी-खांसी, बदन दर्द और कमजोरी जैसी शिकायतों से परेशान थे। मरीजों की बढ़ती संख्या के कारण अस्पताल की व्यवस्थाओं पर भी दबाव साफ दिखाई दिया।

मरीजों की संख्या बढ़ने के बावजूद ओपीडी समय में एक ही डॉक्टर के ड्यूटी पर रहने से उपचार व्यवस्था प्रभावित होती रही। एक डॉक्टर को बड़ी संख्या में मरीजों की जांच और उपचार करना पड़ा, जिसके कारण मरीजों को अपनी बारी के लिए काफी देर इंतजार करना पड़ा। अस्पताल में मरीजों की भीड़ और सीमित चिकित्सकीय स्टाफ के कारण व्यवस्था धीमी गति से चलती रही। इससे मरीजों और उनके परिजनों में नाराजगी भी देखने को मिली।

मरीजों का कहना है कि इन दिनों वायरल फीवर के कारण अस्पताल में मरीजों की संख्या पहले ही बढ़ी हुई है। ऐसे समय में डॉक्टरों की कमी के कारण मरीजों को परेशानी उठानी पड़ रही है। लोगों ने अस्पताल में पर्याप्त संख्या में चिकित्सकों की व्यवस्था किए जाने की मांग की है।

मौसम बदलने के साथ वायरल फीवर के मरीजों की संख्या बढ़ने से आने वाले दिनों में अस्पताल पर मरीजों का दबाव और बढ़ सकता है। ऐसे में स्थानीय लोगों ने प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग से जल्द से जल्द पर्याप्त चिकित्सकों की व्यवस्था करने की मांग की है, ताकि मरीजों को समय पर जांच और उपचार मिल सके।

बामनियाखेड़ी के 45 सैंपलों की रिपोर्ट सामान्य आने से फिलहाल राहत मिली है, लेकिन सुसनेर सिविल अस्पताल में शनिवार को 430 से अधिक मरीजों की ओपीडी और डॉक्टरों की कमी ने क्षेत्र की स्वास्थ्य व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं।

### लगातार उठ रही अतिरिक्त डॉक्टरों की मांग

सुसनेर सिविल अस्पताल में चिकित्सकों की कमी का मुद्दा लगातार उठाया जा रहा है। स्थानीय लोगों और जनप्रतिनिधियों द्वारा प्रशासन से अस्पताल में अतिरिक्त डॉक्टर उपलब्ध कराने की मांग की जा रही है। लोगों का कहना है कि अस्पताल में मरीजों की संख्या लगातार बढ़ रही है, ऐसे में एक डॉक्टर के भरोसे ओपीडी चलाना मरीजों के लिए परेशानी का कारण बन रहा है।

### इनका कहना

रविवार को पीजीटी की परीक्षा है,इसलिए डॉक्टर गए है,नए डॉक्टरों की पोस्टिंग होने वाली है,बहुत जल्द डॉक्टरों की कमियां दुर होजाएगी।

**डॉ. दिनेश देहलवार, सीएमएचओ आगर**

### देवनारायण जन्मोत्सव बैठक में मोरसिंह रामपुरिया अध्यक्ष चुने गए

# 30 सदस्यीय समिति का गठन, 19 सितंबर को राजगढ़ में निकलेगा भव्य चल समारोह

अवन्तिका ▸▸ ब्यावरा-राजगढ़



भगवान देवनारायण जन्मोत्सव को लेकर आयोजित बैठक में जन्मोत्सव समारोह की तैयारियों को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में सर्वसम्मति से देवनारायण जन्मोत्सव समिति का गठन करते हुए नई कार्यकारिणी का चयन किया गया।

बैठक में मोरसिंह रामपुरिया को समिति का अध्यक्ष चुना गया। वहीं जमुनालाल को उपाध्यक्ष, हरिओम गुर्जर को सचिव तथा गजराज गुर्जर को कोषाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई। इसके साथ ही मीडिया सहयोगी के रूप में लखन गुर्जर को जिम्मेदारी दी गई। समिति में समाज के वरिष्ठ जन एवं युवा सदस्यों को शामिल किया गया है। बैठक के दौरान समिति पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने आगामी 19 सितंबर राधाष्टमी के अवसर पर राजगढ़ नगर में भगवान देवनारायण का भव्य जन्मोत्सव मनाने का निर्णय लिया। इस अवसर पर नगर में भव्य चल समारोह निकाला जाएगा बैठक में शिव सिंह सरपंच जगदीश गुर्जर, मंत्री दयाराम गुर्जर, शिक्षक गजराज गुर्जर, शिक्षक हरिओम गुर्जर, सागर सिंह मूंज खेड़ी, पप्पू गुर्जर, सरपंच सागर सिंह गुर्जर फोतु खेड़ी, कैलाश गुर्जर सहित समाज जन समिलत थे।

### दो दिन से घर से बिना बताए लापता

# युवक का शव श्मशान के पास कुएं से बरामद हुआ

दैनिक अवन्तिका ▸▸ सुसनेर

नगर के मालीपुरा क्षेत्र से दो दिन से लापता चल रहे युवक का शव रविवार को नगर के श्मशान के पास स्थित एक कुएं से बरामद हुआ। शव मिलने की सूचना के बाद क्षेत्र में सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान जगदीश माली पिता मगनलाल माली, निवासी मालीपुरा क्षेत्र सुसनेर के रूप में हुई है।

जानकारी के अनुसार जगदीश माली दो दिन पहले घर से बिना बताए कहीं चला गया था। काफी तलाश करने के बाद जब उसका कोई पता नहीं चला तो परिजनों ने पुलिस थाने में गुमशुदगी की शिकायत दर्ज कराई थी। इसी बीच किसी व्यक्ति ने परिजनों को सूचना दी कि श्मशान के पास स्थित कुएं में एक युवक का शव दिखाई दे रहा है। सूचना मिलने पर परिजन मौके पर पहुंचे और कुएं में मिले शव की पहचान जगदीश माली के रूप में की। घटना की जानकारी पुलिस को दी गई, जिसके बाद पुलिस टीम मौके पर पहुंची और शव को कुएं से बाहर निकलवाया। पुलिस ने पंचनामा कार्रवाई कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। युवक की मौत किन परिस्थितियों में हुई, इसका पता पोस्टमार्टम रिपोर्ट और पुलिस जांच के बाद ही स्पष्ट हो सकेगा। घटना के बाद मृतक के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। पुलिस मामले के सभी पहलुओं की जांच कर रही है।

### रेलवे स्टेशन पर चेकिंग के दौरान

# जीआरपी को वृद्ध महिला असहाय अवस्था में मिली, पुलिस ने परिजनों के सुपुर्द किया

दैनिक अवन्तिका ▸▸ ब्यावरा।



ब्यावरा-राजगढ़ रेलवे स्टेशन पर चेकिंग के दौरान जीआरपी पुलिस को एक वृध्द महिला स्टेशन पर असाहय मिली। जो अपना नाम और पता बताने मे असमर्थ होने के कारण उक्त महिला के परिजनो की तलाश करने हेतु सोशल मीडिया का सहारा लिया गया। इंस्टाग्राम व्हाट्सएप फेसबुक के माध्यम से उक्त गुमशुदा महिला की फोटो डाले गये जिस पर फोटो देखकर परिजनो ने फोन लगाया गया। बृध्द महिला से व्हाट्सएप के माध्यम से विडियो काल पर बात कराई गई तत्पश्चात रात्री मे बृध्द महिला के नाती आकाश पिता बबलू पटेल 22 साल निवासी वार्ड नं. 7 कछियाना मोहल्ला, मुगावली जिला अशोक नगर ने बताया की ये मेरी दादी मिन्दा बाई पति मुलचन्द कुशवाह 82 साल निवासी ग्राम वार्ड नं. 8 कछियाना मोहल्ला थाना मुगावली जिला अशोक नगर की रहने वाली है जो गत दिनो गुना मे अपनी बुआ के घर गयी थी गुना नही उतर पायी। परिजनो ने काफी तलाश किया कोई जानकारी नही मिली इन्सटाग्राम के माध्यम से जानकारी मिली फिर थाने पर फोन किया वाद लेने आये है बाद बृध्द महिला के नाती आकाश पिता बबलू पटेल 22 साल निवासी ग्राम वार्ड नं. 7 कछियाना मोहल्ला मुगावली जिला अशोक नगर, अजय पिता लालाराम उर्फ लल्लू कुशवाह 20 साल निवासी ग्राम वार्ड नं. 8 कछियाना मोहल्ला मुगावली जिला अशोक नगर पुलिस थाना जीआरपी ब्यावरा आने पर सही सलामत सुपुर्द किया गया। इस अवसर पर थाना प्रभारी गोपाल सिंह, प्रधान आरक्षक रवि परते, अजय, कमलेश, आर-रविंद्र, राहुल, जितेंद्र आदि मौजूद रहे।

### 17 वर्षो से सावन में निकलती है सवारी

# बाबा ने मन महेश स्वरूप में दर्शन दिए

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंगोरिया



अचलेश्वर महादेव की शाही सवारीका परंपरागत 17 वर्षों से सावन माह में नगर भ्रमण हो रहा है। इस वर्ष भगवान शिव को मन महेश रुप के मुखौटे में दर्शन कर नगर वासी निहाल हो गए। पंडित राज किशोर चतुर्वेदी और यजमान सत्यनारायण प्रजापत ने विधिवत पूजा अर्चन कर मन महेश स्वरूप को थाना परिसर स्थित मंदिर में विराजित किया। पालकी बैंड बाजे के साथ उज्जैन रोड पहुंची जहां भगवान पंढरीनाथ और हिंगलाज मंदिर पर हरि हर का मिलन हुआ। महेश भावसार ने पुष्पवर्षा कर स्वागत किया।

सर्व प्रथम पालकी में विराजित मन महेश का विधायक जितेंद्र सिंह पंड्या ने पुष्प वर्षा कर अगवानी की। अचलेश्वर महादेव का पंच मुखी हनुमान मंदिर पर मंडल अध्यक्ष गोपाल सिंह आंजना, गोवर्धन सिंह पटेल और जुझार केवट ने किया। सवारी की सुरक्षा व्यवस्था में बड़नगर एस डी ओ पी महेंद्र सिंह परमार, टी आई दीपेश व्यास, एवं पुलिस बल पूरे समय लगा रहा। पालकी सवारी के नगर भ्रमण के दौरान जगह जगह नागरिकों ने पुष्प वर्षा कर स्वागत किया।

पालकी जब गणेश धाम पहुंची तो आशापुरा किराना पर गुलाबसिंह गोवर्धनसिंह चौहान ने 50 किलो गुलाब के फूलों की पुष्प वर्षा कर बाबा का स्वागत किया। सभी श्रद्धालुओं को 50 किलो केले और फलाहारी प्रसाद का वितरण किया। ये 10 वर्षों से फलाहारी प्रसाद और शिव पालकी का स्वागत करते आ रहे हैं।

गौतमपुरा रोड नगर कोतवाल भैरव बाबा मंदिर जाते समय बाबा का श्री राम किराना अवंती गुरु, गोपाल अग्रवाल और चौधरी रेस्टोरेंट पर भी पालकी का पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया।

नगर भ्रमण पर पालकी में सबसे आगे गायत्री विद्या मंदिर जहांगीरपुर के छात्रों का स्काउट गाइड दल बैंड की धुन पर चल रहा था। उसके पीछे झाबुआ का आदिवासी नर्तक दल, उन्हेल के श्री राम अखाड़ा के पहलवान अपना करतब दिखाते चल रहे थे। रथ पर चिकली आश्रम के संत 1008 श्री त्यागी जी महाराज विराजित थे। बाबा खाटूश्याम और सांवरिया सेठ की झांकी के दर्शन कर लोग निहाल हो गए।

### उप जेल सुसनेर में बंदी भाइयों की कलाई पर बांधा रक्षा सूत्र

# ब्रह्माकुमारी बहनों और जीवनधारा नमामि गंगे ने मनाया रक्षाबंधन त्यौहार

दैनिक अवन्तिका ▸▸ सुसनेर

रक्षाबंधन के पावन पर्व पर उप जेल सुसनेर में जेल प्रशासन की ओर से रक्षाबंधन महोत्सव का आयोजन किया गया। इस दौरान प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय सेवा केंद्र सुसनेर एवं जीवनधारा नमामि गंगे संस्था की बहनों ने जेल पहुंचकर बंदी भाइयों की कलाई पर रक्षा सूत्र बांधा। बहनों ने बंदियों को रक्षाबंधन की शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस दौरान जेल परिसर में भाई-बहन के स्नेह, अपनत्व और मानवता का भाव देखने को मिला।

कार्यक्रम में ब्रह्माकुमारी सेवा केंद्र की संचालिका माला दीदी, रचना दीदी एवं कपिल लड्डा सहित जीवनधारा नमामि गंगे संस्था के पदाधिकारी व सदस्य मौजूद रहे। बहनों ने बंदी भाइयों को राखी बांधकर उन्हें सकारात्मक सोच के साथ जीवन में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। जीवनधारा नमामि गंगे संस्था के प्रदेश उपाध्यक्ष अभिषेक पाण्डे ने बंदियों को समाज की मुख्यधारा में लौटकर राष्ट्र सेवा, समाज सेवा और पर्यावरण संरक्षण के कार्यों में योगदान देने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि सकारात्मक सोच, दृढ़ इच्छाशक्ति और अच्छे कर्मों के माध्यम से जीवन को नई दिशा दी जा सकती है। रक्षाबंधन केवल भाई-बहन के रिश्ते का पर्व नहीं, बल्कि प्रेम, विश्वास, जिम्मेदारी और मानवता की भावना को मजबूत करने का अवसर भी है।

कार्यक्रम में जेल प्रशासन की ओर से सहायक जेल अधीक्षक आर.एस. कुशवाह, प्रमुख मुख्य प्रहरी नत्थूलाल, प्रहरी प्रितिकर्मा, रानी देपाले, जितेंद्र घिरैया, देवेंद्र कुमार उईके, संतोष तोमर एवं ज्ञान सिंह डावर सहित जेल स्टाफ मौजूद रहा। वहीं जीवनधारा नमामि गंगे संस्था की ओर से अभिषेक पाण्डे, जिला अध्यक्ष अमित शर्मा गोरी लाल पुष्पद, एडवोकेट कुलदीप प्रजापत, इंजीनियर योगेंद्र जादमे, महेश राठौर, नरेश राठौर उपस्थित रहे।

### सदाचार और अनु-शासन का दिया संदेश

कार्यक्रम में माला दीदी ने अपने प्रेरणादायक उद्बोधन में बंदियों को सदाचार, अनुशासन, सकारात्मक सोच और अच्छे आचरण के साथ जीवन जीने की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि व्यक्ति अपने विचारों और कर्मों में बदलाव लाकर जीवन को नई दिशा दे सकता है। इस दौरान बंदियों को सदाचारपूर्ण जीवन जीने का संकल्प भी दिलाया।



## संत रविदास जी के समरसता संकल्प को गांव-गांव पहुंचा रही कलश वंदन यात्रा

**सुसनेर।** संत शिरोमणि गुरु रविदास जी महाराज की जन्म जयंती के उपलक्ष्य में 20 अगस्त से आगर जिले से प्रारंभ हुई कलश वंदन यात्रा एवं समरसता संकल्प अभियान शनिवार को डाबला केवला पहुंचा। यात्रा के माध्यम से संत रविदास जी के विचारों, सामाजिक समानता और समरसता के संदेश को गांव-गांव तक पहुंचाया जा रहा है। डाबला केवला में आयोजित कार्यक्रम में भाजपा मंडल अध्यक्ष डॉ. सौरभ जैन, यात्रा के जिला संयोजक डॉ. भवानी शंकर वर्मा, नगर परिषद अध्यक्ष प्रदीप सोनी एवं जनपद उपाध्यक्ष बाबूलाल यादव ने संत रविदास जी के जीवन एवं उनके सामाजिक समरसता के संदेश पर प्रकाश डाला। वक्ताओं ने कहा कि संत रविदास जी ने समाज को भेदभाव से ऊपर उठकर समानता, भाईचारे और मानवता के मार्ग पर चलने की प्रेरणा दी। जन्मस्थली की पावन माटी का गांवों में पूजन समरसता संकल्प अभियान के तहत संत रविदास जी की जन्मस्थली गोवर्धनपुर, वाराणसी की पावन माटी को कलश में रखकर गांव-गांव ले जाया जा रहा है। ग्रामीणों द्वारा कलश का पूजन एवं वंदन कर संत रविदास जी के प्रति श्रद्धा व्यक्त की जा रही है। यात्रा के साथ चल रहे कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी विभिन्न स्थानों पर नुक्कड़ सभाओं के माध्यम से संत रविदास जी के विचारों और उनके समरसता के संदेश की जानकारी लोगों को दे रहे हैं।

## बाबा रामदेव की 800 किलोमीटर की पैदल यात्रा पर निकले भक्तों का स्वागत



**तनोडिया।** भक्ति, संकल्प और आत्मबल का जीवंत उदाहरण पेश करते हुए और भारत को वैभवशाली बनाने एवं सनातन धर्म के प्रचार प्रसार की भावना एवं गांव सहित क्षेत्र में अमन शांति बनी रहे। इसी को लेकर समीपस्थ ग्राम रणायरा राठौर के चार भक्त मनोहर सिंह राठौर,सुनारसिंह राठौर, बाबुसिंह राठौर, शंकर सिंह राठौर बाबा रामदेव तक की 800 किलोमीटर की लंम्बी यात्रा पैदल चल कर तय करेंगे। भक्तों ने संवाददाता को बताया कि इसी रुट पर हमने सातवीं बार चल पडे हैं। 16 दिन में बाबा रामदेव पहुंचेंगे। जहां सुर्य अस्त होता है,वहीं रात्रि विश्राम होता हैं। सुबह उठकर फिर बाबा रामदेव के लिए रवाना हुए। जगह जगह भव्य स्वागत किया गया। गांव कबीरखेडा में भाजपा मंडल अध्यक्ष प्रहलाद सिंह चौहान, मीडिया प्रभारी महेश शर्मा,महामंत्री व सरपंच सतपाल सिंह चुंडावत,निरजंन शर्मा आदि ने स्वागत किया। इसके पुर्व पिपलोन रोड पर दिलीप सिंह झाला,पुर्व सरपंच शैतानसिंह सौंलकी सहित आदि ने स्वागत किया।

## गांव सोनचिडी में सुना मन की बात



**तनोडिया।** रविवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम 137 वां एपिसोड में बूथ क्रमांक 221 ग्राम सोनचिडी में कार्यकताओं के साथ देखा वह सुना मोदी जी ने कहा हमारा देश हर क्षेत्र में प्रगतिशील है गैस की पेट्रोल डीजल सीएनजी की व किसी भी प्रकार की खाद्य सामग्री की कमी नहीं है मेरा देश खुशहाल है आज इस कार्यक्रम में भारतीय जनता पार्टी मंडल अध्यक्ष प्रहलाद सिंह चौहान, जिला मीडिया प्रभारी महेश शर्मा, महामंत्री सतपाल सिंह चुंडावत, कमलसिंह,मांगुसिंह,दिलीप सिंह, रमेशचंद्र सोनी, राहुल सिंह, सरपंच बहादुर लाल मालवीय सहित व भारतीय जनता पार्टी के अनेक कार्यकताओं ने सुना।

## मातृशक्ति की बहनों ने पुलिस कर्मियों को बांधा रक्षा सूत्र, महिला सुरक्षा का मिला भरोसा



**ब्यावरा।** रक्षाबंधन के पर्व पर विश्व हिंदू परिषद की मातृशक्ति दुर्गा वाहिनी की बहनों ने शहर ब्यावरा थाना पहुंचकर पुलिस कर्मियों की कलाई पर रक्षा सूत्र बांधा। इस दौरान थाने में पदस्थ पुलिस कर्मियों को वैदिक मंत्रोच्चार के साथ मंगल तिलक लगाया गया। बहनों ने पुलिस कर्मियों के स्वस्थ, प्रसन्न और दीघार्यु रहने की कामना की। रक्षा सूत्र बांधने के बाद पुलिस प्रशासन की ओर से महिलाओं और बहनों की सुरक्षा को लेकर भरोसा दिलाया गया। पुलिस कर्मियों ने महिला सुरक्षा एवं नारी सम्मान के लिए हरसंभव सहयोग का वचन दिया। मातृशक्ति जिला सह संयोजिका ऋषिका अहिरवार ने कहा कि पुलिस के जवान अपने घर-परिवार से दूर रहकर समाज की सुरक्षा में जुटे रहते हैं। त्योहारों के दौरान भी वे ड्यूटी पर तैनात रहते हैं, ताकि आम लोग अपने परिवार के साथ शांति पूर्वक त्योहार मना सकें। कई पुलिस कर्मियों की कलाई पर रक्षाबंधन के दिन भी राखी नहीं बंध पाती। ऐसे में मातृशक्ति दुर्गा वाहिनी की बहनें प्रतिवर्ष जिले के विभिन्न थानों में पहुंचकर पुलिस कर्मियों को रक्षा सूत्र बांधती हैं, ताकि उन्हें अपने परिवार की कमी महसूस न हो। इस अवसर पर नैना विश्वकर्मा, राखी विश्वकर्मा, कनिष्क नरूका, अंशिका, अन्वी सहित जिला सह संयोजक शैलेंद्र नरूका, प्रखंड अध्यक्ष देवराज दांगी, प्रखंड उपाध्यक्ष संजय शिवहरे, प्रखंड संयोजक प्रशांत गवली, नगर मंत्री सोनू धनोलिया और सह मंत्री धर्मेंद्र साहू मौजूद रहे।



# आपके चलने की स्पीड भी बताती है आपकी सेहत से जुड़ी कई बातें



**चलने की स्पीड को नजरअंदाज न करें। इससे आपकी सेहत से जुड़ी कई बातों का खुलासा होता है, जैसे आपका कार्डियोवैस्कुलर सिस्टम सही काम कर रहा है या नहीं और कॉग्निटिव फंक्शन में सुधार की जरूरत तो नहीं?**

यह बात तो आप जानते ही हैं कि वॉक करना समग्र स्वास्थ्य के लिए सही होता है। इससे फ्लेक्सिबिलिटी बढ़ती है और हड्डियों से जुड़ी कई तरह की समस्याओं से भी राहत मिलती है। बहरहाल, क्या आप जानते हैं कि आपके चलने की स्पीड भी आपकी सेहत से जुड़ी कई बातों का खुलासा करती है? जी, हां! यह पूरी तरह सच है। अगर आप जानना चाहते हैं कि चलने की स्पीड से स्वास्थ्य के बारे में क्या पता चलता है, तो इस लेख को पूरा पढ़ें।

तेज गति से चलना आपके दिल और फेफड़े के स्वस्थ होने की निशानी है। अगर आप बिना हांफें या थके तेज चल पाते हैं, तो इसका साफ-साफ मतलब यह है कि आपका कार्डियोवैस्कुलर सिस्टम बहुत अच्छी तरह से काम कर रहा है। वहीं अगर आप धीमी गति से चलने पर भी थकान महसूस करते हैं या हांफ रहे हैं, तो इसका अर्थ है कि आपका दिल कमजोर है या आर्टरीज ब्लॉक हैं।

## कॉग्निटिव फंक्शन

सामान्यतः लोगों को यही लगता है कि चलने का मतलब पैरों को अधिक मजबूत बनाना है। जबकि, हकीकत यह है कि वॉक करने के लिए मस्तिष्क और तंत्रिका तंत्र के बीच सही तालमेल होना चाहिए। विशेषज्ञ बताते हैं कि उम्र बढ़ने के साथ लोगों में अचानक चलने की गति धीमी हो जाती है। ऐसा डिमेंशिया (भूलने की बीमारी) या अल्जाइमर की वजह से हो सकता है। धीमी गति से चलना डिमेंशिया या अल्जाइमर का शुरूआती संकेत हो सकता है।

## मांसपेशियों की ताकत


आपकी चलने की गति मांसपेशियों की ताकत और हड्डियों की डेंसिटी की ओर भी इशारा करती है। विशेषज्ञों की मानें, तो जो लोग अधिक उम्र में भी तेज गति से चलते हैं, उनमें गिरने या फ्रैक्चर होने का खतरा बहुत कम होता है। इसके विपरीत अगर कोई कम उम्र में धीमी गति से चलता है, तो संभव है कि उनकी मांसपेशियां स्टिफ हो चुकी हों या हड्डियां कमजोर हो चुकी हों। चलने की स्पीड आपके स्वास्थ्य से जुड़ी कई बातों का खुलासा करने लगती है। आप भी यह नोटिस करें कि कहीं आपकी स्पीड धीमी तो नहीं है? अगर हां, तो अपनी इस स्थिति को इग्नोर न करें। रोजाना वॉक करें और अपनी ओवरऑल हेल्थ में सुधार करें। खासकर, वॉक करके ब्लॉक की फ्लेक्सिबिलिटी को काफी हद तक सुधारा जा सकता है।

# दांत चमकाने के चक्कर में शुरू हो गई झनझनाहट?



## टीथ व्हाइटनिंग के बाद क्यों होती है ये परेशानी

**टीथ व्हाइटनिंग के बाद दांतों में ठंडा या गर्म लगने पर झनझनाहट होना आम हो सकता है। यहां डेंटिस्ट से जानिए के बाद सेंसिटिविटी क्यों होती है, यह कितने समय तक रहती है और कब डेंटिस्ट को दिखाना चाहिए।**



सफेद और चमकदार दांत आजकल हर किसी को पसंद हैं। इसी वजह से टीथ व्हाइटनिंग एक फेमस डेंटल ट्रीटमेंट बन गया है लेकिन क्या आपने कभी गौर किया है कि दांत सफेद कराने के बाद अचानक ठंडा पानी पीते ही तेज झनझनाहट होने लगी और आइसक्रीम या गर्म चाय लेते समय दांतों में करंट जैसा महसूस होता है? अगर ऐसा हो रहा है, तो आप अकेले नहीं हैं। डेंटल सर्जन के अनुसार, टीथ व्हाइटनिंग के दौरान इस्तेमाल होने वाले ब्लीचिंग एजेंट दांतों के अंदर तक पहुंचकर रंग को हल्का करने का काम करते हैं। इस प्रोसेस के बाद कुछ समय के लिए दांतों की नसें बाहरी तापमान और खाने-पीने की चीजों के प्रति ज्यादा सेंसिटिव हो सकती हैं लेकिन हर तरह की झनझनाहट को टीथ व्हाइटनिंग का सामान्य साइड इफेक्ट मान लेना भी सही नहीं है।

## व्हाइटनिंग के बाद दांतों में झनझनाहट क्यों होती है?

टीथ व्हाइटनिंग में आमतौर पर ऐसे ब्लीचिंग एजेंट इस्तेमाल किए जाते हैं, जो दांतों के अंदर मौजूद रंग पैदा करने वाले अणुओं को तोड़ने में मदद करते हैं। इस प्रक्रिया के दौरान ब्लीचिंग पदार्थ दांत की बाहरी परत यानी इनेमल से होकर अंदर की परत तक पहुंच सकता है। कुछ समय के लिए दांतों में सेंसिटिविटी बढ़ सकती है, जिसके कारण ठंडा, गर्म, मीठा या खट्टा खाने-पीने पर तेज झनझनाहट महसूस हो सकती है। डेंटिस्ट डॉ. लोकेश बहादुर सिंह के अनुसार, व्हाइटनिंग के बाद होने वाली हल्की और थोड़े समय की सेंसिटिविटी कई लोगों में देखी जा सकती है। हालांकि, इसकी तीव्रता हर व्यक्ति में अलग हो सकती है।



**व्हाइटनिंग के बाद झनझनाहट कम कैसे करें?-** अगर व्हाइटनिंग के बाद हल्की सेंसिटिविटी हो रही है, तो कुछ समय के लिए बहुत ठंडे या बहुत गर्म चीजों से बचना मददगार हो सकता है। सेंसिटिव दांतों के लिए बने टूथपेस्ट का इस्तेमाल भी किया जा सकता है। ब्रश करते समय बहुत ज्यादा दबाव डालने से बचें और मुलायम ब्रिसल वाले टूथब्रश का इस्तेमाल करें। इसके अलावा व्हाइटनिंग के तुरंत बाद ज्यादा खट्टे फूड्स और ड्रिंक लेने से बचना बेहतर हो सकता है, क्योंकि एसिड दांतों की सेंसिटिविटी को बढ़ा सकता है। कब डेंटिस्ट को दिखाना जरूरी है? अगर झनझनाहट हल्की है और धीरे-धीरे कम हो रही है, तो आमतौर पर यह अस्थायी हो सकती है लेकिन अगर सेंसिटिविटी बहुत ज्यादा है, कई दिनों तक बनी रहती है, अपने आप दर्द होता है या किसी एक दांत में लगातार तेज दर्द महसूस होता है, तो डेंटिस्ट से जांच करानी चाहिए। अगर मसूड़ों में ज्यादा जलन, सूजन या सफेद धब्बे दिखाई दें, तो भी एक्सपर्ट की सलाह लेना जरूरी है।




### दलीप ट्रॉफी में सबसे कम उम्र में फिफ्टी का रिकॉर्ड बनाया; 7 छक्के-7 चौके लगाए

# वैभव सूर्यवंशी ने 81 गेंदों पर 92 रन बनाए

**एजेंसी ▶▶ मुंबई**

वैभव सूर्यवंशी ने सोमवार को दलीप ट्रॉफी के पहले सेमीफाइनल में ईस्ट जोन के लिए 81 गेंदों पर 92 रन की पारी खेली। उन्होंने 7 छक्के और 7 चौके लगाए। इसके साथ ही वैभव दलीप ट्रॉफी के इतिहास में सबसे कम उम्र में अर्धशतक लगाने वाले बल्लेबाज बन गए। ईस्ट जोन और सेंट्रल जोन के बीच यह सेमीफाइनल बेंगलुरु में खेला गया। सेंट्रल जोन ने पहली पारी में 266 रन बनाए थे।

जवाब में ईस्ट जोन ने भी 266 रन बनाए। वैभव ने 42 गेंदों पर अपना अर्धशतक पूरा किया। उन्होंने हाल ही में श्रीलंका के खिलाफ डेब्यू करने वाले सारांश जैन की गेंद पर छक्का लगाकर फिफ्टी पूरी की। अर्धशतक तक पहुंचने के दौरान उन्होंने 5 चौके और 3 छक्के लगाए थे। इसके बाद भी उन्होंने आक्रामक बल्लेबाजी जारी रखी और शतक से सिर्फ 8 रन दूर रह गए। हर्ष दुबे ने उन्हें आउट किया। वैभव ने यह रिकॉर्ड 15 साल 175 दिन की उम्र में बनाया। उन्होंने लक्ष्मण सिंह का 57 साल पुराना रिकॉर्ड तोड़ा। लक्ष्मण ने 1969 में 16 साल 23 दिन की उम्र में दलीप ट्रॉफी में फिफ्टी लगाई थी। दलीप ट्रॉफी में सबसे कम उम्र में फिफ्टी लगाने वालों में वैभव के बाद लक्ष्मण सिंह और पीयूष चावला का नाम है। चावला ने 2005 में 16 साल 307 दिन की उम्र में यह उपलब्धि हासिल की थी।



## 161 रन की ओपनिंग पार्टनरशिप

वैभव ने ईस्ट जोन के लिए शानदार शुरूआत की। उन्होंने ओपनिंग पार्टनर अभिमन्यु ईश्वरन के साथ 161 रन की साझेदारी की। उनके आउट होने के बाद ईस्ट जोन की पारी पूरी तरह लड़खड़ा गई। हर्ष दुबे ने वैभव को आउट करने के बाद अगली ही गेंद पर कुमार कुशाग्र को भी आउट कर दिया। इसके बाद अभिमन्यु ईश्वरन ने सुदीप घरामी के साथ 39 रन की साझेदारी कर पारी संभालने की कोशिश की। इसके बाद आर्यन पांडे, यश ठाकुर और हर्ष दुबे ने लगातार विकेट लेकर ईस्ट जोन को मुश्किल में डाल दिया। टीम ने अपने आखिरी 8 विकेट सिर्फ 66 रन के अंदर गंवा दिए। ईस्ट जोन की पारी सेंट्रल जोन के 266 रन के जवाब में लड़खड़ा गई। इसके चलते दोनों टीमों की पहली पारी बराबरी पर रही और।

## पहले दिन ईशान किशन को लगी थी चोट

सेमीफाइनल के पहले दिन ईस्ट जोन के कप्तान ईशान किशन के दाएं हाथ की कलाई पर गेंद लगी थी। चोट के कारण उन्हें कुछ समय के लिए मैदान से बाहर जाना पड़ा। ईशान की गैरमौजूदगी में वैभव ने करीब एक घंटे तक ईस्ट जोन की कप्तानी भी संभाली। लंच के आसपास वह टीम के स्टैंड-इन कप्तान रहे, जिसके बाद ईशान मैदान पर लौट आए। वैभव ने मैच में एक अहम डीआरएस फैसले में भी भूमिका निभाई। सेंट्रल जोन के आर्यन जुयाल 46 रन पर थे, तब ईस्ट जोन की अपील पर वैभव ने रिव्यू का समर्थन किया। इसके बाद वैभव का फैसला सही साबित हुआ। क्वार्टर फाइनल में वैभव बल्ले से सिर्फ 8 रन बना पाए थे। हालांकि, गेंदबाजी में उन्होंने 11 रन देकर 2 विकेट लिए थे। ईस्ट जोन ने नॉर्थ ईस्ट जोन को पारी और 210 रन से हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई थी।

## कोहली के शरीर पर 12वां टैटू:बाएं हाथ पर 5 सेशन के बाद भी काम अधूरा

**मुंबई।** विराट कोहली बाएं हाथ पर नया टैटू बनवा रहे हैं। यह उनके शरीर का टोटल 12वां टैटू है। वेस्टइंडीज के खिलाफ अगले महीने होने वाली वनडे सीरीज से पहले उन्होंने अपने टैटू कलेक्शन में यह नया डिजाइन जोड़ा है। इसकी तस्वीरें वायरल हो रही हैं। टैटू बाएं बाइसेप के पास बना है और पुराने डिजाइन से जुड़ता नजर आ रहा है। इसका पैटर्न पानी की सतह पर बूंद गिरने के बाद बनने वाली लहरों जैसा है।

मुंबई में टैटू आर्टिस्ट एलन गोइस के मुताबिक, इसे बनाने के लिए अब तक 5 सेशन हो चुके हैं, लेकिन काम अभी पूरा नहीं हुआ है। आर्टिस्ट ने कोहली और अन्य टैटू आर्टिस्ट्स के साथ तस्वीरें भी शेयर की हैं।

## नैनो न्यूज

- **सोयमवंशी ने रचा इतिहास** – 15 साल 157 दिन के वैभव सूर्यवंशी दलीप ट्रॉफी में अर्धशतक लगाने वाले सबसे युवा बल्लेबाज बने।
- **दलीप ट्रॉफी में रोमांच** – ईस्ट जोन और सेंट्रल जोन का सेमीफाइनल मुकाबला बेहद करीबी स्थिति में पहुंच गया है।
- **जोकोविच को बड़ा झटका** – 39 वर्षीय नोवाक जोकोविच यूएस ओपन के पहले दौर में मारियानो नवोने से पांच सेट में हारकर बाहर हो गए।
- **लक्ष्य सेन की कड़ी चुनौती** – चीन मास्टर्स में लक्ष्य सेन का सामना पहले दौर में मौजूदा विश्व चैंपियन फ्रांस के एलेक्स लानियर से होगा।
- **श्रीलंका से छिनी मेजबानी** – आईसीसी ने 2027 महिला चैंपियंस ट्रॉफी की मेजबानी श्रीलंका से वापस ले ली है। नया मेजबान तय होना बाकी है।
- **भारत हॉकी विश्व कप में आठवें स्थान पर** – बेल्जियम ने शूटआउट में भारत को हराया। निर्धारित समय में मुकाबला 3-3 से बराबर रहा।
- **हरमनप्रीत ने माना सुधार जरूरी** – हॉकी विश्व कप में आठवें स्थान के बाद कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने भारतीय टीम की डिफेंस मजबूत करने पर जोर दिया।
- **पाकिस्तान क्रिकेट पर सवाल** – इंग्लैंड से लॉर्ड्स टेस्ट में 194 रन की हार के बाद पाकिस्तान की टीम पिछले 20 टेस्ट में 15वीं हार झेल चुकी है।

# एशिया कप- भारत ने थाईलैंड को 94 रन से हराया, दीप्ति ने बिना रन दिए 3 विकेट झटके

**एजेंसी ▶▶ दुबई**

भारत ने विमेंस टी-20 एशिया कप में जीत से शुरूआत की है। टीम ने रविवार को थाईलैंड को 94 रन से हराया। दुबई इंटरनेशनल स्टेडियम में थाईलैंड 160 रन चेज करते हुए 16.1 ओवर में 65 रन पर ऑलआउट हो गई। 150वां मैच खेल रहीं दीप्ति शर्मा ने 3 विकेट झटके और कोई रन नहीं दिया। वे विमेंस टी-20 इंटरनेशनल की टॉप विकेट टेकर भी बन गई। नंदनी शर्मा ने भी 3 विकेट लिए। श्री चरणी ने 2 विकेट लिए। प्लेयर ऑफ द मैच शेफाली शर्मा ने 36 बॉल पर 64 रन बनाए। उनकी पारी में 8 चौके और 3 छक्के शामिल रहे। भारतीय टीम का दूसरा मैच 5 सितंबर को पाकिस्तान से इसी मैदान पर होगा। रविवार को टीम इंडिया मजबूत शुरूआत के बावजूद 159 रन ही बना सकी थी।



## थाईलैंड 65 रन पर ऑलआउट

17वें ओवर की पहली बॉल पर दीप्ति शर्मा ने नन्नापट कोंचारोएनकाई को कैप कराया। ऋचा घोष ने आगे की ओर डाइव लगाकर शानदार कैच पकड़ा। कोंचारोएनकाई ने 48 गेंदों पर 41 रन बनाए, जिसमें 5 चौके शामिल रहे। इसी के साथ थाईलैंड की टीम 65 रन पर ऑलआउट हो गई। इस विकेट के साथ दीप्ति शर्मा महिला टी-20 इंटरनेशनल में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाली गेंदबाज बन गईं। 14.5 ओवर में नंदनी शर्मा ने सुलेपोर्न लाओमी को आउट किया। लाओमी 6 रन बनाकर आउट हुईं। अगली ही गेंद पर नंदनी ने सुनीदा चतुरोंग्रट्टाना को भी पवेलियन भेज दिया। सुनीदा खाता खोले बिना आउट हुईं।

**दुकान बेचना है**
प्राईम लोकेशन
कंठाल चौराहा की दुकान बेचनी है।
साईज - 10x11
हाईट- 15 फीट
मोबाइल
8518800456
9981310034

**आवश्यकता**
अशासकीय विद्यालय श्री संस्कृति कॉ. मि. स्कूल भैरवगढ़ में अध्यापन हेतु शिक्षक-शिक्षिकाओं की आवश्यकता है- अनुभवी एवं प्रशिक्षित को प्राथमिकता-
योग्यता- B.ED/D.ED/Deled
वेतन- 7000 से 8000 प्रतिमाह
राजेश राव हाण्डे- 9977588698
Head Master
Shri Sanskriti Convent
Middle School, Bhairavgar

**किराए से देना है**
शहर के मध्य, पुराने दारू गोदाम के सामने, बुनकर समिति के अंदर 1500 & 2000 SQFT कमर्शियल व गोडाउन उपयोग हेतु 16 फीट ऊंचाई टीन शेड, बोरिंग सुविधा, अटैच लेट-बाथ, सर्व सुविधा युक्त
6267735937

**खरीदना / किराए से चाहीए**
उज्जैन में कोई भी छोटी होटल या होम स्टे, जो चालू अवस्था में हो खरीदना / किराए से चाहीए
संपर्क
9893374872

**जमीन बेचना है**
ग्राम सुमराखेड़ा (तहसील तराना) में मेन रोड से एक खेत छोड़कर रेल पटरी से दक्षिण दिशा में भूमि खेत साढ़े तीन बीघा एवं बिड़ ढाई बीघा बेचना है।
संपर्क करें
940 6801069

**मकान बेचना है**
साईज 16X25, चार मंजिला होमस्टे हेतु उपयुक्त। कुंआ, दुकान सहित मकान बेचना है
पता
रामरतन शर्मा मार्ग, उज्जैन
फोन: 7869850570
9827832632

**बेचना है**
अगरबत्ती का कारखाना बेचना है, वियतनाम ऑटोमैटिक मशीन। ड्रायर मिक्सर और अन्य सामान बेचना है। स्थान- नागझिरी, उज्जैन
संपर्क
9111328540

**किराए से देना है**
ऑफिस किराए से देना है सी/21 नानाखेड़ा बस स्टैंड के सामने श्रीगंगा के ऊपर प्रथम मंजिल फ्रंट साईड लगभग 500 वर्ग फिट फाइनेंस कंपनी,या मोबाईल कंपनी को प्राथमिकता दी जावेगी
संपर्क करें - रवि गुप्ता
9926466157

**आवश्यकता है**
दुकान पर काम करने हेतु युवक-युवती की।
पेन्ट-शर्ट बनाने वाले कारीगर की भी आवश्यकता है।
संपर्क करें
9575555715,
9425094114

**रद्दी बेचना है**
अखबारी फ्रेश रद्दी, थोक रेट में टनों से 10-10 किलो के बंडल में बेचना है
संपर्क
7773077762

**प्रॉपर्टी बेचना है**
प्रॉपर्टी बेचना है इंदौर में 1. 700, sqft शॉप मेन रोड, 2. 1500,sqft plot भवर कुआं चौराहे पर, 3. 1500,sqft plot पर बना हुआ शोरूम मेन खंडवा रोड पर, 4. 2,लाख किराए पर लगे बैंक, 5. हॉस्टल विष्णुपुर में, 6. शोरूम विजय नगर में, 7. 1200,sqft रानी बाग में 8. 1500,sqft इंद्रपुरी में 9. रेस्टोरेंट विजय नगर में, 10। लक्जरी फार्म हाउस
संपर्क करें
पीसी राजपूत रीयल एस्टेट
9893713817

**प्रवेश प्रारंभ**
आवश्यकता है:- शिक्षक / शिक्षिकाओ की
(अंग्रेजी माध्यम स्कूल में)
योग्यता :- ग्रेजुएट, पोस्ट ग्रेजुएट,
आफिस समय
10 से 01 बजे तक
आवेदन: 23-06-2026
सेन्ट मदार कान्वेंट स्कूल
36, मदार गेट सरदार स्टील के पास उज्जैन
फोन नम्बर:-2557390

**आवश्यकता**
छुरी वाली कटिंग मशीन एवं सर्कलकटिंग मशीन ऑपरेटर की जो दोनों मशीन चलाना जानता हो, चौकीदार की जो रात दिन फैक्ट्री पर रह सके।
संपर्क करे
श्री हरि पेपर इंडस्ट्री
8 मक्सी रोड इंडस्ट्रियल एरिया प्रवाह पेट्रोल पंप के पीछे, उज्जैन
मोबाइल 9425358095

## न्यूज कॉलम

### 16 दिन से बारिश का इंतजार सोयाबीन की फसल को खतरा

**धार।** धार शहर और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में करीब 16 दिनों से तेज बारिश नहीं हुई है। इस दौरान कुछ जगह हल्की बूंदाबांदी जरूर हुई, लेकिन अच्छी बारिश नहीं होने से किसानों की चिंता बढ़ गई है। इस साल 31 अगस्त तक जिले में पिछले साल के मुकाबले 12.6 इंच कम बारिश दर्ज की गई है। बारिश के आंकड़ों के अनुसार, 31 अगस्त 2025 तक धार में 34.1 इंच बारिश दर्ज हुई थी। वहीं, 31 अगस्त 2026 तक 21.5 इंच बारिश ही हुई है। यानी पिछले साल की तुलना में इस बार 12.6 इंच कम बारिश हुई है। बारिश का अंतराल बढ़ने से खेतों की नमी कम हो रही है। किसानों के मुताबिक, इस समय सोयाबीन की फसल को पानी की जरूरत है। जल्द अच्छी बारिश नहीं हुई तो फसल और उत्पादन पर असर पड़ सकता है।

### पुलिस ने खोज निकाला सोने की रखी झुमकियों वाला पर्स

**धार।** धार में रक्षाबंधन मनाकर पीथमपुर लौट रही 20 वर्षीय अल्का का पर्स रविवार शाम धार बस स्टैंड पर गिर गया। पर्स में करीब डेढ़ तोला सोने से बनी झुमकियां, 400 से 500 रुपए नकद और घर की चाबी थी। झुमकियों की कीमत करीब 2 लाख रुपए बताई गई है। पर्स नहीं मिलने पर महिला कोतवाली थाने पहुंची। पुलिस ने करीब एक दर्जन सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली और रात में पर्स बरामद कर लिया। अलका पिता मोहन, निवासी चलनी और हाल मुकाम पीथमपुर, धार से पीथमपुर जाने के लिए बस स्टैंड पहुंची थी। वह अमझेरा वाली बस से उतरकर पीथमपुर जाने वाली बस में बैठने जा रही थी। इसी दौरान उसका पर्स कहीं गिर गया। कुछ देर बाद पर्स गायब होने का पता चला तो उसने बस स्टैंड और आसपास काफी तलाश की, लेकिन पर्स नहीं मिला।

### मनावर और गंधवानी में खाद्य विभाग की कार्रवाई

**धार।** धार जिले के मनावर और गंधवानी तहसील में खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने बड़ी कार्रवाई की है। कलेक्टर के निर्देश पर चलाए गए जांच अभियान में 11 खाद्य दुकानों का निरीक्षण कर बिना पंजीयन व्यापार करने पर 5 प्रकरण दर्ज किए गए और 12 संदिग्ध खाद्य पदार्थों के नमूने लैब भेजे गए। खाद्य सुरक्षा विभाग के संयुक्त दल ने मनावर में 6 व्यापारिक प्रतिष्ठानों का सघन निरीक्षण किया। इस दौरान बेसन, मसाले, दूध और आइसक्रीम के 6 नमूने जांच के लिए संग्रहित किए गए, जबकि खाद्य पंजीयन (लाइसेंस) न होने पर 4 व्यापारियों के खिलाफ केस दर्ज किया गया। गंधवानी तहसील के 5 प्रतिष्ठानों की जांच कर बेसन, पनीर, मावा और साबूदाना के 6 नमूने लिए गए तथा बिना पंजीयन पर एक मामला दर्ज हुआ।

### स्कूलों में अव्यवस्था को लेकर आप का प्रदर्शन



**शिक्षकों की कमी-जर्जर स्कूलों का मुद्दा उठाया, कलेक्ट्रेट पहुंचकर सौंपा ज्ञापन**

**झाबुआ।** झाबुआ में सोमवार को सरकारी शिक्षा व्यवस्था में सुधार की मांग को लेकर आम आदमी पार्टी ने प्रदर्शन किया। पार्टी कार्यकर्ताओं ने अम्बेडकर गार्डन से कलेक्ट्रेट तक मार्च निकाला। इसके बाद एसडीएम महेश मंडलोई को कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपा। इसमें शिक्षकों की कमी, जर्जर स्कूल भवन और बुनियादी सुविधाओं का मुद्दा उठाया गया। प्रदर्शन प्रदेश सचिव कोमलसिंह डामोर, प्रदेश संगठन सचिव रालु निनामा और जिलाध्यक्ष कमलेश सिंगाड़ के नेतृत्व में हुआ। ज्ञापन में ग्रामीण और दूरस्थ क्षेत्रों के स्कूलों में शिक्षकों की कमी का मुद्दा प्रमुखता से उठाया गया। पार्टी नेताओं के मुताबिक, कई स्कूलों में या तो शिक्षक नहीं हैं, या फिर स्कूलों में छात्रों की संख्या के मुताबिक स्टाफ कम है। पार्टी कार्यकर्ताओं ने ऐसे स्कूलों में तत्काल शिक्षकों की नियुक्ति की मांग की है। आप नेताओं ने जिले के कई सरकारी स्कूलों के भवनों की स्थिति पर भी सवाल उठाया। उन्होंने कहा कि कुछ भवन जर्जर हैं। बारिश के दौरान कई जगह छत से पानी टपकने की समस्या है। ज्ञापन में खराब स्कूल भवनों की तुरंत मरम्मत और जीर्णोद्धार की मांग की गई। साथ ही बुनियादी सुविधाओं की कमी का मुद्दा भी उठाया। इनमें पीने का साफ पानी, पर्याप्त शौचालय, बिजली और पंखे शामिल हैं।

## नैनो न्यूज

- **इंदौर में व्यापार-निवेश फोरम** – भारत-लैटिन अमेरिका एवं कैरेबियन व्यापार एवं निवेश फोरम 2026 को लेकर इंदौर में निवेश और कारोबारी संभावनाओं पर गतिविधियां तेज हुई हैं।
- **इंदौर मंडी में गेहूं की आवक** – मंडी में गेहूं की अच्छी आवक की खबर है। लोकवन और मालवराज जैसी किस्मों की मांग पर कारोबारियों की नजर है।
- **सर्राफा बाजार में हलचल** – सोना-चांदी के दाम में उतार-चढ़ाव के बीच इंदौर के सर्राफा कारोबारियों की नजर आज के बाजार भाव पर बनी हुई है।
- **बाजार में निवेश का रुझान** – शेयर बाजार में आईटी सेक्टर की मजबूती और वैश्विक संकेतों के चलते निवेशकों की गतिविधियों पर कारोबारी नजर बनाए हुए हैं।
- **सोयाबीन के भाव मजबूत** – इंदौर मंडी में सोयाबीन के कारोबार पर किसानों और व्यापारियों की नजर, आज मॉडल भाव करीब 3900 रु. प्रति क्विंटल दर्ज हुआ।
- **डॉलर चने में कारोबार तेज** – इंदौर मंडी में डॉलर चने का मॉडल भाव करीब 8400 रु. प्रति क्विंटल रहा, आवक और मांग पर व्यापारियों की नजर बनी हुई है।
- **मिर्ची के भाव में अंतर** – मंडी में मिर्ची के भाव 6300 से 13610 रु. प्रति क्विंटल तक रहे, क्वालिटी के अनुसार कारोबार में बड़ा अंतर दिखाई दिया।

इंदौर के रानीपुरा इलाके में नगर निगम की रिमूवल कार्रवाई के दौरान हंगामा, पुलिस ने संभाला मोर्चा

# 70 दुकानों के ओटले-पार्टिशन तोड़े, लोगों ने की रोड जाम की कोशिश

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर





रानीपुरा इलाके में सोमवार को नगर निगम की रिमूवल कार्रवाई के दौरान हंगामा हो गया। निगम की टीम दुकानों के बाहर बने ओटले और अस्थायी पार्टिशन हटाने पहुंची थी। कार्रवाई रानीपुरा से संजय सेतु ब्रिज की ओर बढ़ी तो दुकानदारों और निगम अधिकारियों के बीच विवाद हो गया।

दोनों पक्षों में तीखी बहस और चिल्ला-पुकार होने लगी। इसके बाद कुछ दुकानदारों ने सड़क जाम करने की कोशिश की, लेकिन पुलिस ने उन्हें तत्काल सड़क से हटाकर यातायात बहाल कराया। नगर निगम की रिमूवल टीम सोमवार को अमले और तीन थानों के पुलिस बल के साथ रानीपुरा पहुंची। टीम ने एक के बाद एक करीब 60 से 70 दुकानों के बाहर बने अस्थायी पार्टिशन और ओटले हटाए। इसके अलावा फुटपाथ पर लगी 8 से 10 गुमटियों को भी हटाया गया। शुरूआत में दुकानदारों ने विरोध किया, लेकिन कार्रवाई आगे बढ़ने के साथ विवाद बढ़ गया। रिमूवल अधिकारी बबलू कल्याणे और दुकानदारों के बीच तीखी बहस हुई। इसके बाद दुकानदारों ने दुकानें बंद कराने और रानीपुरा रोड जाम करने की कोशिश की।

- **सड़क पर खड़े होकर रोकने लगे वाहन-** कुछ दुकानदार सड़क के बीच खड़े होकर वाहनों को रोकने लगे। सूचना पर एसीपी विनोद दीक्षित और रूबिना मिजवानी ने पुलिस बल के साथ मोर्चा संभाला। पुलिसकर्मियों ने दुकानदारों को सड़क से हटाकर किनारे किया, जिसके बाद निगम की कार्रवाई दोबारा शुरू हो सकी। रानीपुरा के बाद निगम की टीम ने जेल रोड पर भी अस्थायी निर्माण हटाए।
- **कई बार मुनादी, फिर भी नहीं हटाए निर्माण-** भवन अधिकारी अंकेश बिरथरिया ने बताया कि रानीपुरा शहर के मध्य क्षेत्र में आता है और पीक आवर्स में यहां भारी ट्रैफिक रहता है। निगम कमिश्नर और पुलिस कमिश्नर के निर्देश पर कार्रवाई से पहले कई बार मुनादी कराई गई थी। दुकानदारों को व्यक्तिगत रूप से भी अस्थायी निर्माण हटाने और दुकान का सामान बाहर नहीं रखने की समझाइश दी गई थी।

**दुकानदारों को दोबारा अनाउंसमेंट कर चेतावनी दी गई-** उन्होंने बताया कि दुकानों के बाहर सामान रखने के लिए बनाए गए पार्टिशन और ओटलों के कारण सड़क और फुटपाथ पर जगह कम हो रही थी। इसी वजह से कार्रवाई की गई। उन्होंने कहा कि ये अस्थायी निर्माण थे, इसलिए अलग से नोटिस देने की जरूरत नहीं थी। दुकानदारों को दोबारा भी अनाउंसमेंट कर चेतावनी दी गई है कि अस्थायी निर्माण न करें और दुकानों के बाहर सामान न रखें, अन्यथा फिर कार्रवाई की जाएगी। कार्रवाई के दौरान तुकोगंज, सेंट्रल कोतवाली और एमजी रोड थाने का पुलिस बल तैनात रहा।

राहुल गांधी के छात्रों की गूंज कार्यक्रम की परमिशन मांगने के लिए निगम कमिश्नर से मिले कांग्रेस नेता

# परमिशन नहीं दी तो साबित होगा कि डरती है सरकार

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर



राहुल गांधी के छात्रों की गूंज कार्यक्रम की परमिशन मांगने के लिए कांग्रेस नेताओं का प्रतिनिधिमंडल सोमवार को नगर निगम कमिश्नर क्षितिज सिंघल से मिला। प्रतिनिधिमंडल ने स्मार्ट सिटी ऑफिस पहुंचकर कमिश्नर को पत्र सौंपा और 12 सितंबर को नेहरू स्टेडियम में कार्यक्रम आयोजित करने की अनुमति मांगी। हालांकि, निगम की ओर से अभी परमिशन पर कोई निर्णय नहीं लिया गया है।

शहर कांग्रेस अध्यक्ष चिंटू चौकसे ने शनिवार को ही निगम कमिश्नर को वॉट्सऐप के जरिए पत्र भेजकर कार्यक्रम की अनुमति मांगी थी। अब कांग्रेस नेता निगम के फैसले का इंतजार कर रहे हैं। साथ ही पार्टी ने वैकल्पिक जगहों पर भी चर्चा शुरू कर दी है। यदि नेहरू स्टेडियम की अनुमति नहीं मिलती है तो कार्यक्रम कहां आयोजित किया जा सकता है, इसे लेकर कांग्रेस नेताओं के बीच मंथन चल रहा है। छात्रों की गूंज कार्यक्रम का आयोजन 8 से 12 सितंबर तक इंदौर में होना है। 12 सितंबर को राहुल गांधी कार्यक्रम में शामिल होंगे। इसे लेकर कांग्रेस में तैयारियां तेज हो गई हैं। बैठकों का दौर जारी है और नेताओं को अलग-अलग जिम्मेदारियां सौंपी जा रही हैं। शहर कांग्रेस अध्यक्ष चिंटू चौकसे ने कहा कि राहुल गांधी देश के भविष्य यानी छात्रों और युवाओं की आवाज उठाने के लिए देशभर में कार्यक्रम कर रहे हैं। शिक्षा व्यवस्था, पेपर लीक और रोजगार जैसे मुद्दों के कारण करोड़ों छात्रों का भविष्य प्रभावित हो रहा है। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी छात्रों की समस्याएं सुनने और उनके भविष्य को मजबूत करने के लिए आवाज उठा रहे हैं।

### निगम कमिश्नर से मिले, मांगी परमिशन

सोमवार दोपहर शहर कांग्रेस अध्यक्ष चिंटू चौकसे, मध्यप्रदेश महिला कांग्रेस अध्यक्ष रीना बौरासी सेतिया, नगर निगम नेता प्रतिपक्ष सोनिला मिमरोट सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस नेता और कार्यकर्ता स्मार्ट सिटी ऑफिस पहुंचे। प्रतिनिधिमंडल ने निगम कमिश्नर क्षितिज सिंघल से मुलाकात कर नेहरू स्टेडियम में कार्यक्रम कराने की अनुमति के लिए पत्र सौंपा। शहर कांग्रेस अध्यक्ष चिंटू चौकसे ने कहा कि राहुल गांधी देश के भविष्य यानी छात्रों और युवाओं की आवाज उठाने के लिए देशभर में कार्यक्रम कर रहे हैं। शिक्षा व्यवस्था, पेपर लीक और रोजगार जैसे मुद्दों के कारण करोड़ों छात्रों का भविष्य प्रभावित हो रहा है। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी छात्रों की समस्याएं सुनने और उनके भविष्य को मजबूत करने के लिए आवाज उठा रहे हैं।

## कोकिन मामले में नाइजीरियन महिला को मुंबई ले जाएगी इंदौर पुलिस

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

सिंहासा क्षेत्र में चंदन नगर पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर नाइजीरियन मूल की महिला को 57 ग्राम से ज्यादा कोकीन के साथ गिरफ्तार किया था। महिला ने कोकीन छिपाकर रखी थी। पुलिस ने कोर्ट से उसका 5 दिन का रिमांड लिया है। पूछताछ के बाद एक टीम उसे लेकर मुंबई जाएगी। पुलिस को आशंका है कि ड्रग्स की सप्लाय में उसकी बहन की भी भूमिका हो सकती है।

टीआई तिलक करोले की टीम ने जॉय पिता इम्युनल निवासी लेगोस को पकड़ा है। वह 7 महीने के वीजा पर अपनी बहन के पास मुंबई के बांद्रा ईस्ट में रह रही थी। पुलिस को उसकी गतिविधियां संदिग्ध लगीं तो बस की चेकिंग के दौरान पूछताछ की गई। चेकिंग के दौरान जॉय अपने बाल छिपाने लगी। इसके बाद उसने चेहरे पर टॉवेल डाल लिया और बस में लेट गई, ताकि पुलिस उसकी पहचान न कर सके। पुलिस ने महिला पुलिसकर्मी की मदद से उसकी तलाशी ली तो उसके पास से 57 ग्राम से ज्यादा कोकीन बरामद हुई।

पुलिस के मुताबिक जॉय से पूछताछ में यह पता लगाया जा रहा है कि वह इंदौर में कोकीन किसे सप्लाय करने वाली थी। आशंका है कि ड्रग्स किसी पब या होटल में पहुंचाई जानी थी। उसके मोबाइल की जांच में कुछ वॉट्सऐप चैट भी मिली हैं, जिन्हें डिलीट करने की कोशिश की गई थी। पुलिस इन चैट के जरिए सप्लायर और खरीदार तक पहुंचने की कोशिश कर रही है।

## रक्षा विशेषज्ञ के सलाहकार के इंदौर स्थित घर में चोरी

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

लसूड़िया इलाके में रक्षा विशेषज्ञ से जुड़े सलाहकार के घर चोरी की वारदात सामने आई है। सलाहकार हर्ष प्रसाद शिवहरे काम से जम्मू-कश्मीर गए थे, जबकि उनकी पत्नी आंचल रायपुर चली गई थीं। रविवार को घर लौटे तो मुख्य दरवाजे का ताला टूटा मिला। अंदर सामान बिखरा था और सोने-चांदी के आभूषण व नकदी गायब थी। पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस के मुताबिक वारदात निपानिया स्थित ओसियन पार्क की है। हर्ष 24 अगस्त को पत्नी के साथ जम्मू-कश्मीर गए थे। 26 अगस्त को पत्नी रायपुर चली गईं। रविवार को हर्ष घर पहुंचे तो दरवाजे का ताला टूटा मिला। अंदर जाकर देखा तो चोरी का पता चला। उन्होंने पत्नी को फोन कर जानकारी दी और दोस्त को बुलाने के बाद पुलिस को सूचना दी।

हर्ष ने फिलहाल चोरी गए सामान की कीमत और पूरी सूची पुलिस को नहीं दी है। लसूड़िया पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है। इसी थाना क्षेत्र में केटरिंग कारोबारी मनोज भार्गव के घर भी चोरों ने ताला तोड़कर चोरी की। मनोज के मुताबिक उनकी मां रक्षाबंधन के लिए खरगोन गई थीं। 29 अगस्त को वह काम से रालामंडल गए थे। अगले दिन रात घर लौटे तो ताला टूटा मिला और सामान बिखरा था। जांच करने पर सोने-चांदी के आभूषण और नकदी गायब मिली।

## विवाद सुलझाने गए छात्र पर चाकू से हमला

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

कनाड़िया थाना क्षेत्र में पेट्रोल डलवाने जा रहे कार सवार छात्र पर दो युवकों ने चाकू से हमला कर दिया। छात्र रास्ते में दो युवकों और एक युवती का विवाद देखकर गाड़ी रोककर बीच-बचाव करने लगा था। इसी दौरान दोनों युवकों ने उस पर चाकू से 5 वार कर दिए। गंभीर रूप से घायल छात्र का निजी अस्पताल के आईसीयू में इलाज चल रहा है। कनाड़िया पुलिस के अनुसार बिचौली मर्दाना निवासी अर्पित पुत्र अमित शर्मा की शिकायत पर विजय, रोहित और याशिका नाम की युवती के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। पुलिस ने रविवार को अस्पताल पहुंचकर अर्पित के बयान दर्ज किए। अर्पित ने बताया कि वह रविवार रात अपनी पजेरो कार से पेट्रोल डलवाने जा रहा था। के-टू ढाबे के पास अंडरब्रिज पर उसने देखा कि दो लड़के और एक लड़की आपस में विवाद कर रहे थे।

# बापट चौराहे के पास फिर धंसी सड़क

### 4 फीट गहरा गड्ढा, 17 दिन में तीसरी घटना, नगर निगम ने गिट्टी डाली

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

इंदौर की सड़कों पर 8 करोड़ रुपए खर्च कर किया गया पैचवर्क सवालों के घेरे में है। बापट चौराहे के पास पैचवर्क के कुछ ही दिन बाद सड़क का एक हिस्सा धंस गया। यहां करीब 4 से 5 फीट चौड़ा और 1 फीट गहरा गड्ढा हो गया। गड्ढे के कारण दिनभर वाहन चालकों को परेशानी हुई। कई दोपहिया वाहन चालक इसमें गिरते-गिरते बचे, जबकि तेज रफ्तार वाहनों को अचानक ब्रेक लगाकर निकलना पड़ा।

खास बात यह है कि पिछले 17 दिनों में सड़क धंसने का यह तीसरा मामला सामने आया है। इससे पहले गोराकुंड चौराहे के पास पानी की लाइन की टेस्टिंग के दौरान सड़क टूट गई थी। वहीं, गाड़ी अड्डा क्षेत्र की वाल्मीकि बस्ती में सड़क का बड़ा हिस्सा धंसने से करीब 20 फीट गहरा गड्ढा हो गया था। नगर निगम ने खराब सड़कों की स्थिति जानने के लिए चार एजेंसियों से सर्वे कराया है। सर्वे में शहर में 70 से ज्यादा ऐसे स्थान चिह्नित किए गए हैं, जहां हाल ही में किया गया पैचवर्क उखड़ चुका है या सड़क फिर खराब हो गई है। ठेकेदारों का तर्क है कि सड़कों के नीचे ड्रेनेज और पेयजल लाइन के लिए हुई खुदाई के बाद सही तरीके से रेस्टोरेशन नहीं होने के कारण डामर बैठ रहा है। हालांकि, सवाल यह है कि जब सड़क की मरम्मत पर करोड़ों रुपए खर्च किए गए हैं तो कुछ ही दिनों में वही सड़क दोबारा क्यों धंस रही है। शहर में रिंग रोड, सुभाष मार्ग, एबी रोड की सर्विस रोड और अटल द्वार से लक्ष्मी मेमोरियल तक का हिस्सा भी खराब सड़कों की सूची में शामिल है।

# बिग बास्केट, हेडली पिज्जा समेत तीन का फूड लाइसेंस निलंबित

### कॉकरोच, काला तेल-जंग लगे गंदे बर्तनों का हो रहा था इस्तेमाल

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर



इंदौर में खाद्य सुरक्षा नियमों के उल्लंघन पर खाद्य सुरक्षा प्रशासन ने बिग बास्केट, सोशल और हेडली पिज्जा के फूड लाइसेंस निलंबित कर दिए हैं। कलेक्टर शिवम वर्मा के निर्देशन में हुई जांच में तीनों प्रतिष्ठानों में अलग-अलग गंभीर कमियां मिलीं।

हेडली पिज्जा में कॉकरोच, जंग लगे बर्तन और जले हुए काले तेल का इस्तेमाल मिला। सोशल में वेज और नॉनवेज खाना एक ही डीप फ्रीजर में रखा था, जबकि बिग बास्केट में खाद्य सामग्री के साथ अखाद्य सामान रखा मिला। तीनों को पहले सुधार सूचना पत्र दिया गया था, लेकिन तय समय में कमियां दूर नहीं करने पर लाइसेंस निलंबित कर दिए गए।

स्कीम नंबर 54 स्थित जेमीनी मॉल के हेडली पिज्जा में जांच के दौरान फ्रीजर और फर्श पर कॉकरोच मिले। जंग लगे और गंदे बर्तनों का इस्तेमाल किया जा रहा था। खाद्य पदार्थ जले हुए काले तेल में तले जा रहे थे और मोकटेल बनाने वाले प्लेटफॉर्म पर भी जंग लगी मिली।

किचन के दरवाजे के नीचे खाली जगह थी, जिससे कीड़े-मकौड़े अंदर आ सकते थे। कुछ बर्तन नॉन-टॉक्सिक मटेरियल के नहीं पाए गए। तैयार खाने, कच्चे माल और खाना बनाने में इस्तेमाल पानी की एनएबीएल लैब जांच रिपोर्ट भी उपलब्ध नहीं थी। जांच में पर्याप्त रोशनी, सफाई और बर्तन साफ करने की उचित व्यवस्था नहीं मिली। खाने का तापमान जांचने की व्यवस्था, खरीद बिल और पेस्ट कंट्रोल के रिकॉर्ड भी नहीं मिले। कर्मचारियों के मेडिकल फिटनेस सर्टिफिकेट भी उपलब्ध नहीं थे।

### एमआर-10 स्थित सोशल में एक ही फ्रीजर में वेज-नॉनवेज रखे मिले

एमआर-10 स्थित सोशल रिंग रोड में साफ-सफाई से जुड़ी कमियां मिलीं। स्टोर रूम के दरवाजे खुले थे और वेज-नॉनवेज खाना एक ही डीप फ्रीजर में रखा मिला। कर्मचारियों के मेडिकल फिटनेस सर्टिफिकेट, पानी की जांच रिपोर्ट और खाने की एनएबीएल लैब जांच रिपोर्ट उपलब्ध नहीं थी। सामान रखने की व्यवस्था ठीक नहीं थी और डस्टबिन खुले मिले।

पुरुषों की शक्ति वर्धक दवाईयाँ मिलती है
(25 वर्षों से आपकी सेवा में)
भास्कर आयुर्वेदिक
32, बहादुरगंज, उज्जैन समय- सुबह 11 से 3 बजे तक शाम 6 से 9 बजे तक मो. 98263-71718

तुरंत आवश्यकता
आवश्यकता है सेल्स बॉय और सेल्स गर्ल की वेतन 8000 से 20000 तक
अंकुर जैन, जैन गाउन हाउस, 8 शंकु मार्ग अपोजिट एल एम कॉम्पलेक्स फ्रीगंज उज्जैन मो. 9820871749

श्री गणेश बैंड उज्जैन
हमारे यहां घोड़ी, बग्गी, हाथी, ऊंट, लाइट, जनरेटर, लाजमा, ताश पार्टी, ढोल पार्टी, फूल की तोप, दूल्हन की ढोली, गाड़ी वाली लाइट, नाचने वाली घोड़ी आदि उपलब्ध है।
मास्तर : विजय सिंह सरगरा
Mob. 9981908694, 7828525454, 7067237220
अंकपात मार्ग, मीणा धर्मशाला, अंकपात मार्ग गायत्री शक्तिपीठ के पास जीवाजीगंज थाना ढोली गली, उज्जैन

जय श्री महाकाल
ऑल कंस्ट्रक्शन वर्क के लिए एजेक्स फ्लोरी 2300 के.जी. किराये से 24 घंटे उपलब्ध है।
ए.के. सिंह मो. 7748813792
सिविल इंजीनियर की आवश्यकता है।
देवास रोड, आरके क्लब कॉलोनी, अभिलाषा के पीछे, उज्जैन

सीमेन्ट आर्टिकल के थोक एवं खेरची विक्रेता
ए.के. ट्रेडर्स
फ्रन्ट एलीवेशन, फैन फ्लावर, फ्लावर बार्डर, कालम कुम्भी, कवेलु ब्लाक, बिल्सी, राजधानी पैटर्न मेहराब खम्बे डिजाईन वाले, लालटेन, तोड़ी पे. आर.सी.सी. चेम्बर, ड्रेनेज लाईन एवं समस्त
ऑफिस : 220/5, नामदार, रवीदास धर्मशाला के सामने, उज्जैन (म.प्र.)
अखलाक हुसैन, मुस्तकिम हुसैन
मोबाइल 9827253852, 83192 9962, 7869555897

हस्तरेखाएं बोलती है कब? क्यों? कैसे?
जीवन की कठिन परेशानियों व्यापार नहीं चलना, विवाह या प्रेम विवाह में बाधा, कर्ज का बोझ, गृह कलेश, मानसिक अशांति व आर्थिक समस्याओं का सटीक हल प्राप्त करें। शुद्ध जन्म पत्रिका बनवाने व पत्रिका मिलान हेतु सम्पर्क करें।
पं. रुपेश रमेशचंद्र नाहर
(M.A. Astrologer)
प्रसिद्ध ज्योतिषाचार्य, भारतीय ज्योतिष विज्ञान संस्थान
नानाखेड़ा बस स्टेण्ड के पीछे, ए-5/8, महाकाल वाणिज्य केन्द्र, सांई पैलेस होटल के सामने, उज्जैन
नोट- फोन पर समय लेकर मिले। समय दोपहर 1 से 5 बजे तक
मोबाइल- 9827007312, 98277-33384
(web.www.jyotishdham.in)

बिना ऑपरेशन कान के मवाद से मुक्ति
कटे कान जुड़वाएं
किडनी की पथरी का अंत तुरंत
निःशुल्क दवा प्राप्त करें
डॉ. पी.पी. ओझा
कर्ण रोग विशेषज्ञ
9425360006, 9425107617
प्रति शनिवार को मिले
निकास चौराहा बुधवारिया, उज्जैन

मुद्रक/प्रकाशक सुरेन्द्र मेहता द्वारा अवन्तिका प्रकाशन के लिए अवन्तिका ऑफसेट, 2, रानी लक्ष्मीबाई मार्ग, उज्जैन से मुद्रित एवं प्रकाशित। सम्पादक : सुरेन्द्र मेहता। फोन – उज्जैन : 0734-4041777, 9827771777, इन्दौर : 0731-4085777, 9827772777 e-mail : awantikapress@yahoo.com